फाल्गुन कृष्ण पक्ष, द्वितीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 26 फरवरी 2024
वर्ष 5, अंक 100, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





अनंत-राधिका का प्री वेडिंग सेलिब्रेशन 1 से 3 मार्च तक 14

करीना और तब्बू की फिल्म 'क्रू' का टीजर रिलीज 13


## हादसा टला : बिना ड्राइवर के 78 किमी. तक दौड़ी मालगाड़ी

होशियारपुर, एजेंसी



- कठुआ में ड्राइवर बदलने के दौरान चल पड़ी मालगाड़ी
- पंजाब में ऊंची बस्सी के पास बोरियां लगाकर रोकी गई

पंजाब में जम्मू-जालंधर रेल खंड पर ऊंची बस्सी (मुकेरिया) के पास बिना लोकोमोटिव पायलट के चल रही एक मालगाड़ी के रुक जाने से रविवार को एक बड़ी दुर्घटना टल गई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, बिना लोकोमोटिव पायलट के चल रही क्रशर से भरी मालगाड़ी को आज ऊंची बस्सी के पास रोक दिया गया।

मानवरहित ट्रेन ने बिना पायलट के 78 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की थी। रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के कठुआ में ड्राइवर बदलने के दौरान मालगाड़ी ढलान वाली पटरी पर लुढ़कने लगी। पंजाब के ऊंची बस्सी के पास रेत की बोरियों की मदद से ट्रेन को सफलतापूर्वक रोका गया। घटना की गहन जांच अभी चल रही है और जिम्मेदार लोगों पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# कांग्रेस में नहीं थी इच्छाशक्ति, हमने बदल दी देश की तस्वीर

द्वारका (गुजरात), एजेंसी



- देश के सबसे लंबे केबल स्टे ब्रिज सहित कई परियोजनाओं का किया लोकार्पण
- स्कूबा डाइविंग कर समुद्र में डूबी द्वारका नगरी के दर्शन व पूजा-अर्चना भी की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने देश के सबसे लंबे केबल स्टे ब्रिज सहित विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। पंचकुई समुद्र तट पर स्कूबा डाइविंग की और पानी में डूबी भगवान कृष्ण की प्राचीन द्वारका नगरी के दर्शन करने के साथ ही वहां पूजा-अर्चना भी की। उन्होंने जनसभा में कहा कि मैंने गहरे समंदर के भीतर जाकर प्राचीन द्वारका जी के दर्शन किए जो मेरे लिए एक दिव्य अनुभव था। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि पिछली सरकार में जमकर घोटाले हुए। कहा कि आपने 2014 में मुझे दिल्ली की गद्दी पर बैठाया, जिसके बाद से देश विकास के पथ पर चल पड़ा। पहले की सरकार में इच्छाशक्ति नहीं थी, आज चारों दिशाओं में निर्माण कार्य चल रहा है।

मोदी ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की कर्मभूमि द्वारका धाम को मैं श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि हमने वो दिन भी देखे हैं, जब सौराष्ट्र के लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष करते थे। जब मैं कहता था कि जिन नदियों में साल भर पानी रहता है, उनका पानी सौराष्ट्र और कच्छ में लाया जाएगा, तो कांग्रेस मेरा मजाक उड़ाती थी, लेकिन आज सौनी योजना ने सौराष्ट्र का भाग्य बदल दिया है। 1300 किमी से अधिक लंबी पाइपलाइन बिछाई गई है, जो इतनी चौड़ी है कि उसमें से एक कार गुजर सकती है, सैकड़ों गांवों में अब पानी पहुंच गया है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- स्कूबा डाइविंग के दौरान हुआ दिव्य अनुभव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि स्कूबा डाइविंग कर द्वारका नगरी में प्रार्थना करना बहुत ही दिव्य अनुभव था। सफेद डाइविंग हेलमेट और गेरुआ वस्त्र पहने मोदी समुद्र तल पर पालथी मारकर बैठे और हाथ जोड़कर भगवान की प्रार्थना की। इस दौरान नौसेना के गोताखोरों ने उनकी इसमें मदद की। इससे पहले मोदी हाथ में मोर पंख लिए वहां पहुंचे और उसे भगवान कृष्ण को अर्पित किया। पानी से बाहर आने के बाद मोदी ने कहा कि साहस से कहीं अधिक, यह आस्था था। स्कूबा डाइविंग बेट द्वारका द्वीप के पास द्वारका के तट पर कराई जाती है, जहां लोग पुरातत्वविदों द्वारा खोजी गई समुद्र में डूबी प्राचीन द्वारका के मौजूद अवशेषों को देख सकते हैं। मोदी ने बाद में यहां एक सभा को संबोधित करते हुए अपने अनुभव साझा किए।

### ओखा-बेट द्वारका को जोड़ता है सुदर्शन सेतु

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में ओखा और बेट द्वारका को जोड़ने वाले 978.93 करोड़ रुपये के अनुमानित खर्च से निर्मित देश के सबसे लंबे केबल-आधारित ब्रिज 'सुदर्शन सेतु' का रविवार को लोकार्पण किया। मोदी ने शिला पट्टिका का अनावरण कर 'विकसित भारत, विकसित गुजरात' के संकल्प को साकार करने वाले और देवभूमि द्वारका जिले सहित गुजरात की विशिष्ट पहचान बनने वाले इस सुदर्शन सेतु को आम लोगों के लिए खोला। भगवान द्वारकाधीश की पावन भूमि के सर्वांगीण विकास की गति को तेजी देने वाले सुदर्शन सेतु के थ्री-डी मॉडल को देखकर उन्होंने विस्तृत जानकारी हासिल की। इस अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल उनके साथ मौजूद रहे।













# युवाओं के साथ खिलवाड़ राष्ट्रीय पाप, दोषी घर के रहेंगे न घाट के

## पुलिस भर्ती परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक मामले में मुख्यमंत्री ने दी चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- योगी बोले, ऐसी कठोर नजीर पेश करेंगे कि लोग याद रखेंगे
- मुख्यमंत्री की मौजूदगी में 18 सौ चयनितों को दिया नियुक्ति पत्र

**अमृत विचार** : पुलिस भर्ती परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसे तत्वों को खुली चेतावनी दी है जो युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रहे हैं। योगी ने दो टूक कहा है कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना राष्ट्रीय पाप है और इसमें लिप्त लोगों को ऐसा सबक सिखाया जाएगा कि वो ना घर के रहेंगे ना घाट के। ऐसे तत्वों के खिलाफ होने वाली कार्रवाई भविष्य के लिए नजीर के रूप में याद रखी जाएगी।

रविवार को लोकभवन में विभिन्न विभागों में करीब 18 सौ पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। योगी ने यहां कहा कि हमारा पहले दिन से ही संकल्प है कि नियुक्ति की प्रक्रिया अगर ईमानदारी से आगे नहीं बढ़ पा रही है तो ये युवाओं के साथ खिलवाड़ है और अपनी प्रतिभा को पलायन के लिए मजबूर करता है। अगर युवा के साथ अन्याय होता है तो यह राष्ट्रीय पाप है।

मुख्यमंत्री के मुताबिक, हम सभी तकनीक का उपयोग करते हैं, इसी तरह ऐसे तत्व भी तकनीक का उपयोग गलत कार्य के लिए करते हैं। कई बार सोचता हूं कि वो लोग तकनीक का इस्तेमाल करके अच्छे काम करते तो आगे बढ़ते और खुशहाल होते। मगर अब वे न घर के रहेंगे न घाट के और सरकार की कार्रवाई ऐसी होगी कि जो दूसरों के लिए नजीर बनेगी। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, एके शर्मा, राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र, मयंकेश्वर शरण सिंह, दिनेश खटीक, रामकेश निषाद आदि मौजूद रहे।

### इन अभ्यर्थियों को योगी ने सौंपे नियुक्ति पत्र

सिंचाई विभाग में अवर अभियंता पद पर लखनऊ के शुभम वर्मा, हरदोई की अनीता राजपूत को। आवास विकास परिषद् में अवर अभियंता पद पर अमर वर्मा और मैनपुरी की कामिनी कमल को। आयुष विभाग में आयुर्वेद चिकित्साधिकारी पद पर डॉ. विजया लक्ष्मी, डॉ .रेनू यादव को। दंत चिकित्सक अनिमेष त्रिपाठी और डॉ .आशुतोष श्रीवास्तव को। समीक्षा अधिकारी सचिवालय प्रशासन में पंकज कुमार को। प्रशासनिक सुधार विभाग में निरीक्षक पद पर प्रशांत श्रीवास्तव को। पॉवर कॉपोरेशन में टेक्नीशियन इलेक्ट्रिकल पद पर नीलम गौतम और हर्षित सिंह चौहान को। गृह विभाग में सहायक अभियोजन अधिकारी ऋचा सोनकर और अनुज तिवारी को मुख्यमंत्री ने अपने हाथों नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

### इन विभागों में इतने पदों पर चयनित हुए अभ्यर्थी

उप्र. लोक सेवा आयोग, उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग एवं विद्युत सेवा आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत 1782 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया है। इसमें पावर कॉरपोरेशन के विभिन्न पदों पर 852, दंत चिकित्सक के लिए 141, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी के लिए 391, समीक्षा अधिकारी हिंदी/उर्दू (सचिवालय) के लिए 14, सहायक अभियोजन अधिकारी के 42, अवर अभियंता (आवास विभाग) के लिए 123, अवर अभियंता (सिंचाई) के लिए 210, निरीक्षक (राजकीय कार्यालय निरीक्षणालय, प्रयागराज) के लिए 9 पदों पर अभ्यर्थियों का चयन हुआ है।

# कौशांबी में पटाखा फैक्ट्री में हुआ विस्फोट, आठ लोगों की गई जान

संवाददाता, प्रयागराज/कौशांबी



विस्फोट के बाद लगी आग को बुझाने का प्रयास करते अग्निशमनकर्मी।

- जनपद के कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे का मामला
- धमाके से कई मकानों में भी आईं दरारें, 12 मजदूर घायल

> पटाखा फैक्ट्री में भीषण हादसे में आठ लोगों की मौत हुई है और लगभग एक दर्जन से अधिक लोग घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।
>
> -**भानु भास्कर**, एडीजी जोन, प्रयागराज

**अमृत विचार** : कौशांबी जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में भरवारी कस्बे में रविवार सुबह 11:30 बजे एक पटाखा फैक्ट्री में जोरदार विस्फोट हुआ। जिसके चलते फैक्ट्री में भीषण आग लग गई, जिसमें फैक्ट्री मालिक शराफत समेत आठ लोगों की मौत हो गई। जबकि एक दर्जन से ज्यादा मजदूर झुलस गए। विस्फोट तेज होने के चलते आसपड़ोस के कई मकानों में भी दरारें आई हैं। सूचना मिलने पर एडीजी व एसपी समेत पुलिस के आला-अफसर मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू की।

पुलिस के मुताबिक कौशांबी के कोखराज थाना क्षेत्र में भरवारी कस्बे के वार्ड नंबर 23 में खलीलाबाद के रहने वाले शराफत अली ने अपने घर के पास पटाखा फैक्ट्री लगाई है। यह फैक्ट्री शराफत अली न्यू रंगोली फायर वर्क्स के नाम से है। फैक्ट्री में सुबह करीब 11:30 बजे जब 18-20 मजदूर पटाखा बनाने में व्यस्त थे। इसी बीच जोरदार विस्फोट हुआ। धमाके से कई लोगों के चीथड़े उड़ गए। आसपास के खेतों में उनके शरीर के अंग बिखरे मिले। चार घंटे तक रुक-रुककर धमाका होता रहा। धमाके की वजह से फैक्ट्री में आग लग गई। सूचना मिलते ही एडीजी प्रयागराज जोन भानु भास्कर और एसपी कौशांबी बृजेश श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे। हादसे में फैक्ट्री मालिक शराफत अली और उसके एक बेटे सहित आठ लोगों की मौत हुई है। वहीं बबलू पटेल, दीना पटेल, अशोक पटेल समेत एक दर्जन से अधिक झुलसे लोगों का इलाज स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज में चल रहा है। मृतकों की पहचान शिव नारायण (30) पुत्र भोलानाथ, कौशल अली और शराफत अली, शिव नारायण पटेल, शाहिद अली पुत्र शराफत अली, शिवकांत (25) पुत्र राम भवन निवासी अंबहा के रूप में की गई।

## एक नजर

### सीएम करेंगे एम्युनेशन कांप्लेक्स का लोकार्पण





**कानपुर।** साढ़ में स्थापित डिफेंस कॉरिडोर में अडाणी समूह द्वारा स्थापित किए गए एम्युनेशन कांप्लेक्स का सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडेय उद्घाटन करेंगे। वे 3 .45 बजे साढ़ स्थित हेलीपैड पर पहुंचेंगे और वहां से 4 .50 बजे रवाना हो जाएंगे। मुख्यमंत्री और सेनाध्यक्ष यहां बनने वाले उत्पादों की जानकारी लेंगे। यह एशिया का सबसे बड़ा एन्युमेशन कॉम्प्लेक्स होगा। डिफेंस कॉरिडोर में शुरू होने वाली अडाणी समूह की यूनिट सेना में इस्तेमाल किए जाने वाले लघु शस्त्र से लेकर तोप-गोला तक बनाएगी।

### हीरानंदानी समूह के प्रवर्तकों को किया तलब

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन मामले में रियल एस्टेट डेवलपर हीरानंदानी समूह के प्रवर्तकों निरंजन हीरानंदानी और उनके बेटे दर्शन हीरानंदानी को पूछताछ के लिए 26 फरवरी को तलब किया है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया कि निरंजन एवं दर्शन हीरानंदानी को केंद्रीय एजेंसी के मुंबई स्थित कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है, लेकिन वे एक अधिकृत प्रतिनिधि के जरिए अपनी प्राथमिक प्रतिक्रिया देने का विकल्प चुन सकते हैं।

# सिपाही भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले 391 आरोपियों को एसटीएफ ने दबोचा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश के साथ ही हरियाणा, दिल्ली और बिहार के रहने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया
- भारी मात्रा में नकदी, मोबाइल, इलेक्ट्रानिक डिवाइस व कूट रचित दस्तावेज बरामद

**अमृत विचार** : राज्य सरकार ने उप्र पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक मामले में बड़ी कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पुलिस और एसटीएफ ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में छापेमारी कर 391 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। बड़ी संख्या में संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने पुलिस भर्ती परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक मामला सामने आने पर अभ्यर्थियों के हित में फैसला लेते हुए परीक्षा को रद कर दिया था। साथ ही पुलिस और एसटीएफ को आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद पुलिस और एसटीएफ सक्रिय हो गई और विभिन्न जिलों में छापेमारी कर 391 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस और एसटीएफ ने आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में कूट रचित दस्तावेज (आधार कार्ड, प्रवेश पत्र), अंगुल छाप पेपर, पासबुक, चेकबुक, स्टाम्प, स्याही पैड, सिलिकॉन पट्टी समेत नकदी बरामद की है। इसके साथ ही मोबाइल फोन, फर्जी आंसर की, नकल पर्ची, मूल अंकपत्र, ब्लूटूथ, इलेक्ट्रानिक डिवाइस, वॉकी-टॉकी आदि बरामद किया है। पुलिस कार्रवाई में उत्तर प्रदेश के साथ हरियाणा, बिहार और दिल्ली के आरोपी दबोचे गए हैं। वहीं पुलिस और एसटीएफ के राडार पर कई और गिरोह हैं, जिन पर निगरानी की जा रही है।



**हम साथ-साथ हैं** : आगरा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लोगों का अभिवादन करते कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव। हाल ही में लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की सीटों के बंटवारे को लेकर दोनों दलों में समझौता हुआ, जिसके बाद पहली बार अखिलेश यादव न्याययात्रा में शामिल होने आगरा पहुंचे।

## सुरक्षाकर्मियों से मुठभेड़, छत्तीसगढ़ में तीन नक्सली मारे गए

**कांकेर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में रविवार सुबह तीन नक्सली मारे गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। कांकेर के पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलिसेला ने बताया कि सुरक्षा कर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर थी, तभी कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र के तहत भोमरा-हुरतराई गांवों के बीच एक पहाड़ी पर सुबह करीब आठ बजे मुठभेड़ हुई। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों को भोमरा, हुरतराई और मिच्छेबेड़ा गांवों में माओवादियों की कंपनी नंबर 5 के कैडर की मौजूदगी की जानकारी मिली थी।

## फ्लीट हादसे में दो लोगों की हुई मौत, घायलों से मिले मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** अर्जुनगंज में मरी माता मंदिर के समीप शनिवार देर शाम हुए हादसे में सीएम फ्लीट की एंटी डेमो गाड़ी के सामने कुत्ता आने से हुए हादसे में 15 लोग घायल हुए थे। देर रात इलाज के दौरान ट्रॉमा में प्रिया (14) और नीलम (35) ने दम तोड़ दिया। अन्य 13 घायलों का इलाज चल रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार सुबह केजीएमयू ट्रामा सेंटर पहुंचे, मृतकों के परिजनों से शोक संवेदना प्रकट की और घायलों के परिजनों का ढांढस बंधाया। योगी ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। मृतकों के परिजनों ने 50 लाख मुआवजा, नौकरी और आवास की मांग की है। हादसे में छह पुलिस कर्मियों समेत 15 लोग घायल हो गए थे। इसमें से प्रिया और नीलम की देर रात मौत हो गई। अर्जुनगंज के गयानंद पुरा निवासी संतोष की बेटी प्रिया निजी स्कूल में कक्षा-7 की छात्रा थी जबकि नीलम अर्जुनगंज की रहने वाली थी। दोनों सब्जी लेने घर से निकलीं थीं।

## रितेश भाजपा में, बसपा के कई सांसद विकल्प की तलाश में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बसपा कमजोर नहीं, लोग स्वार्थ साधने के लिए भटक रहे : मायावती



**अमृत विचार** : बहुजन समाज पार्टी को लोकसभा चुनाव से पहले पूर्वांचल से बड़ा झटका मिल सकता है। पार्टी के कई सांसद नए विकल्प तलाश रहे हैं। अंबेडकर नगर से बसपा सांसद रितेश पांडे ने पार्टी से इस्तीफा देने के ठीक दो घंटे बाद ही रविवार को भाजपा का दामन थाम लिया। वहीं, बसपा के जौनपुर सांसद श्याम सिंह यादव के भी शीघ्र कांग्रेस में शामिल होने की संभावना है। इस बीच पार्टी प्रमुख मायावती ने एक्स पर प्रतिक्रिया दी कि, बसपा कमजोर नहीं, लोग स्वार्थ साधने के लिए भटक रहे हैं।

श्याम सिंह यादव रविवार को आगरा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल हुए, बजट सत्र के दौरान राहुल गांधी से मिले थे। दो सांसद पहले ही पार्टी छोड़ चुके हैं। अमरोहा के सांसद कुंवर दानिश अली को बसपा से निकाल दिया था। वहीं, गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी सपा में चले गए हैं। बिजनौर से बसपा सांसद मलूक नागर के रालोद में शामिल होने के भी कयास लगाए जा रहे हैं। लालगंज से सांसद संगीता आजाद के भाजपा में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही हैं।

# सिंघू और टीकरी सीमा से हटाए अवरोध

नई दिल्ली/चंडीगढ़, एजेंसी

- सीमा पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को सतर्क रहने और कड़ी निगरानी के निर्देश
- हरियाणा में विगत दो सप्ताह से निलंबित मोबाइल इंटरनेट सेवा बहाल की गई

किसानों के राष्ट्रीय राजधानी की ओर प्रस्तावित मार्च को रोकने के बाद दिल्ली पुलिस ने रविवार को सिंघू और टीकरी सीमाओं पर अवरोधकों के एक हिस्से को हटाकर यात्रियों के लिए एक मार्ग की व्यवस्था की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम यात्रियों के लिए पॉइंट-ए से पॉइंट-बी तक बैरियर का एक हिस्सा हटा रहे हैं। पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती से 24 घंटे कड़ी निगरानी सुनिश्चित होगी। बल की तैनाती यथावत रहेगी। फिलहाल वाहनों की आवाजाही की अनुमति नहीं होगी । दूसरी ओर किसानों के दिल्ली चलो आंदोलन के मद्देनजर हरियाणा के सात जिलों में करीब दो सप्ताह पहले निलंबित की गई मोबाइल इंटरनेट सेवा को रविवार को बहाल कर दिया गया।

शहर की पुलिस ने रविवार को उन यात्रियों के लिए दो विशाल सीमेंट अवरोधक हटा दिए, जो सिंघू और टीकरी सीमाओं पर एक छोटे मार्ग का उपयोग करके दिल्ली की ओर आते हैं। अवरोधक के कारण लोगों को हर दिन एक किलोमीटर से अधिक की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। एक संकरा रास्ता है, जहां से केवल एक ही व्यक्ति जा सकता है। लेकिन अब पुलिस लोगों के लिए बैरियर हटा रही है। दिल्ली पुलिस ने शहर के टीकरी, सिंघू और गाजीपुर सीमा बिंदुओं पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने अभ्यास भी किया।

### दिल्ली कूच के लिए शंभू, खनौरी सीमा पर डटे हुए हैं किसान

दूसरी ओर दिल्ली चलो मार्च को सुरक्षा बलों द्वारा 13 फरवरी को रोके जाने के बाद से प्रदर्शनकारी किसान हरियाणा से लगी पंजाब की खनौरी और शंभू सीमाओं पर डेरा डाले हुए हैं। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने शुक्रवार को कहा था कि प्रदर्शनकारी 29 फरवरी तक दोनों सीमा बिंदुओं पर डेरा डाले रहेंगे। दिल्ली चलो मार्च को खनौरी में हुई झड़प में एक प्रदर्शनकारी किसान की मौत हो जाने और लगभग 12 पुलिस कर्मियों के घायल होने के बाद किसान नेताओं ने रोक दिया था।

एक नजर

### घर के बाहर खड़ी कार का तोड़ा शीशा, बोनट खोलकर की चोरी

बदायूं। घर के बाहर खड़ी कार का शीशा तोड़ दिया गया। बोनट खोलकर उसमें बैट्री समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। पीड़िता ने अपने बेटे को तहरीर लेकर भेजा लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र में माल गोदाम रोड निवासी मधु वार्ष्णेय ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि सात जनवरी को रात लगभग ढाई बजे उनकी कार घर के बाहर खड़ी थी। किसी ने कार का शीशा तोड़ दिया। बोनट खोलकर बैट्री, इंजन कंट्रोल यूनिट और अन्य सामान चोरी कर लिया। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। उन्होंने अपने बेटे मयूर वार्ष्णेय को तहरीर लेकर थाने भेजा। लेकिन पुलिस ने रिपोर्टदर्ज नहीं की। जिसके चलते वह मजबूरन कोर्ट की शरण में गईं। अब रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### 28 को मनाया जाएगा जैन मंदिर का वार्षिकोत्सव

बिल्सी। बिसौली-बिल्सी रोड स्थित श्री पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर, पद्मांचल जैन मंदिर का वार्षिकोत्सव 28 फरवरी को मनाया जाएगा। जिसमें कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। समाज के अध्यक्ष मृगांक कुमार जैन ने बताया कि इस मंदिर की आधारशिला ऐलक श्री विज्ञान सागर महाराज द्वारा सन् 2008 में रखी गई थी।

# जिला अस्पताल में तीन घंटे गुल रही बिजली

## इमरजेंसी में आए मरीजों को नहीं मिल सकी ऑक्सीजन की सुविधा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : ये दो केस तो बानगी भर हैं। जिला अस्पताल में इस तरह की समस्या आए दिन देखने को मिलती है। इमरजेंसी में पहुंचने वाले मरीजों को बिजली नहीं होने के कारण ऑक्सीजन सुविधा नहीं मिल पाती है और मजबूरी में डॉक्टर को मरीजों को हायर सेंटर रेफर करना पड़ता है। रविवार को भी जिला अस्पताल में ऐसा ही आलम नजर आया। रविवार को करीब तीन घंटे बिजली गुल रही। इसके चलते इमरजेंसी में आने वाले कई मरीजों को बिजली नहीं होने के कारण रेफर करना पड़ा वहीं अस्पताल में भर्ती मरीजों और तीमारदारों के साथ ही डॉक्टर्स और स्टाफ भी परेशान रहे।

रविवार को सुबह करीब 11 बजे बिजली गुल हो गई जिसके बाद इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को अधिक परेशानी हुई। बिजली न होने से इमरजेंसी में लगा ऑक्सीजन मॉनीटर बंद रहा। आज दो घायल मरीजों को दोपहर को लाया गया, मगर मॉनीटर बंद होने हो उन्हें पूरा उपचार नहीं दिया जा सका।



जिला अस्पताल की इमरजेंसी में बंद पड़े मॉनीटर।

- इमरजेंसी के मॉनिटर रहे बंद, डॉक्टर्स रहे परेशान

"रविवार को अवकाश रहता है। भीड़ नहीं होती है फिर भी इमरजेंसी में मरीजों को ऑक्सीजन लगानी पड़ती है। आज काफी देर तक बिजली सप्लाई ठप रही जिससे स्टाफ को भी दिक्कत हुयी। उसके बाद सप्लाई आते ही इमरजेंसी के मॉनिटर भी चालू हो गये। वैसे आवश्यकता होने पर जनरेटर चलाया जाता है। जिससे किसी जगह पर कार्य बाधित न हो।
–डा. कप्तान सिंह – सीएमएस।

इसके साथ ही एनआरसी वार्ड और हड्डी वार्ड में अंधेरा छाया रहा। मरीजों को करीब तीन घंटे तक अंधेरे में समय गुजार पड़ा। दोपहर बाद दो बजे जब सप्लाई शुरू हुई तो अस्पताल में भर्ती मरीजों ने राहत की सांस ली। साथ ही अस्पताल प्रशासन को भी राहत मिली।

**केस 1** रविवार को थाना मूसाझाग क्षेत्र में रामेश्वर सड़क हादसे में घायल हो गया। दोपहर के समय उसे जिला अस्पताल लाया गया। अंदरूनी चोट लगने के कारण उसे सांस लेने में भी दिक्कत हो रही थी। उसे ऑक्सीन देने की जरूरत थी, लेकिन बिजली नहीं होने से उसको ऑक्सीजन नहीं दी जा सकी। इमरजेंसी में मौजूद डॉक्टर ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद राजकीय मेडिकल कालेज को रेफर कर दिया।

**केस 1** शहर की महिला रामरती को श्वास की परेशानी के चलते रविवार दोपहर को परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। बिजली समस्या के चलते उन्हें ऑक्सीजन नहीं दी जा सकी जिसके बाद डॉक्टर ने उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज को रेफर कर दिया गया।

### नहीं मिल सकी रिपोर्ट

जिला महिला अस्पताल में रविवार को पैथोलॉजी लैब खुलती है। रविवार को लैब में तीन घंटे तक बिजली सप्लाई ठप रहने से मरीजों के ब्लड सैंपल्स की जांच नहीं हो सकी। जो महिलाएं यहां ब्लड की रिपोर्ट लेने को आज पहुंचीं उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा। बिजली न होने से लैब में ब्लड की रिपोर्ट तैयार नहीं हो सकी। लैब टेक्नीशियन ने बताया कि करीब तीन घंटे तक बिजली नहीं आयी जिससे मरीजों की ब्लड रिपोर्ट तैयार नहीं हो सकी। यहां पर बिजली न होने से दूसरी और तीसरी मंजिल पर अंधेरा छाया रहा। प्रसूताओं को भारी परेशानी हुयी। बिजली न होने से प्रसव कक्ष में भी अंधेरा छाया रहा। यहां पर जनरेटर चलाने की व्यवस्था नहीं है। तीन बजे जब सप्लाई शुरू हुयी तो महिला अस्पताल की लाइट जलीं और मरीजों ने राहत की सांस ली।

### नहीं हो सकी डायलिसिस

जिला अस्पताल में तीन घंटे तक बिजली बाधित होने से डायलिसिस यूनिट भी बंद रहा। यहां डायलिसिस कराने आए मरीज काफी देर तक बिजली आने का इंतजार करते रहे। मरीजों ने स्टाफ जनरेटर चला कर डायलिसिस कराने की गुहार की मगर अवकाश होने की बात कह दी गई। काफी देर इंतजार करने के बाद मरीज वापस लौट गए।

## धनौली में गंदगी से परेशान ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

बिल्सी, अमृत विचार: गांव धनौली में लंबे समय गंदगी और जलभराव की समस्या से जूझ रहे आक्रोशित ग्रामीणों ने रविवार को ब्लॉक के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। गांव में लंबे समय से सफाई न होने से संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा बना हुआ है।

- गांव की हर गली में भरा रहता है दूषित पानी, निकलने में होती है परेशानी

ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से गांव के बीचोंबीच कई सड़कों पर जलभराव की समस्या बनी रहती है। लंबे समय से सफाई नहीं कराई गई। सड़कों पर हमेशा पानी भरा रहता है जिस कारण से निकलना भी मुश्किल हो जाता है। संक्रामक रोगों का भी खतरा बना रहता है। अधिकांश नालियां भी कीचड़ से भरी हुई हैं। समस्या को लेकर कई बार तहसील एवं ब्लॉक अंबियापुर के अधिकारियों को अवगत कराया, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। प्रदर्शन करने वालों में अमित कुमार, राममोहन सिंह, लालाराम, जयपाल सिंह, मनोज कुमार गुप्ता, अनूप कुमार सिंह, अर्जुन सिंह, जितेंद्र कुमार, बंगाली बाबू आदि रहे।

# संकुलवार विद्यालय स्तर पर हुई दक्षता परीक्षा



ब्लॉक स्तरीय दक्षता परीक्षा में शामिल बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : दातागंज उपजिलाधिकारी के आदेश पर पांच मार्च को कक्षा 5 से 8 तक के बच्चों की बीआरसी दातागंज पर ब्लॉक स्तरीय दक्षता परीक्षा का आयोजन किया जायेगा ।

प्रथम चरण में संकुलवार विद्यालय स्तर पर दक्षता परीक्षा आयोजित हुई। जिसके प्रश्न पत्र विद्यालय स्तर पर तैयार किये गये। प्रश्नपत्र में 30 प्रश्न थे, जिसमें सामान्य ज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित, सामाजिक विषय के 5 -5 प्रश्न रखे गए। परीक्षा का ब्लॉक स्तरीय अनुश्रवण समिति एवं तहसील स्तरीय अधिकारियों ने निरीक्षण किया, तथा गूगल मीट के माध्यम से भी ऑनलाइन निरीक्षण किया गया। परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चे को विद्यालय स्तर पर सम्मानित किया गया ।द्वितीय चरण में ब्लॉक स्तर पर दक्षता परीक्षा का आयोजन 5 मार्च को किया जाएगा, जिसमें विद्यालय स्तर पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चे प्रतिभाग करेंगे। परीक्षा के समन्वयक फरहत हुसैन ने बताया कि उपजिलाधिकारी की यह अनूठी पहल है। ब्लॉक स्तर पर 90 मिनट में 60 प्रश्नों का जवाब ओएमआर शीट पर देना होगा। प्रश्न उन्हीं की कक्षा के ही होंगे तथा परीक्षा के प्रश्न बहुविकल्पीय होंगे। ब्लॉक स्तर पर कक्षावार टॉप 5 को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा तथा संबंधित शिक्षक को भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उपजिलाधिकारी द्वारा परीक्षा के के लिये ब्लॉक स्तर पर समन्वय समिति का गठन किया गया है।

# गन्ने खेती का रकबा बढ़ाने को कसी कमर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : जिले में गन्ना उत्पादन का रकबा बढ़ाने को गन्ना विभाग ने कमर कस ली है। किसानों के साथ बैठक कर गन्ना की खेती से होने वाले लाभों के बारे में बताया जाएगा और गन्ना खेती का रकबा बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। इसके लिए विभाग ने एक माह पूर्व गन्ना खेती का सर्वे भी कराया था।

जनपद में पिछले साल गन्ना की फसल में बीमारी लग गई थी। रेड रोग लगने से किसानों का गन्ना खेतों में पीला पड़ कर सूखने लगा था। गन्ने में बीमारी लगने से किसानों को भारी नुकसान हुआ था। कई किसानों ने गन्ने की फसल को ही नष्ट कर दिया और दूसरी फसलों को लगाया। गन्ने में रेड रोग लग जाने से किसानों को करीब 35 प्रतिशत का घाटा हुआ था। इस सभी परेशानियों से जूझ रहे कई किसानों ने गन्ने की फसल से तौबा कर ली। विभाग की मानें तो


- किसानों के साथ होगी गोष्ठियां, पैदावार बढ़ाने पर रहेगा जोर

"गन्ना विभाग ने इस साल लगाए जाने वाले गन्ने की फसल को बीमारी से बचाने के लिए गांव-गांव गोष्ठी कर गन्ना किसानों को जागरूक करने का निर्णय लिया है। साथ ही गन्ना का रकबा बढ़ाए जाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। वर्तमान में जितना गन्ने का रकबा है उतना बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है साथ ही जो किसान गन्ने की फसल किन्हीं कारणों से छोड़ रहे हैं उन्हें फिर से परंपरागत गन्ना की खेती करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। अब गोष्ठियों का कार्यक्रम बनाया जा रहा है।
–अशोक कुमार – ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक

इस समय करीब 28 हजार हेक्टेयर में गन्ना किया जाता है। बीमारी लगने के बाद किसानों ने गन्ने की फसल न करने का निर्णय लिया है। पिछले महीने गन्ना विभाग ने जनपद में सर्वे कराया था और किसानों के पास कितना गन्ना कहां-कहां शेष है उसका पूरा ब्योरा एकत्र किया था। सर्वे के दौरान किसानों ने जो समस्या गन्ना की खेती में बताई वह परेशान करने वाली है। इसलिए विभाग को लगता है कि इस साल गन्ना की फसल कम होने वाली है। अब गन्ना विभाग ने जिले में गन्ना का रकबा बढ़ाने को कमर कस ली है। जिले भर में गोष्ठियां की जाएंगी। किसानों के बीच विभाग के अधिकारी और कृषि वैज्ञानिक जाएंगे गन्ने की फसल से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी देंगे। गन्ने की फसल को रेड रोग से बचाने के लिए जागरूक किया जाएगा। उधर चीनी मिल प्रशासन भी गन्ना का रकबा कम होने से चिंतित हैं। चीनी मिल के अधिकारियों ने पिछले महीने शेखूपुर चीनी मिल परिसर में बैठक कर गन्ना खेती की स्थिति का जायजा लिया। गन्ना खेती करने वाले किसानों को गन्ना की फसल को बीमारी से बचाने को उपाय बताए गए और गन्ने का रकबा बढ़ाने पर जोर दिया गया।

## लोस चुनाव को लेकर आज बैठक करेंगे उत्तराखंड के पूर्व सीएम

बदायूं, अमृत विचार : भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि सोमवार को उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत और पूर्व कैबिनेट मंत्री व क्लस्टर प्रभारी सुरेश राणा लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक करेंगे। सुबह 11 बजे नवादा चौराहे के पास बारह पत्थर पहुंचेंगे। साढ़े 11 बजे भाजपा कार्यालय पर लोकसभा व विधानसभा प्रबंध समिति की बैठक करेंगे। दोपहर साढ़े 12 बजे स्वयं सहायता समूह, युवा, खिलाड़ी सम्मेलन और दोपहर 2 बजे जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव के आवास पर भोजन करेंगे। 3 बजे सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य के कैंप कार्यालय पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे।



त्रिवेंद्र सिंह रावत, पूर्व मुख्यमंत्री, उत्तराखंड।

# अंडरपास का आज शिलान्यास करेंगे प्रधानमंत्री

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : जनपद में रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले जाम के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। इस परेशानी को दूर करने के लिए रेलवे ने अब अंडरपास बनाने का फैसला लिया है। जिले में दस स्थानों पर अंडरपास बनाए जाएंगे। इनका 26 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली में बैठ कर वर्चुअल शिलान्यास करेंगे।

जिले में कई सड़कों पर ट्रेनों को गुजारने के लिए रेलवे लाइन पर क्रॉसिंग बने हैं। ट्रेन गुजरने के समय जब इन क्रॉसिंग को बंद किया जाता है तो दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग जाती है। कई बार स्कूली वाहन और एंबुलेंस भी जाम में फंस जाती हैं। रेलवे क्रॉसिंग पर यह स्थिति दिन में सात से आठ बार होती है। रेलवे क्रासिंग पर यातायात सुचारू बनाए रखने को रेलवे ने अंडरपास बनाने का निर्णय लिया है। शहर में कचहरी रोड स्थित रेलवे क्रासिंग पर अंडरपास बनाया जा चुका है। जिससे अब इस रोड पर यातायात बाधित नहीं होता है। इसी तरह अब अन्य दस स्थानों पर अंडरपास बनाए जाने का निर्णय लिया है। इन सभी का 26 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री का वर्चुअल संबोधन सुनने को



अंडरपास बनाने के लिए काम कर रही जेसीबी। ● अमृत विचार

- जनपद में दस स्थानों पर होगा शिलान्यास, रेलवे ने की तैयारी

नगला शर्की गांव के पास रेलवे ने पूरी तैयारी कर ली है। यहां पर रेलवे प्रशासन द्वारा बड़ी एलईडी लगाई जाएगी। प्रधानमंत्री दोपहर 12 बजे वर्चुअल उद्घाटन करने के बाद देश को संबोधित करेंगे। कुंवरगांव क्षेत्र में खुलीतारपुर, बिनावर, महमदपुर गांव के पास, घटपुरी, खुनक, शहर में नगला शर्की, ओवर ब्रिज और रेलवे स्टेशन के बीच में, बसोमा, गठोना आदि स्थानों पर अंडरपास बनाए जाने हैं।

### स्टेशन पर की गई साफ सफाई

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो की भी रविवार को साफ सफाई की गई। यहां पिछले कई महीनों से कार्य चल रहा था। प्लेटफार्म को ऊंचा करने के बाद सौंदर्यीकरण का कार्य होना है। सोमवार को होने वाले शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने को आ रहे इज्जतनगर के अधिकारी प्लेटफार्म दो का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण से पहले रेलवे प्रशासन ने यहां की साफ सफाई कराई।

"शिलान्यास की सभी तैयारियां कर ली गईं हैं। नगला शर्की गांव के पास के रेलवे क्रासिंग के निकट अंडरपास बनाया जाना है उसी स्थानी पर सोमवार को कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इज्जतनगर से मिले दिशा निर्देश के बाद तैयारी की गयी है।
–विपिन कुमार, स्टेशन मास्टर।

# प्रधानमंत्री के मन की बात सुन चलाया अभियान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 110वें संस्करण को केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने उझानी नगर में सुना, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने गौतरा मंडल में कार्यकर्ताओं के साथ सुनने के उपरांत लाभार्थी संपर्क अभियान भी चलाया। साथ ही आज जिले भर में बूथ स्तर पर जगह- जगह जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने मन की बात सुनी व लाभार्थी संपर्क अभियान भी चलाया।

केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने कहा केंद्र सरकार की नीतियों का ही परिणाम है कि आज देश में कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है, जिसमें देश की नारी शक्ति पीछे रह गई हो। एक और क्षेत्र जहां महिलाओं ने अपनी नेतृत्व क्षमता का बेहतरीन प्रदर्शन किया है, वो है- प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण और स्वच्छता। महिलाओं को केंद्र में



लोगों को संबोधित करते केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा। ● अमृत विचार

रखकर मोदी व योगी सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाएं देकर महिलाओं को लाभान्वित किया है। महिलाओं की सुरक्षा तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार ने अनेक योजनाएं दीं। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 सालों के कार्यकाल में जितने ऐतिहासिक काम हुए हैं उतने आजादी के 60 सालों में भी नहीं हुए हैं। यही कारण है कि तीसरी बार भी देश की जनता मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में देखने को आतुर है।

बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कहा कि मोदी के मन की बात समाज के विभिन्न वर्गों को प्रेरणा देती है। मोदी के मन की बात का कार्यक्रम राजनीतिक नहीं बल्कि सामाजिक कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम के जरिए प्रधानमंत्री खेल संस्कृति समेत विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर काम करने वाले लोगों का संदेश पूरे देश को पहुंचाते हैं। ताकि लोग उनसे प्रेरणा ले सकें।

दातागंज विधायक राजीव कुमार

- भाजपाइयों ने जिले भर में चलाया लाभार्थी संपर्क अभियान

सिंह ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में काफी तेजी से कार्य हुए हैं। इसी का परिणाम है कि आज हमारी नारी शक्ति हर क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही हैं। प्रधानमंत्री की हर बात हमेशा प्रेरणा देने वाली होती है। पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव ने जमरौली गांव में मन की बात सुनी।

इस मौके पर एमपी सिंह राजपूत, गिरीश पाल सिंह सिसोदिया, रानी सिंह पुंढीर, भावेश प्रताप सिंह, अखिल अग्रवाल, अजय तोमर, केशव चौहान, उदयवीर दिवाकर, संतोष सिंह, विजयभान सिंह, विनीत प्रताप सिंह आदि जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने मन की बात सुनी अथवा लाभार्थी संपर्क अभियान चलाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया।

## जैन संत आचार्य विद्यासागर महाराज को दी विनयांजलि

बिल्सी, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला संख्या दो स्थित श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में रविवार को जैन संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की विगत दिनों समाधि हो जाने के बाद आज विनयांजलि सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के मंत्री अनिल कुमार जैन ने की। उन्होंने महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुनि जी का जन्म 10 अक्टूबर 1946 को शरद पूर्णिमा के दिन कर्नाटक के बेलगाँव जिले के सदलगा गांव में हुआ था। इस मौके पर जैन समाज के अध्यक्ष मृगांक कुमार जैन, अनिल कुमार जैन सोनी, नीरज जैन, सुनील जैन, निर्भय जैन, मयंक जैन, नीरेश जैन, रीता जैन, नीलू जैन, रेखा जैन, पूजा जैन, अभिषेक जैन, प्रशांत जैन आदि मौजूद रहे।

# भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद प्रियंका सिंह का हुआ जोरदार स्वागत

संवाददाता, उसावां

अमृत विचार : नगर पंचायत चेयरमैन प्रियंका अनिल सिंह चौहान के लखनऊ में भाजपा प्रदेश कार्यालय में सदस्यता ग्रहण करने के बाद नगर आगमन पर रविवार को जिले की सीमा पर समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। उन्हें बुके, उपहार, प्रतिमा भेंट किए व फूल मालाओं से लादकर ढोल नगाड़ा की धुन पर डांस किया।

नगर पंचायत अध्यक्ष प्रियंका सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उपमुख्यमंत्री बृजेश कुमार पाठक, प्रदेश उपाध्यक्ष बृजबहादुर, महामंत्री व राज्यसभा सदस्य अमरपाल मौर्य के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष प्रियंका



नगर पंचायत अध्यक्ष प्रियंका सिंह का स्वागत करते समर्थक।

अनिल सिंह चौहान का नगरवासियों ने प्रथम आगमन पर शाहजहांपुर जिले की सीमा से सटे पेट्रोल पंप पर फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। स्वागत के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रियंका अनिल सिंह चौहान ने रोड शो भी किया, जिसमें लोगों ने जमकर योगी सरकार के नारे लगाये। नगर के पार्टी कार्यालय पर मंडल अध्यक्ष ओमप्रताप सिंह ने फूल

- नगर आगमन पर समर्थकों ने बजाए ढोल नगाड़े, जगह-जगह हुआ स्वागत

मालाओं और पार्टी का पटका पहना स्वागत किया। नगर के व्यापारियों द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। राम मंदिर की प्रतिमा भेंट की। शाहजहांपुर के नगर मिर्जापुर कलान बाराकलां पटना में भी जोरदार स्वागत किया गया।

स्वागत समारोह के अंत मे प्रियंका अनिल सिंह चौहान ने कहा कि मेरा परिवार सदा भारतीय जनता पार्टी के प्रति समर्पित रहा है और आगे भी आजीवन रहेगा। इसके साथ ही भाजपा के जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, ब्रज प्रांत के अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य, क्षेत्रीय सांसद धर्मेन्द्र कश्यप, विधायक राजीव कुमार सिंह बब्बू भैया, मंडल अध्यक्ष ओम प्रताप सिंह का आभार व्यक्त किया।

# भाकियू चढ़ूनी में शामिल हुए किसान

संवाददाता, कछला

अमृत विचार : भाकियू चढ़ूनी ने सदस्यता अभियान के तहत कछला क्षेत्र के दर्जनों किसानों को भाकियू की सदस्या ग्रहण करायी।

भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष सतीश साहू ने राष्ट्रीय आह्वान पर गांव-गांव किसानों को भाकियू चढ़ूनी की नीतियों से अवगत कराया। साथ ही नए सदस्यों को संगठन की जिम्मेदारी भी सौंपी गई। सदस्यता अभियान के तहत कछला क्षेत्र के ननाखेड़ा, हुसैनपुर पुख्ता सहित अनेक गांवों में दर्जन भर किसानों को सदस्यता ग्रहण कराई गयी। भाकियू चढ़ूनी के जिलाध्यक्ष सतीश साहू ने कहा किसानों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सतीश साहू ने बताया सोमवार को सदस्यता अभियान के क्रम में कादरचौक ब्लॉक पर मासिक पंचायत कर नई कमेटी गठित की जाएगी।



भाकियू चढ़ूनी की सदस्यता ग्रहण करते किसान। ● अमृत विचार

इस मौके पर अर्जुन, हरपाल, अशोक, मानपाल, धीरज, विजय कुमार, सोनू, राजेन्द्र, कालीचरण, रवि, धर्मवीर, पप्पू, सोरन, वीरेश, मुनेंद्र, बाबू, रहीस आदि मौजूद रहे।

### रास्ता रोककर पीटा, पिता और दो बेटों पर रिपोर्ट दर्ज

उझानी। उझानी कोतवाली क्षेत्र के वार्ड 9 निवासी कमरुद्दीन ने सीओ से शिकायत करके बताया कि 30 जनवरी 2023 को रात लगभग 8 बजे उनकी नातिन अलीशा की बरात आई थी। उनका बेटा यूसुफ सामान ढो रहा था। इसी दौरान पुरानी रंजिश के चलते वार्ड एक निवासी जलालुद्दीन अपने बेटे यामीन और यासीन को लेकर आ गए। यूसुफ का रास्ता रोक लिया। गाली-गलौज शुरू कर दी। मना करने पर उन्होंने यूसुफ को लात-घूसे से पीटना शुरू कर दिया। पास में खड़े रामू और प्रदीप उन्हें बचाने पहुंचे तो उन्हें लोहे के पाइप से पीटा। वह चोटिल हो गए। वह लोग जान से मारने की धमकी देकर चले गए। सीओ के निर्देश पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट और धमकाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# राजनीति में पाल समाज को दी जाए भागीदारी

संवाददाता, उघैती

अमृत विचार : पाल धनगर समाज के तत्वाधान में गांव खितौरा स्थित माध्यमिक विद्यालय में पाल समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि पाल महासभा के अध्यक्ष नेम सिंह बघेल, कैप्टन रन सिंह बघेल एवं चन्द्रभान सिंह बघेल एडवोकेट ने माता अहिल्याबाई होल्कर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर सम्मेलन की शुरुआत की। उसके बाद समाज के पदाधिकारियों ने अतिथियों को मां ताप्ती जी का छायाचित्र और शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। युवक-युवतियों ने मंच पर अपना परिचय दिया। पाल महासभा के समन्वयक सुरेश चंद्र आर्य ने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने का आह्वान किया।




परिचय सम्मेलन में मंच पर बैठे पाल समाज के लोग। ● अमृत विचार

मोतीलाल, तिलक सिंह बघेल (प्रधान), डॉ. डोरीलाल बघेल, नरेन्द्र सिंह बघेल ने समाज के बुजुर्गों का शॉल श्रीफल देकर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन संतलाल ने किया। अध्यक्ष ने कहा कि पूरे भारत में गड़रिया पशुपालक

- पाल बघेल धनगर समाज के परिचय सम्मेलन में बच्चों को शिक्षित करने का किया आह्वान

समाज की जनसंख्या 15 से 16 करोड़ है फिर भी जाति का एक भी व्यक्ति लोकसभा या राज्यसभा में नहीं है। महात्मा रामस्वरूप बघेल ने कहा राजनीति में समाज के लोगों को हिस्सा लेना चाहिए। कार्यक्रम का समापन बुद्ध पाल बघेल ने किया । इस मौके पर ओम प्रकाश बघेल, किशन पाल (प्रधान ) टिंकू बघेल, भुवनेश पाल, नेत्रपाल पाल, लाला बुद्धसेन, प्रेम सिंह पाल, दिनेश पाल, टीटू पाल, डा. सुरेन्द्र सिंह बघेल, हरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।


Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com 7388913338, 8005423919


शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# टूट गईं ट्रैफिक लाइटें, बेतरतीब दौड़ रहे वाहन

## नगर पालिका परिषद बदायूं ने लगवाई थीं ट्रैफिक लाइट, खर्च हुए थे 48 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शहर में यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। जगह-जगह बैरियर लगाकर वाहनों का आवागमन सही कराया जा रहा है लेकिन तकरीबन 48 लाख रुपये खर्च कर शहर में लगवाई गईं ट्रैफिक लाइटें सही नहीं कराई जा रही हैं। बहुत सी ट्रैफिक लाइटें टूट गई हैं। जिसके चलते यातायात नियमों का पालन नहीं हो पा रहा है। बेतरतीब वाहन दौड़ रहे हैं यातायात पुलिसकर्मी और होमगार्डों के रोकने पर वाहन सवार भाग जाते हैं।

जाम की समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए नगर पालिका परिषद ने शहर के नवादा चौराहा, लालपुल तिराहा पर ट्रैफिक लाइटें लगवाई थीं। सड़कों पर जेब्रा क्रासिंग भी बनाई गई। लगभग दो सप्ताह तक यातायात नियमों का पालन हुआ लेकिन फिर ट्रैफिक लाइटें खराब हो गईं। जिसके बाद शहर के भामाशाह चौक, लाबेला चौक, इंद्राचौक, दातागंज तिराहे पर ट्रैफिक लाइटें लगीं। यातायात पुलिसकर्मी और होमगार्डों ने ट्रैफिक लाइट का पालन कराना शुरू किया लेकिन करा नहीं सके। पहले मशीनरी की टाइमिंग खराब हो गई। फिर किसी की अंडरग्राउंड केबल कट गई तो कहीं लाइट टूटकर लटक गई। यातायात महकमा ने ट्रैफिक लाइटें लगाने वाली कंपनी से संपर्क किया तो कंपनी के इंजीनियर ने करार खत्म होने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया। महकमा ने नगर पालिका परिषद से भी पत्राचार किया तो पालिका के जिम्मेदारों ने कहा था कि ट्रैफिक लाइटें लगवाने के बाद यातायात महकमा के हैंडओवर कर दी गई थीं। वहीं यातायात महकमा ने नगर पालिका परिषद द्वारा ही लाइटें सही कराने की बात कही। जिसके चलते लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार नहीं हो सका।


शहर के इंद्राचौक पर बंद पड़ी ट्रैफिक लाइट।


कुछ दिन चलने के बाद खराब हो गई भामाशाह चौक की ट्रैफिक लाइट।


लाबेला चौक पर टूटे खंभे पर लगा सिस्टम।

- **खराब हो गईं सभी ट्रैफिक लाइटें, व्यवस्था दुरुस्त करने के नहीं हो रहे इंतजाम**

> ट्रैफिक लाइट सही कराने के लिए नगर पालिका परिषद से पत्राचार किया गया है। पालिका ही ट्रैफिक लाइटें सही कराएगी।
> – रामसेवक सिंह, टीएसआई।

### बैरियर लगाने से लगाने लगता है जाम

ट्रैफिक लाइटें खराब होने की वजह से इंद्राचौक पर जाम लगाने लगा है। यातायात पुलिसकर्मी और होमगार्ड वाहनों का आवागमन सही करते हैं लेकिन बेतरतीब चलने वाले वाहनों की वजह से जाम लगा रहता है। जिससे निजात दिलाने के लिए महकमा ने बैरियर लगाए हैं। जिससे और ज्यादा जाम लग रहा है। शनिवार को भी चौराहा पर जाम की स्थित बनी रही।



# कैंडल मार्च निकाल कासगंज के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, उसहैत

- **चेयरमैन नवाब हसन व संगठनों ने घटना को दु:खद बताते हुए दी श्रद्धांजलि**

**अमृत विचार :** शनिवार को माघ पूर्णिमा के दिन कासगंज में गंगा स्नान करने जा रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर तालाब में पलट गयी जिससे 23 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए नगर में कैंडल मार्च निकाला गया।

हादसे में जान गंवाने वालों का अंतिम संस्कार जैथरा गांव में गमगीन माहौल में कर दिया गया। करीब 20 लोग घायल हुए थे। इस दर्दनाक दुर्घटना पर चेयरमैन नवाब हसन, युवा मंच संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ध्रुव देव गुप्ता, विश्व हिंदू गोरक्षा दल जिला अध्यक्ष अनुज गुप्ता, सभासद रामगोपाल कश्यप, उमेश चंद, गंगा दीन सैनी, विवेक शर्मा, चमन सैनी, रविंद्र माथुर, कौशल गुप्ता, उदित शाक्य, दीपक, पुष्पेंद्र श्रीवास्तव, प्रदीप शर्मा, अनिल सैनी, प्रखर गुप्ता, अर्जुन सभासद, रामगोपाल कश्यप, सूरज कश्यप, विकास सैनी, राजू, अरविंद कुमार सैनी, बॉबी गुप्ता, गोपाल सैनी आदि ने गहरा दुख व्यक्त किया। रविवार को विश्व हिंदू गोरक्षा दल के जिलाध्यक्ष अनुज गुप्ता के नेतृत्व में दो मिनट का मौन धारण कर नगर के मुख्य मार्गों से कैंडल मार्च निकाला गया।


नगर में कैंडल मार्च निकालते लोग। ● अमृत विचार

## एक नजर

### एसएसपी ने बदले निरीक्षक और उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र

**बदायूं।** एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने निरीक्षक और उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। कोतवाली उझानी के अपराध निरीक्षक संजय कुमार को बिल्सी कोतवाली भेजा गया है। बिल्सी के अपराध निरीक्षक उमेश सिंह कोतवाली उझानी भेजे गए हैं। वहीं कोतवाली सहसवान की पैरामेडिकल पुलिस चौकी के इंचार्ज रामपाल सिंह कोतवाली दातागंज भेजे गए हैं। इनके अलावा उझानी के उपनिरीक्षक प्रवीन कुमार को थाना मुजरिया और थाना कादरचौक के उपनिरीक्षक रामसेवक राठौर को बिल्सी कोतवाली में तैनाती मिली है। शहर की नवादा पुलिस चौकी के इंचार्ज सुपेंद्र मलिक थाना वजीरगंज की बगरैन पुलिस चौकी संभालेंगे। बगरैन चौकी के उपनिरीक्षक सचिन शर्मा सहसवान कोतवाली जाएंगे।

### जमीन को लेकर हुई मारपीट में छह लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं।** तहसील दातागंज क्षेत्र के गांव दियोरी में आसिफ पुत्र मजीद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव में उनकी जमीन है। आरोप है कि गांव के प्रधान अनुज प्रताप सिंह, संतोष सिंह पुत्र सोहन पाल, कुमरपाल पुत्र राममूर्ति ने उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया है। आसिफ ने उसने जमीन खाली करने को कहा। वह गाली-गलौज करने लगे और मारपीट की। वहीं दूसरे पक्ष के कुमरपाल ने तहरीर दी। बताया कि उन्होंने गांव निवासी गिरिजा देवी से गांव में जमीन खरीदी थी। गांव निवासी आसिफ, वसीर व वसीम पुत्र मजीद ने जमीन खाली करने का दबाव बनाया। मना करने पर गाली-गलौज और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से रिपोर्ट दर्ज की।

### जिलाध्यक्ष बनी शर्मीला

**बदायूं।** जनहित सत्याग्रह मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रेमपाल सिंह ने महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष पद के लिए शर्मीला रानी को नियुक्त किया है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष से संगठन को और मजबूती देने की अपेक्षा की गयी है। महामंत्री चरण सिंह यादव ने कहा है कि शर्मीला रानी काफी समय से जनहित सत्याग्रह मोर्चा के साथ कार्य कर रही है। उनकी निष्ठा देखते हुए जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गयी है।

# छात्राओं से दुष्कर्म का आरोपी कोचिंग संचालक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **एक युवती और एक किशोरी ने डांस कोचिंग संचालक पर दर्ज कराई थी रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** बीएससी की छात्रा और 15 साल की छात्रा से दुष्कर्म करने के आरोपी डांस कोचिंग के संचालक को रविवार को जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने छात्राओं का मेडिकल परीक्षण कराया। मामले की जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के मोहल्ला जवाहरपुरी स्थित पटेल मार्केट के पीछे डांस की कोचिंग है। जहां डांस, मेंहदी लगाना, पेंटिंग आदि सिखाया जाता है। गांव दहेमी निवासी राजकमल उर्फ राज पटेल कोचिंग का संचालक है। शनिवार को शहर के एक मोहल्ला निवासी बीएससी की छात्रा अपनी मां के साथ कोचिंग सेंटर पर पहुंची थी। छात्रा ने बताया था कि संचालक ने उसे प्रेम जाल में फंसाकर उसका शारीरिक उत्पीड़न किया। विरोध करने पर उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी दी। इसी दौरान कक्षा 8 में पढ़ने वाली 15 साल की छात्रा ने भी संचालक पर आरोप लगाया। कहा कि आंवला में डांस ऑडिशन से वापस लौटने पर संचालक ने उसे कमरे में सुलाया था। वह भी उसी बिस्तर पर सो गया और रात में उसके साथ गलत हरकत की। छात्राएं कोतवाली सिविल लाइन पहुंचीं और तहरीर दी। पुलिस ने संचालक के खिलाफ एससीएसटी व पॉक्सो एक्ट, दुष्कर्म व धमकाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की। रविवार को उसे जेल भेजा गया है। सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई ने बताया कि आरोपी को जेल भेजा गया है। छात्राओं के बयान दर्ज किए हैं। जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# परिवार ने किया पलायन, पुलिस कर रही तलाश

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव धीमरपुरा निवासी रामानंद शर्मा उर्फ कल्लू 23 जनवरी को अपना मकान बनवाने के लिए जमीन की खोदाई करा रहे थे। पड़ोस में रहने वाले वीरेश, रूपेंद्र, राजवीर यादव को लगा कि उनकी खोदाई की वजह से उनके मकान की दीवार गिर जाएगी। आरोपियों ने लाठी-डंडों से पीटकर रामानंद शर्मा की हत्या कर दी थी।

पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। मृतक के बेटे सचिन ने आरोप लगाया कि आरोपियों के परिजन उन पर मुकदमा में फैसले का दबाव बना रहे हैं। छह फरवरी को वह लोग उनके घर में घुस आए और धमकाने लगे। वह गांव में घूमते से गुजरते समय भी धमकाने लगे हैं। जिसके चलते पीड़ित परिवार गांव से पलायन कर गया है। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। एसपी देहात राम मोहन सिंह ने बताया कि शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। जानकारी करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गृह क्लेश में विषाक्त पदार्थ खाकर महिला ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **हालत बिगड़ने पर परिजन ने राजकीय मेडिकल कॉलेज में कराया था भर्ती**

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने गृह क्लेश के चलते विषाक्त पदार्थ खा लिया। उसे जिला अस्पताल फिर राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने किसी पर आरोप नहीं लगाया है।

मोहल्ला ऊपरपारा निवासी हिलालुद्दीन प्राइवेट नौकरी करते थे। उनका निकाह लगभग छह साल पहले बड़े सरकार दरगाह परिसर में रह रही महक (24) के साथ हुआ था। शनिवार को हिलालुद्दीन किसी काम से शहर के बाहर गए थे। परिवार में किसी कलह पर महक ने विषाक्त पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद उनकी हालत बिगड़ गई। परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने हालत नाजुक बताई तो परिजन महक को राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां कुछ देर के बाद ही महक की मौत हो गई। मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ। विसरा प्रिजर्व किया गया है। सदर कोतवाल विजेंद्र सिंह ने बताया कि महिला की मौत हुई थी। पोस्टमार्टम कराया गया। अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

**महिला को घर से निकाला, पति समेत चार नामजद : बदायूं :** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों ने महिला को घर से दिया। सिविल लाइन कोतवाली पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

प्रयागराज क्षेत्र के कस्बा चांदपुर सलोरी निवासी सुमन निषाद ने तहरीर देकर बताया कि 24 नवंबर 2022 को उनकी शादी कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के ऑफिसर्स कॉलोनी निवासी शिवम कश्यप के साथ हुई थी। उनकी दस साल की उम्र में ही माता-पिता की मौत हो गई थी। उनके भाई और बहन ने ही उनका पालन पोषण किया था और शादी कराकर विदा किया। आरोप है कि कुछ दिनों के बाद ही ससुराल पक्ष उनका शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करने लगा। गाड़ी, दो लाख रुपये, शादी में लगा गाड़ी का 20 हजार रुपये किराया मांगना शुरू कर दिया। महिला को कई दिनों तक खाना भी नहीं दिया। आरोप है कि ननद ने अपने पति से कहा कि उसके परिवार वालों को फोन कर दें अगर रुपये नहीं दिए तो जिंदा जलाकर मार देंगे। मांग पूरी नहीं होने पर उसे घर से निकाल दिया। उनके परिजन 5 दिसंबर 2023 को आए तो वह घर के बाहर सर्दी से ठिठुर रही थी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने पति शिवम कश्यप, मोहन लाल कश्यप, कांति देवी और नेहा कश्यप के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट, धमकाने आदि के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर तोड़ा रिश्ता

**बदायूं।** निकाह तय होने के बाद लड़का पक्ष ने दहेज मांगना शुरू कर दिया। लड़की पक्ष ने असमर्थता जताई तो उन्होंने निकाह करने से मना कर दिया। लड़की के पिता ने तहरीर दी। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ दहेज एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। थाना अलापुर क्षेत्र के वार्ड 10 निवासी नौशाद ने तहरीर देकर बताया कि उन्होंने अपनी बेटी समनबी का निकाह 30 अगस्त 2023 को कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव अब्दुल्लागंज निवासी इमरान पुत्र शमशुद्दीन के साथ तय किया था। होने वाले दामाद को सोने की एक अंगूठी व चेन, 50 हजार रुपये और उनकी मां को पाजेब, पिता को एक घड़ी और एक लाख रुपये और दादी को चांदी की चूड़ी दी थी। दोनों पक्ष ने पांच मई 2024 को निकाह की तिथि निर्धारित की थी। नौशाद का आरोप है कि निकाह की तिथि जैसे-जैसे पास आती गई होने वाले ससुराल पक्ष की मांग बढ़ती गई। मुअज्जिज लोगों ने पंचायत की लेकिन वह लोग मानने को तैयार नहीं थे। जिसकी वजह से नौशाद दहेज का सामान देने को तैयार हो गया। अब उन लोगों ने महंगी बाइक मांगना शुरू कर दिया। असमर्थता जताने पर लड़का पक्ष ने निकाह करने से मना कर दिया। पुलिस ने इमरान, शमसुद्दीन, फरमान और मुनीशा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# शब-ए-बारात पर अल्लाह की रहमतों की बरसात होती है

संवाददाता, उसहैत

- **लोगों ने अजीजों की मजार पर की फातिहा ख्वानी**

**अमृत विचार :** शब-ए-बारात के मौके पर कस्बे की सभी मस्जिदों में रात भर नमाजियों ने इबादत की और अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगी। इस दौरान लोग रात में नबी की सुन्नत को अदा करते हुए कब्रिस्तान भी गए, जहां उन्होंने अपने अजीजों की मजार पर फातिहा ख्वानी की और उनकी मगफिरत की दुआ की।

इससे पूर्व दिन में चेयरमैन नवाब हसन के नेतृत्व में बुजुर्गों की कब्रों पर कब्रिस्तान में साफ सफाई की गई, राजू, चिकित्सक नजीर, मोहम्मद इमरान, आसिफ, साबिर मंसूरी, सलमान, हसीन, फकरे आलम समेत दर्जनों लोगों ने कब्रिस्तान की साफ सफाई की।

जामा मस्जिद में महफिल में खिताब करते हुए इमाम जामा मस्जिद मुफ्ती असगर अली ने शब-ए-बारात क्या है और उसमें किस तरह इबादत करनी चाहिए और इस रात में की जाने वाली नफ्ली इबादत के अदब आदाब से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि शब-ए-बारात पर अल्लाह की रहमतों की बरसात होती है। इस रात अल्लाह अपने बंदों की सच्ची तौबा करने पर और माफी मांगने पर उनके गुनाह माफ कर देता है। इमाम असगर अली ने हिदायत देते हुए कहा कि ये अफजल रात रहमतों और बरकतों वाली रात है। इसे मोटर साइकिल की राइडिंग जैसे कामों से जाया न करें, इसका एहतराम करें और अपनी निजात का जरिया बनाएं। अंत में सलाम पढ़ कर महफिल का समापन किया गया और सभी लोगों के साथ स्थानीय कब्रिस्तान में जाकर फातिहा ख्वानी की और वापसी में मस्जिद आकर लोगों ने इबादत की और रोजे के लिए सेहरी का एहतमाम किया। इसके अलावा कस्बे की नूरानी मस्जिद, गौसिया मस्जिद, मस्जिद अबू हनीफा, मदीना मस्जिद आदि में भी इबादत की गई और जिक्र-ए-रसूल की महफिल सजाई गईं।

### इबादत के लिए मस्जिद व कब्रिस्तान को सजाया

**बदायूं।** चांद की इस्लामिक तारीख 15 शाबान रविवार को रात में मनाई जाएगी। इसके लिए शब-ए-बारात इबादत के लिए मस्जिद व कब्रिस्तान को सजाया गया है। इस रात की इबादत एक हजार महीने की इबादत के बराबर है। इसमें लोग रातभर इबादत करने के साथ ही अपने पुरखों की कब्र पर जाकर फातिहा पढ़ेंगे। सोमवार को दिन में लोग रोजा भी रखेंगे। शबे बरात को लेकर शहरी व ग्रामीण इलाकों में चहल-पहल रही। महिलाएं घर की साफ-सफाई में जुटी रहीं। लोग कब्रिस्तानों मस्जिदों को सजाने में जुटे रहे। कब्रिस्तानों और मस्जिदों तक जाने वाले रास्तों की साफ-सफाई की गई। मौलाना का कहना है कि इस माह की 15 तारीख की रात यानी शबे बारात के बारे में बहुत फजीलत आई हैं। हदीस में आया है कि यह मगफिरत की रात है। अल्लाह इस रात अपने बंदों के गुनाहों को माफ करते हैं। इस रात में इबादत करने वाले, कुरआन की तिलावत करने, खुदा का जिक्र करने वालों को परवरदिगार अल्लाह ताला इनाम बख्शिश मगफिरत के तौर पर जाहन्नम से आजादी देता है।

# चार सिपाहियों पर तलाशी के बहाने लूट का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **गांव बेहटाजबी निवासी मुनेश ने एसएसपी को भेजा शिकायती पत्र**

**अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी में तैनात चार सिपाहियों पर बाइक सवार किसानों से तलाशी के बहाने लूटपाट का आरोप लगाया गया है। आरोप है कि सिपाहियों ने स्मैक रखने की फर्जी रिपोर्ट दर्ज कराकर जेल भिजवाने की धमकी दी और किसानों से नगदी और मोबाइल छीन लिया। कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई से इंकार किया तो पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत करके आरोपी सिपाहियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

गांव बेहटाजबी निवासी मुनेश पुत्र बंगाली ने एसएसपी को शिकायती पत्र भेजकर बताया कि 24 फरवरी की शाम वह आलू का सौदा करके बाइक से वापस लौट रहे थे। रास्ते में चार सिपाही मिले। उन्होंने बाइक रुकवाकर चाबी निकाल ली। तलाशी लेना शुरू कर दिया। उनकी जेब से 11 हजार 170 रुपये निकाल लिए और मोबाइल फोन भी छीन लिया। आरोप है कि विरोध करने पर सिपाहियों ने उन्हें जमीन पर गिरा दिया। जेल भेजने की धमकी दी। मुनेश के अनुसार एक सिपाही ने कहा कि अगर घटना के बारे में किसी को बताया तो जान से मार देंगे। किसी को लाश भी नहीं मिलेगी। इसके बाद सिपाही वहां से चले गए। मुनेश अपने घर पहुंचे और परिजनों को अपनी साथ हुई घटना की जानकारी दी। इसके बाद मुनेश परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचे और पुलिस से मामले की शिकायत की। आरोप है कि शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। जिसके चलते पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत करते हुए आरोपी सिपाहियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए लूटी गई रकम और मोबाइल वापस दिलाने की गुहार लगाई। सीओ बिल्सी सुशील सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। इसके बाद भी पता लगाकर जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कॉलेज प्रबंधकों ने प्रदेश महासचिव को बताईं समस्याएं

**बदायूं, अमृत विचार :** शहर के एक रिसॉर्ट में प्रबंधक महासभा की बैठक हुई। जिसमें शासकीय सहायता प्राप्त इंटर कॉलेजों के प्रबंधकों ने प्रतिभाग किया।

कॉलेजों के प्रबंधकों ने संगठन के प्रदेश महासचिव दिनेश चंद्र सिंह को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। महासचिव ने शासन स्तर पर उनकी समस्याओं को रखने का आश्वासन दिया। उन्होंने प्रबंधकों से आह्वान किया कि वह अपने विद्यालय के प्रति जागरूक रहें।

जल्द ही जिले की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। अगली बैठक के बारे में सभी ने कहा कि मार्च में फिर से बैठक की जाएगी। बैठक का आयोजन राजाराम महिला इंटर कॉलेज के प्रबंधक मुकेश रस्तोगी के सहयोग से हुआ। अखिलेश शर्मा, अमित पाठक, प्रशांत सिंह, खिसालुद्दीन, नीरज रस्तोगी, प्रशांत शर्मा, संजीव कुमार, अनिल वार्ष्णेय, अश्विनी भारद्वाज, शैलेंद्र अग्रवाल, अनुपम पाठक, सुरेश चंद्र सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

# मोदी के नेतृत्व में विकसित राष्ट्र बन रहा भारत


लोगों के बीच खड़े बिल्सी विधायक हरीश शाक्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** उझानी ग्रामीण मंडल की ग्राम पंचायत रौली में बूथ संख्या 273 पर बिल्सी विधानसभा क्षेत्र के विधायक हरीश शाक्य ने पार्टी पदाधिकारी व ग्राम वासियों के साथ प्रधानमंत्री के साथ मन की बात के 110 वे संस्करण को सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत लगातार विकासशील देश से विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि जब कहीं अन्य राष्ट्रों के मध्य विवादास्पद स्थिति उत्पन्न होती है तो भारत की ओर देखते हैं कि भारत हस्तक्षेप कर शांति स्थापित करने का प्रयास करे। इस अवसर पर महेन्द्र पाल कश्यप, सत्यवीर सिंह, आनंद मिश्रा, ज्ञान चंद्र शाक्य, राजीव कुमार सिंह, पंकज सक्सेना, केशवदेव, सुरेश राठौर आदि रहे।

### सपनों को साकार कर रही मोदी सरकार

**बदायूं।** शहर के मोहल्ला नेकपुर में स्थित वाल्मीकि पाठशाला में भाजपा युवा मोर्चा की सिविल लाइन मंडल की युवा चौपाल में मुख्य अतिथि सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार युवाओं के सपनों को साकार कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष गोविंद स्वरूप पाठक ने की। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र साहू, सहदेव सागर, सुयश जौहरी, सभासद रवि बाबू वाल्मीकि, मनोज मसीह, कुणाल राठौड़ आदि रहे।

# दाँतों में तकलीफ अब कोई चिन्ता नहीं!



## ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर

Associated with Asia's No.1 Dental Lab



## डॉ० एम.बी. गौतम

(डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ)
सम्पर्क करें:- 9997317000, 9412738720

प्रभा टाकीज, के ठीक सामने,
151 रामपुर गार्डन, फर्स्ट फ्लोर, बरेली

## डॉ० अतुल कुमार

बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडोन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES

## डॉ० संजय मजूमदार

बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े
(फ्रैक्चर) दाँत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की
सर्जरी के विशेषज्ञ

Our Aim to important a healthy & Beautiful Smile to our Patient





उपलब्ध सुविधायें :
◆शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें। ◆दाँतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler ) ◆हिलते हुए दाँतों को जाम करना । ◆दाँतों की नसों का इलाज (Root Canal Treatment, Single Siting RCT) ◆मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज। ◆दाँतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज । ◆सड़े-गले दाँतों को बिना तकलीफ के निकालना। (Painless) ◆दाँतों के रंग का मासाला भरना । (Laser Filing) ◆टेड़े-मेढ़े, बाहर निकले हुए दाँतों का इलाज । (Fix Braces/Aligner) ◆डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दाँत लगाना । (Zirconia Crown/Bridges) ◆मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD) ◆गुटखे की वजह से मुँह कम खुलने का इलाज। ◆एक्सीडेन्टल टूटे-जबड़े व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा। ◆एडवान्स एक्स-रे यनिट

Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour

5 साल से 11 साल के बच्चों की दाँतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्रसेना/पुलिस/ ग्राम प्रधान/ नगर पंचायत/चेयरमैन/ स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिर्पोटर/ स्वतंत्रता सेनानी


# संत गाडगे की जयंती पर मनमोहक झांकियों के साथ निकली शोभायात्रा

## पूर्व मंत्री आबिद रजा ने दिखाई हरी झंडी, मीराजी चौकी पर हुआ समापन



डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क से निकली शोभयात्रा में शामिल लोग।



शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाते पूर्व मंत्री आबिद रजा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● संत गाडगे की शिक्षाओं और विचारों पर की गई चर्चा

**अमृत विचार :** गाडगे यूथ ब्रिगेड द्वारा संत शिरोमणि गाडगे महाराज की जयंती के अवसर पर जिला अस्पताल के सामने डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क में कार्यक्रम हुए। शहर में मनमोहक झांकियों के साथ शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में समस्त धोबी गाडगे समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया। शोभायात्रा का आरंभ पूर्व मंत्री आबिद रजा ने हरी झंडी दिखाकर किया।

पार्क में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री ने राष्ट्रीय संत गाडगे और बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। जिसके बाद हरी झंडी दिखाई। शोभायात्रा डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क से शुरू होकर लाबेला चौक, शहबाजपुर, पथिक चौक होते हुए गुजरी। शोभायात्रा का समापन मीराजी चौकी पर संत गाडगे की निर्माणाधीन मूर्ति के पास हुआ। जहां विशाल जनसभा हुई। मुख्य अतिथि बहुजन आम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरके वर्मा और मुख्य वक्ता डीआर वर्मा, सुखलाल भारती ने जनसभा को संबोधित किया। संत गाडगे के जीवन और उनके द्वारा दी गई शिक्षा व विचारों के बारे में विस्तार से बताया। सभा की अध्यक्षता रिशिपाल दिवाकर ने की। शोभायात्रा में जिलाध्यक्ष नीरज कनौजिया, आईटी प्रभारी सुनील, प्रवेश माथुर, राजेंद्र वर्मा, दिनेश माथुर, बृजेश माथुर, रामनिवास, नीरज दिवाकर, राजीव कुमार, ध्रुव, इंद्रजीत दिवाकर, खुशबू मथुरिया आदि का योगदान रहा।

# गलती हो जाना बड़ी बात नहीं प्रायश्चित करना जरूरी



भागवत कथा में बड़ी संख्या में जुटे श्रोता। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

● धनौली में भागवत कथा का दूसरा दिन

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव धनौली में ग्रामीणों द्वारा ग्राम देवता मंदिर पर आयोजित की जा रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन शनिवार को महमूदपुर जिला कानपुर से आयी कथावाचक मानसी शास्त्री ने कहा कि मनुष्य से गलती हो जाना बड़ी बात नहीं, लेकिन ऐसा होने पर समय रहते सुधार और प्रायश्चित जरूरी है। ऐसा नहीं हुआ तो गलती पाप की श्रेणी में आ जाती है।

उन्होंने पांडवों के जीवन में होने वाली श्रीकृष्ण की कृपा को बड़े ही सुंदर ढंग से बताया। कहा कि परीक्षित कलयुग के प्रभाव के कारण ऋषि से श्रापित हो जाते हैं। उसी के पश्चाताप में वह शुकदेव जी के पास जाते हैं। भक्ति एक ऐसा उत्तम निवेश है, जो जीवन में परेशानियों का उत्तम समाधान देती है। साथ ही जीवन के बाद मोक्ष भी सुनिश्चित करती है। कथावाचक ने कहा कि द्वापर युग में धर्मराज युधिष्ठिर ने सूर्य की उपासना कर अक्षय पात्र की प्राप्ति की। इस मौके पर रुपेश यादव, धर्मेंद्र यादव, अरविंद यादव, प्रवीण यादव, विनोद यादव, अजीत यादव, नरेंद्र यादव, अमित माहेश्वरी, विवेक यादव, मुकेश कुमार, हरपाल सिंह, अरविंद कुमार, अनुज यादव, राम खिलाड़ी, पुष्पेंद्र आदि मौजूद रहे।

# क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को दिया नगद पुरस्कार और ट्रॉफी





क्विज प्रतियोगिता में भाग ले रहे नैना फाउंडेशन के पदाधिकारी।

संवाददाता,म्याऊं

**अमृत विचार :** रविवार को बीआईएमटी कॉलेज में नैना फाउंडेशन द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहने वाले सत्यवीर सिंह को 2500 रुपये एवं ट्रॉफी, दूसरे स्थान पर रहे भूपेंद्र यादव को 2500 रुपये का पुरस्कार दिया गया। संगठन के अध्यक्ष उमेश सोनी ने कहा कि नैना फाउंडेशन (नज़र उम्मीद की ) नाम से एक गैर-लाभकारी संगठन है। इस मौके पर संगठन के उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह, नितिन सिंह, रोहित कुमार, अर्जुन सिंह, अर्जुन वर्मा, रमेशानद गिरि महाराज दूधेश्वरनाथ मंदिर गाजियाबाद जूना अखाड़ा आदि लोग मौजूद रहे।

# जमीन दो बार बेचने का आरोप रिपोर्ट दर्ज

**उझानी।** कोतवाली उझानी क्षेत्र के ग्राम अचौरा निवासी रवि शंकर पुत्र कलेक्टर सिंह ने बरेली के थाना फरीदपुर क्षेत्र के मोहल्ला बक्सरिया निवासी सोहन पाल सिंह पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। तहरीर देकर फर्जी तरीके से स्टांप पर छह लाख रुपये में दोबारा जमीन बेचने का आरोप लगाया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज : बिनावर :** थाना बिनावर क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पास के गांव निवासी युवक उनकी 24 फरवरी की रात उनकी बहन को बहला-फुसलाकर ले गया। बहन साथ में कुंडल, नाक का बेसर आदि लेकर गई है। उन्होंने पुलिस को मामले की तहरीर दी है।

# अमन कमेटी इजलासे आम में मंगनी समेत पंद्रह रस्मों पर पाबंदी का ऐलान

संवाददाता, ककराला

**अमृत विचार :** मुस्लिम समाज में शादी ब्याह के मौके पर तमाम गैर जरूरी रस्मों पर बेशुमार खर्च किया जाता है और मुसलमान इन गैर शरई कामों को इस तरह अंजाम देते हैं वो किसी कानून के पाबंद ही नहीं हैं। मुसलमानों को इस्लामी तालीमात के मुताबिक चलना चाहिए। कस्बे में अमन कमेटी के नाम से एक तहरीक वजूद में आई, जिसका दूसरा इजलास-ए-आम दरगाह जियारत शरीफ ककराला में मौलाना रिफाकत अली खान की सदारत में हुआ। इस दौरान मंगनी समेत 15 रस्मों पर पाबंदी का ऐलान किया गया।

कादरी नवेद की तिलावत-ए-कलमुल्लाह से इजलास का आगाज हुआ। जामा मस्जिद के इमाम कारी मुकद्दस अली ने हम्द बारी ताला पेश की। हाफिज आमिल खान ने नात और हाफिज तस्लीम रजा ने नज्म पेश की। मुफ्ती मोहम्मद मिनहाज



अमन कमेटी के सम्मेलन में शामिल बड़ी संख्या में लोग। ● अमृत विचार

● ककराला में आयोजित सम्मेलन में पाबंदी की दी जानकारी

खान, मुफ्ती मोहम्मद फहीम खान, हाफिज रिजवान खान और हाफिज रफी अहमद खान इमाम ईदगाह ने बताया, हमारी सबकी जिम्मेदारी है कि निकाह और वलीमे में बेपर्दगी, फिजूलखर्च, गलत परंपराओं का खात्मा करें।

अमन कमेटी के सेक्रेटरी हाफिज मोहम्मद आसिफ सूफी ने पाबंदी नामा पढ़ कर सुनाया, जिसके अनुसार मंगनी में सिर्फ दो लोग ही जाएंगे, मंगनी में कुछ भी लेना नहीं होगा, किसी भी मौके पर लड़की वाले के यहां से लड़के वाले के यहां खाना वगैरह नहीं जाएगा। इस मौके पर मौजूद सभी ने इस पाबांदी पर सहमति जताई। मौलाना अफरोज खान, मौलाना अजहर खान, डॉ. खालिद नदीम, मौलाना आजम उरौलिया, महबूब अहमद सकलैनी पूर्व अध्यक्ष ककराला ने भी इजहारे ख्याल फरमाया। निजामत मुफ्ती अनवर अहमद खान ने की।






विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582



## डॉ. दर्शन मेहरा

एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

## हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर

66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली

## रेनबो हॉस्पिटल

प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव



डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुडगांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें
7249939977
7088003322



## डॉ. रजनीकांत साहू

MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय
प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157



## डा. सतेन्द्र शर्मा

M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393


# स्कूल के वार्षिक उत्सव में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



वार्षिकोत्सव में प्रस्तुति देते नन्हे छात्र। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता बदायूं

● अतिथियों ने बच्चों की प्रस्तुति को बताया अनोखा

**अमृत विचार :** उर्वशी पैराडाइज कान्वेंट स्कूल के वार्षिक उत्सव में मुख्य अतिथि सदर विधायक महेश गुप्ता चंद्र गुप्ता, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी स्वाति भारती व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दीपमाला गोयल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। प्रबंधक रॉयल दिनेश गुप्ता ने अतिथियों का बैच और मेमो द्वारा स्वागत किया। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुआ। कार्यक्रम में सपने मेरे सपने रे क्लास पीज. के बच्चों द्वारा, लव यू जिंदगी क्लास एलकेजी के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। यूकेजी के छात्र-छात्राओं द्वारा श्रीवल्ली तथा मदर एक्ट ने मन मोह लिया। कक्षा एक के बच्चों ने किसानों द्वारा अनावृष्टि पर प्रकाश डालते हुए बादलों का आमंत्रित किया तथा पानी बचाओ का नारा दिया। धारा 370, राम आगमन पर कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अंत में निर्देशक रॉयल दिनेश गुप्ता ने अतिथियों, दर्शकों, अभिभावकों को धन्यवाद दिया। प्रिंसिपल रमा भारद्वाज और वाइस प्रिंसिपल नेहा बघेल ने भी अभिभावकों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन कुमारी प्रियांशी सक्सेना द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में ग्रैंड फिनाले हुआ, जिसमे बच्चों व अभिभावकों ने मिलकर लुत्फ उठाया। साथ ही सभी अतिथियों को मेमोरेंडम देकर विदा किया गया। हर साल की तरह यूपीसी स्कूल में उर्वेश स्मृति अवार्ड दिए गए, साथ ही अमनदीप को सीवी रमन अवार्ड वा कल्पना चावला अवार्ड, पलक ठाकुर को दिया गया।

## चुनाव को लेकर खंड विकास अधिकारी ने की बैठक

**इस्लामनगर।** लोकसभा चुनाव को लेकर शनिवार को खंड विकास अधिकारी मुनव्वर खान ने क्षेत्र के गांव मौहब्बे अलीपुर चिचैटा में ग्रामीणों के साथ एक बैठक का आयोजन किया। बैठक में उन्होंने लोगों को निर्भय होकर अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। बैठक में एडीओ संजीव कुमार मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### बाल मेले में बच्चों ने लगाए स्टॉल



**उझानी।** भगवान दास पैलेस, परिसर में एसएसके पब्लिक स्कूल की ओर से बाल मेला आयोजित किया गया। मेले में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार की स्टॉल लगाकर मेले की शोभा बढ़ाई।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रिंसिपल शैलेंद्र सिंह राणा, ट्रांसपोर्ट हेड संजय चौहान और समस्त स्टाफ ने अहम भूमिका निभाई। अंत में विद्यालय की प्रबंधक अंबिका शर्मा एवं मैनेजर अनुभव शर्मा ने लकी ड्रा निकालकर पुरस्कार वितरण किये। विद्यालय स्टाफ में अजय सिंह, रितिक यादव, सत्यम गौड़, रितिका शर्मा, दीक्षा तिवारी, आस्था सक्सेना, सदफ खान, ममता तिवारी, दीक्षा सक्सेना, कुसुम मिश्रा, ज्योति गुलाटी, मुस्कान सक्सेना आदि ने व्यवस्था को सुचारू ढंग से संचालन करने में अपनी भूमिका निभाई।

### देश की वर्तमान समस्याओं का निराकरण बच्चों द्वारा संभव



**बदायूं।** कादरचौक क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय रेवा में सड़क सुरक्षा सप्ताह, वार्षिक महोत्सव और एनएटी-1 परीक्षा रिजल्ट वितरण समारोह का आयोजन हुआ। बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। राज्य स्तरीय संदर्भदाता समूह की सुधा मिश्रा ने बच्चों को सड़क सुरक्षा से जुड़ी जानकारियां दीं। मुख्य अतिथि स्काउट संस्था के पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि देश की वर्तमान समस्याओं का निराकरण बच्चों के द्वारा ही संभव है। बच्चे रचनात्मक कार्यों से जुड़कर नित्य नया ज्ञान अर्जित करें। संकुल शिक्षक परमवीर सिंह दिवला ने कहा कि बच्चों का सही मार्गदर्शन करें और लक्ष्य तक पहुंचाएं। इस मौके पर शिक्षक अजमल, किरन, मीना आदि मौजूद रहीं।

### भागवत कथा में श्री कृष्ण लीला का सुनाया प्रसंग



**ओरछी।** आसफपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव सिसरका में श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन व्यास सुनील शर्मा ने भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया।कहा कंस ने सोचा कि मैं वैसे तो कृष्ण को नहीं मार सकता, इसलिए इन्हें मथुरा बुलाना चाहिए। तब कंस ने श्री अक्रूर जी को कृष्ण को बुलाने ब्रज में भेजा। अक्रूर जी ने ब्रज आकर नंद बाबा से कहा कि मथुरा में कंस ने विशाल यज्ञ करवाया है। भगवान कृष्ण जी को आमंत्रित किया है। प्रभु के चरणों में ध्यान लगाना चाहिए। कथा के आयोजन में दुर्गेश सक्सेना, राकेश शर्मा, अनोखे लाल शर्मा, विजय शंकर सक्सेना, सुमित सक्सेना, हरपाल, सुशील शर्मा आदि का सहयोग रहा।

## शहर में आज

- जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर इंटरमीडिएट एवं हाईस्कूल की परीक्षाएं सुबह 8 :30 बजे से।
- ऑपरेशन जागृति के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।
- समाजवादी पार्टी का पीडीए पखवाड़े के तहत जन पंचायत ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से।
- श्रीमद् भागवत कथा का वाचन अमांपुर के गांव नाथपुरी के मंदिर पर दोपहर दो बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा तीर्थ नगरी सोरों में श्रीवराह भगवान परिक्रमा हरि की पौड़ी से शाम सात बजे से।

### एक के बाद एक किए गए अंतिम संस्कार, गांव और आसपास के क्षेत्रों में छाया रहा मातम

# चीत्कारों के बीच एक साथ जलीं कई चिताएं तो रो पड़ा पूरा गांव

**कार्यालय संवाददाता, एटा**

**अमृत विचार :** चार गांव 23 शव और कई शवों के अंतिम संस्कार का स्थान एक ही था। किसी का पुत्र, पुत्र वधू, पत्नी, नाती दुनिया से विदा हो गया तो किसी के परिवार की खुशियां छिन गईं। जुबां पर चीखें थीं और आंखों के आंसू सूख चुके थे। सिसकियों और भरी आंखों के बीच दिन भर अंतिम संस्कार होते रहे। महिलाओं -पुरुषों को मुखाग्नि दी गई तो मासूमों को दफनाया गया।

शव शनिवार की देर रात गांव नगला कसा, खेरिय, रोरी और बरोरा पहुंचे। सबसे अधिक शव गांव नगला कसा में पहुंचे। एक के बाद एक शव पहुंच रहे थे। हूटर बजाती हुईं एंबुलेंस शव लेकर गांव पहुंच रही थीं। हूटरों की गूंज के बीच चीखें सुनाई दे रही थीं। रात लगभग एक बजे तक शव पहुंचे। रविवार सुबह से ही अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू हो गईं। आठ बच्चे थे। इनके शवों को दफनाया गया । वहीं एक परिवार के कुछ लोगों की मौत होने के कारण उन शवों को एक ही स्थान पर मुखाग्नि दी गई। एक के बाद एक अंतिम संस्कार हुए। हर कोई दुखी थी और हर आंख बह रही थी।


गांव कसा में अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में एकत्र ग्रामीण। ● अमृत विचार

- **महिलाएं, पुरुषों को दी गई मुखाग्नि तो दफनाए गए मासूम**


गांव कसा में बालक का शव दफनाने को गड्ढा करते ग्रामीण।

### इन गांवों में इतने संस्कार

गांव कसा में 18, गांव रौरी में तीन और गांव बनार में दो शवों का अंतिम संस्कार हुआ। अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस और प्रशासन अधिकारी मौजूद रहे।

### नहीं जले चूल्हे

गांव नगला कसा में माहौल इतना गंभीर था कि लोगों की भूख, प्यास सब मिट चुकी थी। तमाम घरों में शव थे। अंतिम संस्कार की तैयारी थी। ऐसे में रविवार सुबह पूरे गांव में चूल्हे नहीं जले। मातम छाया रहा।

### अंतिम यात्राओं में उमड़ पड़े ग्रामीण

शवों को अंतिम संस्कार के लिए ग्रामीण अंतिम संस्कार में शामिल हो रहे थे। एक के बाद एक शव यात्रा निकल रही थीं। हर पल एक नई अंतिम यात्रा गांव में दिखाई दे रही थी। पूरे ही गांव में शोक का माहौल था। ग्रामीण बेहद दुखी थे।

## छह बच्चों के शव दफनाने को एक साथ खोदे गए गड्ढे तो छलक पड़े आंसू

**एटा, अमृत विचार:** जिला प्रशासन ने मृतकों के शवों के अंतिम संस्कार के लिए तैयारी की। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह समेत जनपद के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने शवों का सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कराया। जैथरा के कसा गांव में हर तरफ चीत्कार मचा हुआ था। छह बच्चों के अंतिम संस्कार के लिए एक साथ गड्ढा खोदा गया। गढ्डा में शवों को एक साथ रखा गया तो परिवारीजन फूट फूटकर रोने लगे। अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने उन्हें ढांढस बंधाया। कई परिजन रोते रोते बेसुध हो गए। इन्हें पानी पिलाकर एवं हवा करके होश में लाया गया। हादसे में गांव में हर कोई सन्न है।

## एक नजर

### लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने जताया शोक



**कासगंज।** सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मयंक यादव ने हादसे में 23 मौतों पर गहरा दुख जताया। कहा कि हादसा बहुत दुखद है। मैं सरकार से और प्रशासन से अपील करता हूं कि डग्गामारी को लेकर सख्त नियम बनाए जाएं। साथ ही लोगों से अपील है कि ऐसे हादसों से सबक लेना चाहिए । जान जोखिम में डालकर यात्रा न करें।

### मारपीट के दोषी को सजा व जुर्माना

**कासगंज।** थाना अमांपुर से संबंधित लगभग 22 वर्ष पुराने मारपीट के मामले में सुनवाई करते हुए न्यायालय ने मारपीट के आरोपी को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने दोषी ओमकार निवासी डोर्रा को न्यायालय उठने तक की सजा और तीन हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है।

### चोरी के मोबाइल सहित दो गिरफ्तार

**कासगंज।** सदर कोतवाली पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक बाल अपराधी सहित दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी के नौ मोबाइल बरामद किए हैं। इंस्पेक्टर सुधीर कुमार राघव ने बताया कि आरोपी बलवीर निवासी छोकरा थाना सिकंद्राराऊ एवं बाल अपराधी के विरुद्ध थाने से अग्रिम कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया है जहां से अग्रिम कार्रवाई की गई है।

# चालक की लापरवाही से गईं 23 जानें एआरटीओ ने शासन को भेजी रिपोर्ट

### तकनीकी जांच में जुटीं टीमें, प्रथम दृष्टया पाया तेज रफ्तार रही हादसे का मुख्य कारण

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

**अमृत विचार :** जिले में पटियाली, अलीगंज स्टेट हाईवे पर ट्रैक्टर ट्रॉली हादसे की परिवहन विभाग ने तकनीकी जांच शुरू की है। प्रथम दृष्टया जांच में पाया गया है कि ट्रैक्टर चालक गौरव की लापरवाही से 23 श्रद्धालुओं की जान चली गई। रिपोर्ट शासन को भेजी गई है। बहरहाल यदि समय रहते परिवहन विभाग अभियान चलाता तो यह हादसा नहीं होता।

दिल दहलाने वाले इस हादसे के बाद शासन-प्रशासन सक्रिय हैं। हर कोई इस घटना को लेकर द्रवित दिखाई दे रहा है। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राष्ट्रपति सभी ने दुख जाहिर किया है। हर पहलू पर जांच के आदेश दिए गए हैं। परिवहन विभाग को मामले की जांच के निर्देश मिले हैं। इधर एआरटीओ आरपी मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर तकनीकी जांच की और जांच में पाया कि ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से यह हादसा हुआ है और 23 लोगों की जान चली गई। जांच में अनुसार ट्रैक्टर के ब्रेक अनलॉक थे और दाएं हाथ की तरफ ब्रेक दबने के कारण ट्रैक्टर अनियंत्रित हुआ। परिवहन विभाग ने अपनी रिपोर्ट शासन को भेज दी है। साथ ही स्पष्ट किया है कि अभी और भी कई पहलू पर जांच कर रहे हैं।

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने भी इस घटना पर दुख जाहिर किया है। उन्होंने लिखा है कि उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले में एक ट्रैक्टर ट्रॉली के तालाब में गिरने से महिलाओं बच्चों सहित अन्य की मृत्यु होना एक हृदय विदारक दुर्घटना है। अपने परिजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति मैं गहन शोक संवेदना व्यक्त करती हूं और घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।


दूसरे दिन भी 23 लोगों की जान लेने वाले तालाब को देखते बड़ी संख्या में लोग।

- **परिवहन विभाग समय रहते चलाता अभियान तो शायद न होता यह हादसा**

> चालक की लापरवाही से यह हादसा हुआ है। मामले की तकनीकी जांच की गई है। कई अन्य पहलुओं पर भी जांच कर रहे हैं। शासन को रिपोर्ट भेज दी गई है।
>
> **- आरपी मिश्रा, एआरटीओ**

### पानी में उतराती रहीं दूध की बोतल और चप्पलें



दूसरे दिन तालाब के पानी में दूध की बोतलें और चप्पलें उतराती दिखी। लोग दूसरे दिन भी घटना स्थल पर जमा दिखाई दिए। लोगों में चर्चा दिखी कि जल संरक्षण का श्रोत खूनी तालाब बन गया है। हालांकि सभी श्रद्धालुओं को तालाब से निकाले जाने की पुष्टि होने के बाद तालाब का पानी पूरी तरह खाली नहीं किया गया है। बच्चों के दूध की बोतलें और चप्पल इस बात की गवाही दे रही थी कि बेहद दर्दनाक मौत हुई है।

## सरकारी जमीन पर मकान के आरोप में विवाद, मारपीट

**जलेसर, अमृत विचार:** गांव अरबगढ़ में एक सप्ताह से सरकारी जमीन पर मकान व ट्यूबवेल बताकर उन्हें हटाने को लेकर दो गुटों में मारपीट हो गई। कोतवाली पर दोनों पक्षों की महिलाएं पहुंचीं।

अरबगढ़ निवासी विजय सिंह जाटव के मकान के पीछे खाली पड़ी जमीन पर डॉक्टर बी आर अंबेडकर की मूर्ति एवं पार्क बना हुआ है। विजय सिंह के पास राशन डीलर की दुकान भी थी एवं मौजूदा समय में पालिका परिषद में कार्यरत है। हाल में ही गांव में भीम आर्मी का गठन हुआ था। इसके बाद से विवाद की स्थिति उत्पन्न होती जा रही है। कुछ ग्रामीणों द्वारा विजय सिंह के मकान एवं ट्यूबवेल के बोरिंग के सरकारी भूमि पर बना होना बता मकान को तोड़ना चाहते हैं। रविवार सुबह मकान को तोड़े जाने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। मारपीट में एक बालिका एवं युवक घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने की धारा में मामला दर्ज कर लिया। हाल में ही इसी गांव के लिए जिला पंचायत के द्वारा सड़क का निर्माण कराया जा रहा था उसको लेकर भी विवाद की स्थिति बनी थी एवं मारपीट की घटना भी हुई थी।

# अब किसका शव आया होगा मनहूस घड़ी को कोसते रहे लोग

**कार्यालय संवाददाता, एटा / कासगंज**

- **शनिवार देर रात तक पहुंचाए गए 23 शव, चार गांवों में मचा रहा कोहराम**
- **किसी ने बच्चों को खोया तो किसी के मां-बाप की चली गई जान**

अमृत विचार : कासगंज में ट्रैक्टर-ट्रॉली हादसे के बाद एटा के गांव नगला कसा में शनिवार की देर शाम से शव पहुंचना शुरू हुए तो गांव का माहौल गमगीन हो गया। शव वाहन पहुंचने पर गांव के लोग वाहन की ओर दौड़े जा रहे थे। ग्रामीण देखना चाह रहे थे कि किसका शव आया। गांव की महिलाएं हो या बच्चे, युवा हों या बुजुर्ग, सभी की आंखें नम थीं। बस एक ही बात लोगों के मुंह से निकल रही थी कि किस मनहूस घड़ी में गंगा स्नान को गए थे।

शाम के समय शव पहुंचने पर कोई बेटे के लिए रो रहा था तो कोई पिता के लिए। किसी ने पत्नी को खोया तो किसी ने पति को। आलम ऐसा था कि मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों की भी आंखें नम हो गईं। प्रशासन ने शवों के अंतिम संस्कार की तैयारी की। लेकिन गांव के लोगों ने रात का हवाला देकर अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। कई लोगों ने रिश्तेदारों के आने का हवाला दिया। इसके बाद देर रात तक गांव में बस चीत्कारें ही सुनाई दे रही थीं।

### लाइट की कराई व्यवस्था

गांव में अंधेरा होने पर और शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया गया। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने गांव में लाइट की व्यवस्था कराई। इसके अलावा सर्दी से बचाव के इंतजाम करने की बात कही।

### प्रशासन ने मुहैया कराई अंतिम संस्कार की पूरी सामग्री

हादसा बड़ा था और लखनऊ से भी पल-पल की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। जिसके चलते हर तरह की व्यवस्थाएं बनाने में प्रशासन जुटा हुआ था। शनिवार की शाम को ही अंतिम संस्कार की संभावना को देखते हुए चिताओं के लिए लकड़ियां मंगवाकर रखबा दी गईं थीं। रविवार सुबह अंतिम संस्कार में प्रयुक्त की जाने वाली अन्य पूरी सामग्री भी सभी मृतकों के परिजन को मुहैया कराई गई।

# कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

**अमृत विचार:** पटियाली-अलीगंज स्टेट हाईवे पर तालाब में ट्रैक्टर ट्राली पलट जाने से हुई 23 मौत के बाद हर कोई द्रवित दिखाई दे रहा है।माहेश्वरी महिला समिति ने कासगंज में कैंडल मार्च निकाला है और नम आंखों से मृतकों के परिजनों को श्रद्धांजलि दी है। साथ ही ईश्वर से उनकी आत्मा शांति के लिए प्रार्थना की है।

माहेश्वरी महिला समिति की पदाधिकारी अलका माहेश्वरी, नीलम पल्तानी, सरिता पल्तानी, पूनम खटोर, पूनम लाहोटी, सोनल धूपर, बीना धूपर, नीलू, सोमवती के नेतृत्व में समाज की तमाम महिलाएं शहर के गांधी मूर्ति पर एकत्रित हुई और यहां मृतक श्रद्धालुओं की आत्मा की शांति के लिए शोक सभा की। ईश्वर से प्रार्थना की और कहा है ईश्वर मृतकों की आत्मा को शांति दे और उनके परिजनों को दुख की घड़ी में हिम्मत दें। वहीं घायलों के स्वस्थ होने की कामना की है। पदाधिकारियों ने कहा कि यह बहुत दुख की घड़ी है। इतना बड़ा हादसा हुआ। आज माहेश्वरी महिला समिति पूरी तरह पीड़ित परिवारों के साथ है।


कैंडल जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि देतीं माहेश्वरी महिला समिति की सदस्य।

### भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष का वार्ष्णेय समाज ने किया अभिनंदन

**जलेसर।** वार्ष्णेय समाज जलेसर के तत्वावधान में भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष गौरव वार्ष्णेय, आरएसएस के नगर कार्यवाह अटल बिहारी वार्ष्णेय, विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष गौरववार्ष्णेय ,उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष मनोज वार्ष्णेय बजरंगी, उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष विशन वार्ष्णेय कार श्रीजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में अभिनंदन व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। बुजुर्ग ललित मोहन वार्ष्णेय सुरेश चंद्र वार्ष्णेय, विशन वार्ष्णेय बोस ने कार्यक्रम में मौजूद युवाओं से आवाहन किया कि वह संगठित होकर कार्य करें। समाज के युवाओं को विभिन्न संगठनों द्वारा दी गई जिम्मेदारी को निर्वहन करने में सहयोग प्रदान करें। इस दौरान अध्यक्ष प्रदीप कुमार वार्ष्णेय, एडवोकेट शिव शंकर वार्ष्णेय, दीपक , बाबा गिर्राज वार्ष्णेय, दिलीप कुमार वार्ष्णेय मौजूद रहे।

# मृतक आश्रितों की दी छह-छह लाख की सहायता

**कार्यालय संवादाता, कासगंज**

- **गांव पहुंचे बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह और राजस्व राज्यमंत्री अनूप प्रधान**
- **सांसद, विधायकों और अधिकारियों की मौजूदगी में दिया गया चेक**

**अमृत विचार :** गांव नगला कसा में मातम है। शासन प्रशासन सब गंभीर है। बेसिक शिक्षा मंत्री एवं राजस्व राज्यमंत्री सांसद विधायकों के साथ गांव पहुंचे। मृतकों के आश्रितों को छह-छह लाख रुपये एवं घायलों के परिजनों को 50-50 हजार रुपये के चेक दिए।

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार बेसिक शिक्षा संदीप सिंह, राज्य मंत्री राजस्व विभाग अनूप प्रधान, सांसद मुकेश राजपूत, विधायक सत्यपाल सिंह राठौर, जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने थाना जैथरा क्षेत्र के गांव कसा पहुंचकर मृतक पारिवारीजनों से शोक संवेदना व्यक्त की। जन प्रतिनिधियों ने अंतिम संस्कार में सम्मिलित होने के उपरांत परिवारीजनों से घर जाकर वार्ता करते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया एवं मृतकों के परिवारीजनों को सहायता राशि के स्वीकृति पत्र प्रदान किया। राज्य मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि शनिवार को कासगंज के थाना पटियाली क्षेत्र की चौकी दरियावगंज में गंगा स्नान को जा रहे ग्राम कसा, रोरी, बनार थाना जैथरा जनपद एटा के श्रद्धालुओं की हृदय विदारक दुर्घटना में हुई मृत्यु पर मुख्यमंत्री ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। मृतकों के शोकाकुल परिजनों को मुख्यमंत्री द्वारा, मुख्यमंत्री राहत कोष से दो लाख रुपये प्रति व्यक्ति, दैवीय आपदा कोष से चार लाख रुपये प्रति व्यक्ति तथा घायलों के उपचार हेतु पचास हजार रुपये प्रति व्यक्ति की सहायता राशि दिये जाने की घोषणा की गयी है। मुख्यमंत्री एवं शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा की गई।

इसके बाद सभी 23 मृतकों का अंतिम संस्कार कराया गया। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश, एएसपी क्राइम योगेंद्र सिंह, एसडीएम सदर भावना, एसडीएम अलीगंज प्रतीत त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर राम नयन, क्षेत्राधिकारी अलीगंज, तहसीलदार अलीगंज राकेश कुमार, तहसीलदार सदर नीरज मौजूद रहे।


गांव कसा में मृतक आश्रितों को चेक देते बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह।

**पसरा मातम** इकलौता बेटा रहा न पत्नी, उजड़ गया गौरव का परिवार, दो अन्य परिवारों से गईं 10 जानें

# कल तक थीं मुंडन की खुशियां, अब छाया मातम

**कार्यालय संवाददात, कासगंज/एटा**

**अमृत विचार :** कासगंज हादसे में गौरव का पूरा परिवार ही उजड़ गया। पत्नी की जान बची और न हीं बेटे की। जिस बेटे के मुंडन संस्कार की खुशियों से घर चहक रहा था, आज वहां मौत की चीखें थीं। इस हादसे में गौरव की मां और बुजुर्ग दादी की भी मौत हो गई। इसके अलावा दो अन्य परिवारों के 10 लोगों की जान चली गई।

गौरव का पूरा परिवार बेटे सिद्धू के मुंडन संस्कार को लेकर खुशियों में डूबा था। परिवार तो शामिल था ही अपने गांव के अलावा दूसरे गांवों लोग भी ट्रैक्टर ट्राली में सवार हो गए। खाना बनवाकर रख लिया कि गंगा घाट पर ही खाएंगे। शनिवार सुबह गंगा मइया का जयकारा लगाकर सभी चल दिए। नहीं पता था कि अब लौटना मुमकिन नहीं होगा। तालाब में ट्रैक्टर ट्राली गिरी तो गौरव के मासूम बेटे सिद्धू, मां सपना, दादी पुष्पा देवी और परदादी शकुंतला देवी की जान चली गई। अन्य 19 लोगों की भी मौत हो गई।

ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार को गौरव ने छह माह के बेटे सिद्धू के मुंडन संस्कार की बात की थी। इसके लिए शनिवार का दिन तय हुआ। गांव व परिवार के लोग मुंडन संस्कार और माघी पूर्णिमा पर गंगा स्नान को लेकर उत्साहित थे। पता नहीं कौन सी मनहूस घड़ी थी। ग्रामीण घटना के बारे में सोचकर सिहर उठे।

### तीन साल पहले हुई थी शादी, इकलौती संतान थी सिद्धू

गौरव की शादी सपना से तीन साल पहले हुई थी। दो साल से अधिक समय बाद पुत्र पैदा हुआ। दोनों की यह इकलौती संतान था जिसके चलते वह घर में सभी का लाडला था। यही वजह थी कि उसके मुंडन संस्कार में धूमधाम भी काफी थी। किसी को आभास नहीं था कि यह धूमधाम मातम में बदल जाएगी।

### आंगन हो गए वीरान, नहीं सुनाई दे रहीं किलकारियां

**कासगंज।** ट्रैक्टर-ट्रॉली के हादसे में आठ बच्चों की मौत हो गई। घर के आंगन में जिनकी किलकारियां गूंजती थी उनकी मौत के बाद इन घरों के आंगन वीरान हो गए। ये बच्चे न तो बचपन ही जी पाए और न ही जवानी देख पाए। बच्चों की मौत से परिवार के लोग चीत्कार कर रहे हैं वहीं बच्चों के शव देखकर न जाने कितने लोगों की आंखों में आंसू आ गए। इस हादसे में जिसका मुंडन संस्कार होना था उस बच्चे सिद्धू ( छह माह) की मौत हो गई। उसके अलावा देवांशी ( 5 वर्ष), कुलदीप ( 12 वर्ष), संध्या ( 3 वर्ष), कार्तिक ( 3 वर्ष), पायल ( दो माह), लड्डू उर्फ सनी ( 2वर्ष), सुनैना ( 10 वर्ष) प्रियांशु उर्फ रॉयल ( 6 वर्ष) की किलकारियां थम गईं। इन बच्चों की खेलकूद, मौज मस्ती और किलकारियों के सहारे इनके माता पिता का जीवन कट रहा था। बच्चों की मौत से हर कोई द्रवित था। अस्पताल में और पोस्टमार्टम गृह पर घटना की सूचना पर पहुंचने वाले लोग इन बच्चों के शव देखकर भावुक हो रहे थे।

### श्रवण गंगा समिति ने 52 वाहनों से 2100 श्रद्धालुओं को भेजा गंगा घाट

**अवागढ़, अमृत विचार:** माघ पूर्णिमा पर श्रवण गंगा सेवा समिति लालपुर द्वारा 2100 से अधिक श्रद्धालुओं को निशुल्क गंगा स्नान यात्रा के लिए 41 बसों और 11 कारों से कछला भेजा गया। श्रद्धालुओं व साधुओं को रजावली चौराहा के पास एकत्रित कर समिति के सचिव पूर्व जिला पंचायत सदस्य सूर्यप्रताप सिंह सूरज ने गणेश भगवान की आरती कर, हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा करने वालों में, फिरोजाबाद, आगरा, एटा, हाथरस जिलों से आए महिलाएं एवं पुरुष शामिल हैं। समिति सचिव ने बताया कि वह लगभग दो वर्ष से प्रत्येक माह की पूर्णिमा को गंगा स्नान के लिए निशुल्क यात्रा भेज रहे हैं। यह 23 वीं गंगा स्नान यात्रा है। प्रभारी गपेंद्र जादौन गप्पु, विश्वनाथ, शिवम्, भवरपाल सिंह, अमन,अतुल, आदि थे।

# निषाद पार्टी नेताओं ने मृतकों के परिजनों को दी सांत्वना

**संवाददाता, एटा**

**अमृत विचार:** निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार कश्यप व प्रदेश सचिव रामपाल सिहं कश्यप के साथ प्रतिनिधि मडंल ने रविवार को ग्राम नगला कसा में मृतकों के परिजनों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कश्यप समाज के मृतक छह लोगों के परिजनों से फोन पर कैबिनेट मंत्री डा. संजय कुमार निषाद से वार्ता करायी।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि कश्यप समाज के जो छह लोग दुर्घटना में कालकलवित हुए हैं उनके परिजनों को मछुआ कल्याण कोष से भी अनुमन्य आर्थिक सहायता दिलाने के लिए जिलाधिकारी के माध्यम से मत्स्य मंत्रालय को निषाद पार्टी की ओर से पत्र भेजा जाएगा। प्रतिनिधि मडंल में महेश चन्द वर्मा, डा. सुभाष शाक्य, डा. अनूप सिंह राठौर, डा. पुष्पेन्द्र सिंह यादव, पं. सुभाष उपाध्याय, रामविलास कश्यप आदि लोग मौजूद रहे।


मृतकों के परिजनों को सांत्वना देते निषाद पार्टी के पदाधिकारी। मौके ● अमृत विचार

आखिर कब तक शर्माते रहोगे




हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें

शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी बवासीर, शुगर व निःसंतान रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीध्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीध्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल-7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी-16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीध्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google

भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट

डा. शेख
Best Sexologist in india

मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया बरेली
9837023223

# ट्रैक्टर ट्रालियों से यात्रा पर की जाएगी सख्ती, चलेगा अभियान

## पंचायती राज विभाग और पुलिस संयुक्त रूप से चलाएंगे अभियान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** ट्रैक्टर ट्रॉली से यात्रा करने पर प्रतिबंध लगा हुआ है। इस प्रतिबंध के बावजूद जमकर यात्रा हो रही है और हादसे हो रहे हैं। 23 मौतों के बाद अब परिवहन विभाग की नींद टूटती दिख रही है। पंचायती राज विभाग और पुलिस से परिवहन विभाग ने सहयोग की अपेक्षा की है।

पंचायती राज विभाग को लिखे पत्र में एआरटीओ आरपी मिश्रा ने कहा कि ग्रामीण अंचल के लोग बड़ी संख्या में ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर गंगा स्नान व अन्य यात्रएं करते हैं। कासगंज जिले में यह लंबी परंपरा है। लोग गंगा स्नान के लिए ट्रैक्टर ट्रॉली से ही जाते हैं। ऐसे में ट्रैक्टर ट्रॉली पर प्रतिबंध लगना जरूरी है। शासन के आदेश पर परिवहन विभाग तो कार्यवाही कर रहा है, बल्कि अब ग्राम प्रधानों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जाए कि ट्रैक्टर ट्रॉली से लोग यात्रा न करें। ट्रैक्टर को सिर्फ कृषि कार्य में ही प्रयोग किया जाए। इसके अलावा एआरटीओ ने पुलिस से भी सहयोग मांगा है। क्योंकि शिवरात्री पर्व आ रहा है और शिवरात्रि पर्व पर बड़ी संख्या में लोग ट्रैक्टर ट्रॉली में बैठकर गंगा घाट तक पहुंचते हैं। भीड़ अधिक होती है। उस समय हादसे का खतरा बना रहता है। एसपी के माध्यम से सभी थाना प्रभारियों से अपेक्षा की जाएगी कि वे विशेष अभियान चलाएं।



ट्रैक्टर ट्रॉली में यात्रा करते लोग। ● अमृत विचार

- **शिवरात्री पर्व पर ट्रैक्टर ट्रॉलियों से बड़ी संख्या में आते हैं लोग**

> ट्रैक्टर ट्रॉली से यात्रा प्रतिबंधित है। पंचायती राज विभाग और पुलिस का सहयोग लेकर ट्रैक्टर ट्रॉली से यात्रा पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाएंगे।
> – **आरपी मिश्रा**, एआरटीओ

### किनारे बैठने से बच गई कई लोगों की जान

शनिवार को बच्चे के मुंडन व गंगा स्नान के लिए ट्रैक्टर -ट्रॉली में सवार होकर जा रहे लोगों में से एक दर्जन से अधिक लोग ऐसे हैं जो ट्रैक्टर के चालक के आसपास बैठे हुए थे या फिर ट्रॉली की हुक पर बैठे थे। इन लोगों ने जैसे ही ट्रैक्टर को अनियंत्रित होते देखा तुरंत कूद गए, जिससे उनकी जान बच गई। चालक ने बताया कि उनके पास अवनेश, हरनाथ, महेंद्र व दर्शन बैठे हुए थे। इसके अलावा कुछ लोग हुक पर बैठे हुए थे। कई लोग ट्रॉली किनारे पर थे। ऐसे लगभग एक दर्जन लोग थे जो ट्रैक्टर-ट्राली से या तो पानी में गिर गए या फिर कूद गए, जिससे उनकी जान बच गई।

## ट्रक और एंबूलेंस में भिड़ंत, चालक परिचालक घायल

**कासगंज, अमृत विचार :** थाना ढोलना क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार रात ट्रक और एंबुलेंस में आमने-सामने की भिडंत हो गई। जिसमें दोनों वाहनों के चालक और परिचालक घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल एंबुलेंस के चालक-परिचालक को रेफर किया गया है। मामले में विधिक कार्रवाई नहीं हुई है।

घटना शनिवार रात 11 बजे की है। थाना ढोलना क्षेत्र में अतरौली मार्ग पर ट्रक और एंबुलेंस में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। घटना में एंबुलेंस चालक आर्यन पुत्र नेत्रपाल निवासी गांव उतरना थाना मुसाझाग जिला बदायूं एवं परिचालक उमेश चंद्र पुत्र सुरेश चंद्र निवासी बहादुर नगर थाना सोरों, ट्रक चालक धर्मेंद्र पुत्र भीष्मपाल निवासी वेदरामपुर थाना पहासू जिला बुलंदशहर एवं इसी गांव का परिचालक गिरीश पुत्र रामप्रसाद घायल हो गए। जानकारी मिलते ही ढोलना के इंस्पेक्टर अजयवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल एंबूलेंस के चालक परिचालक को अलीगढ़ रेफर कर दिया।

# वेद मंत्रों से गूंजा छावनी घाट का नवनिर्मित मंदिर



प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व कस्बे में निकाली गई शोभायात्रा। ● अमृत विचार

संवाददाता, सोरोंजी

- **कुश्वेश्वर महादेव की परिवार सहित की गई प्राण प्रतिष्ठा**
- **प्राण प्रतिष्ठा पूर्व कस्बे में निकाली गई देव प्रतिमाओं की शोभायात्रा**

**अमृत विचार :** तीर्थ नगरी सोरों के हरि की पौड़ी स्थित छावनी वाले घाट पर बनाए गए नवनिर्मित मंदिर में कुश्वेश्वर महाराज की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व कस्बे में प्रतिमाओं की शोभायात्रा निकाली गई। वातावरण वेदमंत्रों के स्वर से गुंजायमान हुआ।

रविवार को सुबह से ही हरि की पौड़ी के पश्चिमी तट स्थित छावनी घाट पर बनाए गए नवनिर्मित मंदिर पर वातावरण भक्तिमय था। लाउडस्पीकर पर धार्मिक भजनों का प्रसारण हो रहा था। गले में रामनामी पटुका डाले श्रद्धालु भगवान कुश्वेश्वर की जय-जयकार कर रहे थे। मौका था भगवान की प्रतिमा का प्रतिष्ठा का। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व कस्बे में प्रतिमाओं की शोभायात्रा निकाली गई। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने प्रतिमाओं की आरती उतारी। पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कस्बे में भ्रमण के बाद यात्रा मंदिर परिसर पर संपन्न हुई। यहां आचार्य राहुल वशिष्ठ ने विधि-विधान पूर्व वेद मंत्रों के साथ प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा कराई। श्याम सुंदर बडगैया, रामदेव भारद्वाज, हरीश दुबे, राममोहन भारद्वाज, नितिन भारद्वाज, लोकेश भारद्वाज, रोहित भारद्वाज, ईलू भारद्वाज, सचिन भारद्वाज, अभिषेक वाशिष्ठ, संगम तिवारी आदि मौजूद रहे।

## अंधविश्वास और जातिवाद के विरोधी थे संत रविदास



संत शिरोमणि रविदास और संत गाडगे के चित्र पर पुष्प अर्पित आंबेडकर अनुयायी।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** भारत रत्न डा. भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समारोह केंद्रीय समिति ने शहर के सोरों गेट स्थित आंबेडकर पार्क पर संत रविदास की जयंती मनाई। वक्ताओं ने संत रविदास के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। अनुयायियों ने रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

सर्वप्रथम डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा एवं संत शिरोमणि रविदास महाराज तथा संत गाडगे बाबा के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए। रामनाथ पुष्कर ने बताया कि संत रविदास ने समाज में अंधविश्वास, जातिवाद का घोर विरोध किया और लोगों को समानता का पाठ पढाया। संचालन कर रहे रामेश्वर दयाल जाटव ने कविता के माध्यम से संत शिरोमणि रविदास के कवि, क्रांतिकारी और समाज सुधारक रूप पर प्रकाश डाला। रामदास विजय, होशियार सिंह निमेष, आरसी राना, मोहनलाल सागर, ममता बौद्ध, धारा सिंह बौद्ध, रामकरन राज, एम.पी.सिंह, छोटेलाल शाक्य, राकेश कुमार नागर, वीरेंद्र माथुर आदि ने विचार रखे। कार्यक्रम में रामेश्वर दयाल जाटव, रामदास विजय, राजवीर सिंह गौतम, राम चंद्र राना, रवींद्र बाबू, राजेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार, राजेंद्र प्रसाद, पूरनमल बौद्ध, होशियार सिंह निमेष, बृजेश कुमार, प्रवीन कुमार, डीसी मोर्या, महेंद्र सिंह लोधी, योगेंद्र कुमार, मोहन लाल सागर, देवेंद्र कुमार पुष्कर, नंद किशोर आदि रहे।

## डॉक्टर के यहां दवा लेने गई विवाहिता लापता

**कासगंज, अमृत विचार :** सदर कोतवाली के गांव की महिला दवा लेने शहर गई, लेकिन वापस नहीं लौटी। महिला के गुम हो जाने पर पति ने एक व्यक्ति पर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। मामले में सदर कोतवाली में एक व्यक्ति के विरुद्ध एफआइआर दर्ज कराई गई है।

सदर कोतवाली के गांव निवासी एक व्यक्ति का आरोप है कि उसकी पत्नी कासगंज में डाक्टर के यहां दवा लेने गई, लेकिन वापस नहीं लौटी। पत्नी अपने साथ 32 हजार रुपये और जेवरात भी ले गई। काफी प्रयास के बावजूद कोई पता नहीं लगा है। पति ने गांव के ही रिंकू पर पत्नी को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाकर कोतवाली में तहरीर दी है। बताया कि जब वह रिंकू की शिकायत लेकर उसके परिजनों के पास गया तो रिंकू के भाई टिंकू और उसकी मां ने गाली गलौज कर मारपीट कर भगा दिया। इंस्पेक्टर सुधीर कुमार राघव ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी और महिला की तलाश व मामले की जांच कर रही है।

# कांवड़ मेला की तैयारियां तेज

संवाददाता, सोरोंजी

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि कांवड़ मेले को लेकर नगर पालिका प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। रविवार को पालिकाध्यक्ष ने लहरा गंगाघाट का निरीक्षण किया। शिव भक्त कांवड़ियों की सुविधाओं के दृष्टिगत व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश ईओ को दिए।

आठ मार्च को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाएगा। तीर्थ नगरी सोरों के लहरा गंगाघाट पर कांवड़ में जल लेने के लिए शिवभक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। घाट पर शिवभक्तों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए पालिका प्रशासन यहां व्यवस्थाएं दुरुस्त करेगा।

पालिकाध्यक्ष रामेश्वर दयाल महेरे रविवार को लहरा गंगाघाट पहुंचे। उन्होंने यहां कांवड़ियों की सुविधाओं के दृष्टिगत व्यवस्थाओं से संबंधी निर्देश दिए। उन्होंने ईओ मुकेश कुमार को निर्देशित किया कि लहरा गंगाघाट पर सफाई व्यवस्था कराई जाए। प्रकाश की समुचित व्यवस्था हो। अस्थाई शौचालय बनाए जाएं। कांवड़ियों की सुविधा के दृष्टिगत जो भी व्यवस्थाएं हों वो की जाएं जिससे शिवभक्तों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। मेले तक सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई जाएं। शैलेंद्र सिंह, सत्यम चतर्वेदी, आकाश महेरे, सचिन चौधरी, सभासद और पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।



लहरा गंगाघाट पर निरीक्षण करते सोरोंजी के पालिकाध्यक्ष रामेश्वर दयाल महेरे।

- **पालिकाध्यक्ष ने लहरा गंगाघाट का किया निरीक्षण**
- **व्यवस्थाएं दुरुस्त कराए जाने के ईओ को दिए निर्देश**

## परीक्षा देने गई छात्रा नहीं लौटी वापस पुलिस कर रही तलाश

**कासगंज ,अमृत विचार :** इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र गई छात्रा वापस नहीं लौटी । परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताई है। अज्ञात के विरुद्ध तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू की है।

कस्बा सिढ़पुरा की एक बस्ती से एक छात्रा 22 फरवरी को इंटरमीडिएट की परीक्षा देने गई थी। छात्रा देर शाम तक नहीं लौटी तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने उसे काफी तलाशा। नाते-रिस्तेदारों के यहां भी पता किया। सहेलियों से भी पूछताछ की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा तो परिजनों को अनहोनी की आशंका सताने लगी। पिता ने किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने की आशंका व्यक्त करते हुए पुलिस को तहरीर दी है। सिढ़पुरा इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच और लापता की तलाश में जुटी है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात



प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखते कार्यकर्ता।

संवाददाता, नगरिया

- **110वें एपिसोड का दिखाया गया लाइव प्रसारण**
- **नगरिया मंडल के 80 बूथों पर हुआ कार्यक्रम**

**अमृत विचार :** नगर मंडल के बूथ नंबर 15 पर पंचायत सचिवालय नगरिया में कार्यकर्ताओं ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात सुनी। इसमें बड़ी तादाद में मुस्लिम समाज के लोग भी उपस्थित रहे।

मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान ने कहा कि प्रत्येक महीने के अंतिम रविवार को होने वाले इस कार्यक्रम से लोगों में नई ऊर्जा का संचार होता है। प्रधानमंत्री के द्वारा विविध क्षेत्रों में सफलता के जिन आयामों की चर्चा की जाती है वे आमजनमानस के लिए प्रेरणाप्रद होते हैं। रफीक अहमद ने कहा मुसलमानों का किसी भी पार्टी ने भला नहीं किया, लेकिन भाजपा की सरकार में बिना किसी भेदभाव के मुस्लिम समाज को सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। जिससे पार्टी का सबका साथ सबका विकास का नारा सही साबित होता है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में कानून का राज स्थापित करने को योगी सरकार की सराहना की। चांद मियां , डा. जाकिर हुसैन, इमरान, रियाजुल, नदीम, आबिद, मैदान शाह, मुजीब सैफी, अदनान, मुकेश साहू आदि रहे।

# व्यापारी और व्यापार हित में कार्य करें पदाधिकारी

संवाददाता, गंजडुंडवारा

**अमृत विचार :** उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट की बैठक रेलवे रोड स्थित नगर प्रभारी ऋषि वार्ष्णेय के आवास पर हुई जिसमें नवीन नगर कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिलाध्यक्ष ने नए पदाधिकारियों से व्यापार और व्यापारी हित में कार्य करने को कहा।

जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र वार्ष्णेय की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी गठित हुई। नई कार्यकारिणी में पूर्व सभासद रामकुमार गुप्ता को नगर अध्यक्ष, उदित विजयवर्गीय व शाहिद पोपुलर को महामंत्री मनोनित किया गया। नगर प्रभारी ऋषि कुमार वार्ष्णेय को बनाया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजहर हुसैन, अजय गुप्ता, हलीम अंसारी बनाए गए। नगर चेयरमैन अमित गुप्ता चंद्रा, कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी समाजसेवी गौरव कुमार गुप्ता को सौंपी गई। नवीन वर्मा, नारायण जैन, मुबीन अंसारी, सतीश चंद्र, किशन दिवाकर, सौरभ गुप्ता, कृष्ण कुमार सिंह, अखंड प्रताप सिंह, प्रमोद राठौर, नवीन गुप्ता, सचिन गुप्ता, स्कंद महाजन, रवि शाक्य, शमशुल अंसारी आदि मौजूद रहे।



जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र वार्ष्णेय के साथ चुने गए नए पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- **उद्योग व्यापार मंडल की नगर कार्यकारिणी का किया गया गठन**
- **नए पदाधिकारियों का फूल माला पहनाकर किया गया स्वागत**

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली

RMC BAREILLY Excellence towards profession

FREE ओ. पी. डी. परामर्श

बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के निःशुल्क परामर्श के लिए मिलें

मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क परामर्श

दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024

समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक

स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084



डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई

रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900 , 8006460900

Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

# भरगैन के जंगल में बनाए जा रहे हथियार पकड़े, दो लोग गिरफ्तार

## पटियाली कोतवाली पुलिस और एसओजी टीम ने जंगल में मारा छापा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



जानकारी देती एसपी अपर्णा रजत कौशिक।

- असलहा बना रहे दो लोगों को किया गिरफ्तार, दो मौके से भागे

**अमृत विचार :** जिले की पटियाली कोतवाली पुलिस एवं सर्विलांस टीम ने कस्बा भरगैन के जंगलों में अवैध हथियार बनाए जाने की सूचना पर छापा मारा। मौके से असलाह बनाते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। जबकि दो लोग पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। मौके से बने अधबने असलाह, कारतूस और असलहा बनाने के उपकरण और सामग्री बरामद हुई है।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने अवैध कारोबारों पर शिकंजा कसने के निर्देश पुलिस का दिए हैं। जिला पुलिस द्वारा जुआ, सट्टा, अवैध शराब, अवैध असलहा व अन्य अवैध कारोबारियों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है।पटियाली के सीओ विजय कुमार राणा को सूचना मिली कि भरगैन के जंगल में शस्त्र फैक्ट्री संचालित है और लोकसभा चुनाव को प्रभवित करने के लिए वहां अवैध असलहा बनाए जा रहे हैं। सीओ ने कोतवाली पुलिस एवं सर्विलांस टीम को कार्रवाई के निर्देश दिए। मिली सूचना के आधार पर जंगल में छापा मारा। जहां असलहा बना रहे लोग पुलिस को देख भाग छूटे।

पुलिस ने भाग रहे लोगों में से दो को गिरफ्तार कर लिया। जबकि दो पुलिस को चकमा देर मौके से फरार हो गए। प्रेसवार्ता कर एसपी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी तोताराम, रोहित निवासीगण ग्राम सिरसा थाना कंपिल जिला फर्रुखाबाद के विरुद्ध पटियाली कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है। फरार आरोपितों की तलाश की जा रही है।

### आरोपियों का है आपराधिक इतिहास

पटियाली के इंस्पेक्टर गोविंद वल्लभ शर्मा ने बताया कि आरोपी तोताराम के विरुद्ध फर्रुखाबाद के कंपिल में दर्जन भर से अधिक विभिन्न आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी रोहित पर भी कंपिल थाने में आधा दर्जन से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### यह हुई है बरामदगी

पांच अदद तमंचे देशी 315 बोर, एक तमंचा अधबना, एक अदद बन्दूक देशी 12 बोर, चार अदद कारतूस जिंदा, एक कारतूस जिंदा, शस्त्र बनाने के उपकरण आरी, सुम्भी, पंखा, भट्टी, रेती, नाल,पाइप, पम्प, हथोड़ी, छेनी, लोहे के नाल, ब्लेड, रेगमाल, बाल्टी, बर्मा, सिडासी, लोहे की कटी पत्ती, कटर, लकड़ी के टुकड़े आदि की बरामदी हुई है।

## जिला व्यापारी सम्मेलन में आज आएंगे प्रदेश अध्यक्ष

**कासगंज, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का जिला स्तरीय व्यापारी सम्मेलन शहर के होटल में होगा। सम्मेलन में जिले भर के व्यापारी सहभागिता करेंगे।

व्यापार मंडल के अध्यक्ष सतीश गुप्ता एवं नगर अध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल ने बताया कि रविवार को हुई बैठक में तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एटा कासगंज के सांसद राजवीर सिंह होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एमएलसी रजनीकांत माहेश्ववरी द्वारा की जाएगी। मुख्य वक्ता के रूप में व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में सदर विधायक देवेंद्र राजपूत, अमांपुर के विधायक हरिओम वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष रत्नेश कश्यप, भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, डीएम सुधा वर्मा, एसपी अपर्णा रजत कौशिक, पालिकाध्यक्ष मीना माहेश्वरी विशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगी।।

# किसानों के लिए अंतिम सांस तक लड़ता रहूंगा: ठा. भानुप्रताप

संवाददाता, एटा



किसानों की समस्याओं को लेकर नारेवाजी करते किसान नेता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** किसानो की समस्याओं के समाधान के लिए पिछले 40 वर्षों से प्रदेश एवं केंद्र की सरकारों से लड़ाई लड़ता रहा हूं। किसानों की लड़ाई के लिए शिक्षक की सरकारी नौकरी को लात मार दी। किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु महेंद्र सिंह टिकैत के साथ जुड़ा था। अपने अथक प्रयासों के चलते किसानों को ट्यूबवेल की बिजली प्रदेश में निशुल्क कराई थी। अन्य समस्याओं का भी समाधान कराया।

अपनी अंतिम सांस तक समस्याओं का समाधान हेतु संघर्ष करता रहूंगा। उक्त विचार भारतीय किसान यूनियन भानू एवं किसान क्रांति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह ने जलेसर सिकंदरा राऊ मार्ग स्थित गुप्ता फार्म हाउस पर व्यक्त किए। वह बनवारीपुर हाथरस में भागवत कथा के लिए जा रहे थे।

उन्होंने बताया कि वह किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु दो दिन पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं प्रमुख सचिव संजय प्रसाद से मिले थे। उन्होंने किसान आयोग के गठन की मांग के साथ-साथ किसानों के कर्ज माफ करने किसानों की 60 वर्ष आयु पूर्ण होने पर उन्हें पेंशन दिलाने किसानों पर दर्ज झूठे मुकदमे वापस लेने के साथ-साथ अन्य दर्जन भर मांगे रखीं। समस्याओं के समाधान हेतु मुख्यमंत्री एवं प्रमुख सचिव ने आश्वस्त किया है।

प्रदेश महासचिव गौरव प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष पंकज ठाकुर, जनपद फिरोजाबाद के जिला अध्यक्ष बिन्नी ठाकुर, आकाश गुप्ता, रोहित सिंह सहित दर्जनों किसान नेता मौजूद थे।

### भाजपा में जाने की चर्चाओं को चेयरमैन ने बताया निर्मूल

**गंजडुंडवारा।** लोकसभा चुनाव से पूर्व राजनैतिक सरगर्मियां बढ़ गयी हैं। नेताओं के दलबदल का सिलसिला भी जारी है। चुनाव से पहले सपा को झटका लगने की सुगबुगाहट सियासी हवाओं में तैर रही है। नगर पालिकाध्यक्ष मुनव्वर हुसैन के भाजपा में जाने की चर्चा है। हालांकि उन्होंने इन चर्चाओं को निर्मूल बताया है। हाजी मुनव्वर हुसैन का पटियाली क्षेत्र के मुस्लिम वोटरों पर अच्छा प्रभाव है। इनके विरोध के चलते कई दिग्गजों को हार का मुंह देखना पड़ा था। 1990 के दशक में कस्बे में दंगे में इनका नाम सुर्खियों में आया था। दो बार पटिलायी विधानसभा सीट से चुनाव भी लड चुके हैं, लेकिन इन चुनावों में उन्हे सफलता हासिल नही हुई थी। मुनव्वर हुसैन 1988 व 1995 में पालिकाध्यक्ष रहे व 2012 में उनकी पत्नी नजमा बेगम पालिकाध्यक्ष रह चुकी हैं। पालिकाध्यक्ष गंजडुंडवारा मुनव्वर हुसैन ने बताया कि सांसद राजवीर सिंह पालिका के पदेन सदस्य हैं। उनके गंजडुंडवारा आने पर पालिका स्वागत कार्यक्रम करने का मन बना रही है। हमारे भाजपा में जाने की यदि कोई चर्चा है तो गलत है। भाजपा में नहीं जा रहे हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## बोर्ड परीक्षा के दौरान 24 घंटे तक सुचारू रखी जाए बिजली आपूर्ति

**कासगंज, अमृत विचार :** बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों का संचालन होना है। ऐसे में हर पल विद्युत आपूर्ति की जरुरत है। माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बिजली विभाग के अधिकारियों को पत्र लिखकर 24 घंटे आपूर्ति की मांग की है। डीआइओएस प्रदीप कुमार मौर्य ने विद्युत विभाग के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्र के अधिशाषी अभियंता को पत्र लिखा है।

कहा है कि 22 फरवरी से शुरू हुई परीक्षाएं नौ मार्च तक होगी। परीक्षा को नकल विहीन शांतिपूर्ण एवं परदर्शिता से संपन्न कराए जाने के लिए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। कैमरों की आनलाइन मानिटरिंग शासन स्तर पर की जा रही है। इसके अलावा क्षेत्रीय कार्यालय मंडल और जिला स्तर पर भी निगरानी हो रही है। जहां प्रश्न पत्र रखे हैं उस स्ट्रांग रूम की भी सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। ऐसे में 24 घंटे कैमरों का संचालन कराया है। इसलिए आपूर्ति 24 घंटे दी जाए। डीआइओएस पीके मौर्य ने बताया कि जिले के 67 परीक्षा केंद्रों पर कैमरे लगे है। स्ट्रांग रूम पर भी कैमरा लगे हैं, लेकिन 24 घंटे आपूर्ति नहीं मिलेगी तो कैमरों का संचालन नियमित नहीं हो पाएगा। इसके लिए बिजली विभाग के अधिकारियों को पत्र लिखा है।

# सामूहिक विवाह: 150 जोड़े बंधे दांपत्य सूत्र में

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



विकास खंड कासगंज सभागर में नवयुगलों को अशीर्वाद देते जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी। ● अमृत विचार

- नवयुगलों को जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने दिया आशीर्वाद
- वैदिक रीति रिवाजों एवं धार्मिक परंपराओं से हुआ विवाह

**अमृत विचार :** रविवार को जिले के सभी विकास खंडों में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन हुआ। इसमें 150 जोड़े दांपत्य सूत्र बंधन बंधे। वैदिक रीति रिवाजों एवं धार्मिक परंपराओं के साथ विवाह कार्यक्रम संपन्न कराया गया। नव युगलों को जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने आशीर्वाद देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में ब्लॉक परिसर कासगंज में 29, ब्लॉक सोरों में 19, नगरीय निकाय कासगंज से एक, बिलराम नगर निकाय से एक, एवं नगरीय निकाय सोरों से चार सहित कुल 54 जोड़ों का विवाह हुआ। विकासखंड सहावर स्थित लांग लाखन मैरिज होम रानी अवंतीबाई नगर मोहनपुर रोड सहावर में ब्लॉक सहावर21, ब्लॉक अमापर 19, नगरीय निकाय अमांपुर से एक कुल 41 तथा ब्लॉक सिढ़पुरा स्थित बृज फार्म हाउस एटा रोड सिढ़पुरा में ब्लॉक पटियाली से 13, ब्लॉक सिढ़पुरा से 20, ब्लॉक गंजडुण्डवारा 20 नगरीय निकाय पटियाली एवं सिढ़पुरा के दो जोड़ों सहित कुल 55 जोड़ों का विवाह कराया गया। सांसद प्रतिनिधि डा केत सिंह वर्मा, सीडीओ सचिन, खंड विकास अधिकारी चरन सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पांडेय, ब्लॉक प्रमुख कासगंज यशवीर सिंह, भाजपा नेत्री अनीता उपाध्याय ने नवयुगलों को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

सीडीओ सचिन ने कहा कि शुभ विवाह/पाणिग्रहण संस्कार जीवन का एक पवित्र गठबंधन है। दंपती एक दूसरे के साथ समर्पित जीवन जीते हुए समाज एवं देश में अपना योगदान देते हैं।

### संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत

**एटा।** कोतवाली नगर क्षेत्र के अन्तर्गत एक अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। शहर क्षेत्र के मोहल्ला राधा बिहार सुनहरीनगर निवासी तेजप्रताप सिंह (50) पुत्र उमाशंकर की रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में घर पर ही मौत हो गई। फिर भी परिजन उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डाक्टर ने भी मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि तेजप्रताप सिंह अचानक घर पर गिर गए और तबियत बिगड़ गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

## कासगंज जिले के सात अंडरपास का होगा वर्चुअल उद्घाटन

**कासगंज, अमृत विचार:** सुरक्षा के दृष्टिकोण जिले में बनाए गए अंडरपास का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। वर्चुअल उद्घाटन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया जाएगा। स्थानीय स्तर पर प्रधान अतिथि रहेंगे। वही सरकारी स्कूल के बच्चों को कार्यक्रम के लिए बुलाया गया है। इन बच्चों को रेलवे सम्मानित भी करेगा।

मुख्य कार्यालय अधीक्षक सतीश कुमार, सीनियर सेक्शन इंजीनियर राकेश गौतम कार्यक्रम की व्यवस्था देख रहे हैं। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम की उद्घाटन करेंगे। गांव नगला टीका, नगला नवल अलीपुर दादर, नगला चीना, जमालपुर, एग्वां और मामों के अंडरपास का उद्घाटन किया जाएगा। वैसे तो पूरे भारत में 1500 अंडरपास का उद्घाटन होगा, लेकिन इनमें कासगंज के सात अंडरपास भी शामिल हैं। अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया है। पीआरओ रेलवे राजेंद्र सिंह ने बताया कि कासगंज में सात अंडरपास का वर्चुअल उद्घाटन होगा। इसके अलावा कासगंज ट्रैक से कानपुर, मथुरा, बरेली की ओर अन्य अंडरपास का भी उद्घाटन किया जाएगा।

# बाइक सवार दो भाइयों की दुर्घटना में मौत

संवाददाता, एटा



मृतक भूपेन्द्र और संकेत का फाइल फोटो।

**अमृत विचार:** जलेसर कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत शादी समारोह से लौट रहे दो सगे भाइयों की बाइक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। हादसे में दोनों भाइयों की मौत हो गई।

जनपद हाथरस के सिकंदराराऊ थानान्तर्गत ग्राम मितौली किशनपुर निवासी भूपेन्द्र सिंह (24), संकेत (20) पुत्रगण स्व. देवेन्द्र सिंह शनिवार की रात 9:30 बजे हाथरस के सहपऊ थाना क्षेत्र के गांव बुडाइच गांव से बाइक से लौट रहे थे। इस गांव में इनकी बुआ सुनीता पत्नी मुनेश कुमार की बेटी गीता और शिवांगी की शादी थी। जलेसर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत जलेसर-सिकंदराराऊ मार्ग स्थित गांव पत्थर की सराय और गैस एजेंसी के मध्य अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों भाइयों की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

**अब घर में रह गई सास-बहू:** सिकंदराराऊ के गांव मितौली किशनपुर निवासी किशन कुमार ने बताया उसके चाचा देवेन्द्र की पूर्व में ही मौत हो चुकी है। चाचा का 26 वर्षीय बड़ा पुत्र कपिल चालक था, उसका एक सड़क हादसे में निधन हो गया था। छोड़े बेटा भूपेन्द्र की 9 माह पूर्व स्वेता से शादी हुई थी। शनिवार की रात भूपेन्द्र और उसके छोटे भाई संकेत की भी सड़क हादसे में मौत हो गई। अब भूपेन्द्र के घर पर मां ओमवती और स्वेता ही रह गईं।

### दूध टैंकर की टक्कर से महिला की मौत

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम नरहरा निवासी कुषमादेवी (33) पत्नी अरविंद सिंह शनिवार की देर रात क्षेत्र के गांव कुसाड़ी के पास पैदल जा रही थी। तभी तेज रफ्तार दूध के टेंकर ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल महिला को अस्पताल लाया गया। जहा डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। आरोपी चालक फरार बताया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सुपुर्द कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
RMCH BAREILLY Excellence towards profession
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शैल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
यह सुविधा 15 फरवरी 2024 से 26 फरवरी 2024 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन
भर्ती मरीजों की मुफ्त जाँचें
नार्मल व सिजेरियन डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में हेड सीटी 800/- में
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत फाईलेरिया की दवाई रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 1167 में मुफ्त में मिलेगी।
भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. सी.ए.आर.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
*T&C Apply
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था
*एंट्री लेवल

# शहर में अतिक्रमणकारियों को एसपी ने दी हिदायत



सोरों गेट क्षेत्र में अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देतीं एसपी अपर्णा रजत कौशिक।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- अधीनस्थों के साथ किया निरीक्षण, कहा-किसी भी हाल में नहीं होना चाहिए अतिक्रमण

**अमृत विचार:** जिले की एसपी रविवार की शाम शहर में भ्रमण के लिए निकलीं। उन्होंने आक्रमणकारियों को चेतावनी दी की तत्काल अतिक्रमण नहीं हटाया तो कड़ी कार्रवाई कर दी जाएगी। इसके बाद अतिक्रमणकारी अपना अतिक्रमण हटाते देखे गए।

एसपी अपर्णा रजत कौशिक अधीनस्थ अधिकारियों के साथ भ्रमण के लिए निकलीं। सर्कुलर रोड से लेकर सोरों गेट तक फोरलेन किनारे अतिक्रमण को देख नाराज हुईं। सोरों गेट पर उन्होंने सड़क पर सीमेंट पड़ा देखा। यहां कारोबारी ने सीमेंट सड़क किनारे डालकर अतिक्रमण कर लिया था। इसके अलावा चामुंडा मंदिर के समीप कई लोगों ने अतिक्रमण किया था। इस पर एसपी ने नाराजगी दिखाई दी और कड़ी कार्रवाई की हिदायत दी। कहा कि एक घंटे में अतिक्रमण न हटा तो सख्त कार्रवाई कर दी जाएगी।

# जिला न्यायालय में स्थापित कराया जाए पोस्ट ऑफिस

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



प्रशासनिक न्यायमूर्ति बृजराज सिंह का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत करते सिविल बार के अध्यक्ष शत्रुंजय गुप्ता। ● अमृत विचार

- अधिवक्ताओं ने प्रशासनिक न्यायमूर्ति के समक्ष रखीं समस्याएं

**अमृत विचार :** उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायमूर्ति का जिले के अधिवक्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। अधिवक्ताओं द्वारा न्यायालय परिसर में व्याप्त अव्यवस्थाओं को बताकर उनके समाधान की मांग की।

सिविल बार एसोसिएशन, कासगंज बार एसोसिएशन एवं शासकीय अधिवक्ताओं ने प्रशासनिक न्यायमूर्ति बृजराज से जिला न्यायालय परिसर में मुलाकात की। अधिवक्ताओं ने पुष्प भेंट कर उनका स्वागत किया। अधिवक्ताओं ने प्रशासनिक न्यायमूर्ति को बताया कि नैसर्गिक न्याय के लिए कई कागजी कार्रवाइयों की दरें काफी ऊंची है। इससे वादकारियों को परेशानी होती है। अतः दरें कम कराई जाए। न्यायालय परिसर में पोस्ट आफिस की स्थापना कराई जाए। अधिवक्ताओं ने अन्य समस्याओं को भी प्रशासनिक न्यायमूर्ति के समक्ष रखा और उनके समाधान की मांग की। प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने अधिवक्ताओं को समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

शत्रुंजय गुप्ता, महेंद्र पाल वर्मा, बाबी, चेतन चौहान, संदीप सिंह यदुवंशी, राजीव वशिष्ठ, अनिल यादव, संजीव दरक, गुरुदयाल सिंह, राकेश बिड़ला, जयशंकर दुबे, उपेंद्र मिश्रा, सत्येंद्र पाल सिंह बैस, श्यामसुंदर सोलंकी, अनूप भारद्वाज प्रेमपाल सिंह, अवधेश दीक्षित, बिजेंद्र सिंह, सुरेंद्र शर्मा, प्रेमवीर सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र शाहरूख बेग को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होगा। **समशुन निशा पत्नी जकी बेग निवासी मो. पठान हालपता मो. सुभाष नगर कस्बा पलिया कलां जिला खीरी**
**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# आगरा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को मिला जनसमर्थन

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा अंतिम पड़ाव पर पहुंची आगरा, राहुल- अखिलेश के साथ प्रियंका गांधी भी हुईं शामिल

संवाददाता, आगरा/अलीगढ़

**अमृत विचार:** राहुल गांधी और अखिलेश यादव की जोड़ी सात साल बाद फिर आगरा की सड़कों पर नजर आई। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के आखिरी पड़ाव पर अखिलेश-राहुल एक साथ दिखाई दिए। अखिलेश और राहुल की जोड़ी को आगरा में जोरदार जन समर्थन मिला। टेढ़ी बगिया से निकली यात्रा में इस जोड़ी का लोगों ने जमकर स्वागत और समर्थन किया । उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और सपा के गठबंधन की महानायक प्रियंका गांधी भी इस यात्रा में शामिल थीं । यह जोड़ी 2017 के विधानसभा चुनाव में भी लोगों के सामने आई थी और इसी तरह जन समर्थन मिला था हालांकि तब परिणाम उम्मीद के विपरीत मिले थे।

उत्तर प्रदेश के ब्रज क्षेत्र में रविवार को राहुल गांधी की न्याय यात्रा की शुरुआत अलीगढ़ के जमालपुर से हुई। अतरौली होते हुए अलीगढ़ के शमशाबाद चौक पर पहुंची यहां पर राहुल गांधी ने एक जनसभा को संबोधित किया । उन्होंने अपनी गाड़ी के बोनट पर युवाओं आह्वावान देश की राजनीति का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सीबीआई, ईडी, इनकम टैक्स के जरिए देश में चोरी कराई । देश का पैसा छीना जा रहा है । रोजगार नहीं दिया जा रहा है। कहा कि हिंदुस्तान का सिस्टम में पिछड़े, अल्पसंख्यक, दलित की जेब काटी जा रहा है।


अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद राहुल गांधी प्रियंका गांधी और अखिलेश यादव।

- राहुल ने न्याय यात्रा में अलीगढ़ में किया अग्नि वीरों का जिक्र

आखिर में राहुल गांधी ने अग्निवीर योजना का जिक्र किया। कहा कि फौज में लाखों लोग देश सेवा के लिए जाते हैं। अब देश में सेना के जवान दो तरह से शहीद होंगे। एक रेगुलर आर्मी वाला शहीद होगा, तो उसे शहीद का दर्जा मिलेगा और दूसरा अग्नि वीर होगा. उसे शहीद का दर्जा नहीं मिलेगा। उसके शव को घर भेज दिया जाएगा। उसके परिवार को न पेंशन मिलेगी, न मदद मिलेगी। लाखों लोग हिंदुस्तान की आर्मी में जाकर देश सेवा करते हैं , उनको इज्जत, पेंशन और शहीद का दर्जा मिलता था। अब भाजपा ने यह छीन लिया है। उन्होंने यूपी पुलिस भर्ती में पेपर लीक पर कहा कि एग्जाम के बाद नया धंधा चला है। एग्जाम कराते हैं, छात्र मेहनत से पढ़ते हैं , एग्जाम देने जाते हैं। लेकिन वहां पहुंचने से पहले मोबाइल फोन पर क्वेश्चन पेपर दिखाई दे जाता है। जो सरकारी रोजगार मांग रहे हैं। इनको बेवकूफ बनाने का काम किया जा रहा है। यह काम सरकार ही कर रही है। सरकार रोजगार नहीं देना चाहते। उन्होंने कहा कि छोटे व्यापारी हैंडीक्राफ्ट , ब्रास के लोग इनको जीएसटी , नोटबंदी से बर्बाद कर दिया।

### मथुरा पहुंचे जयंत ने राहुल को न्याय यात्रा की दीं शुभकामनाएं

**मथुरा ।** रविवार को राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी मथुरा पहुंचे, मथुरा पहुंचे जयंत चौधरी ने राहुल गांधी की न्याय यात्रा को शुभकामनाएं दी । जयंत ने आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने के बाद जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां पर चल रहे धनगर समाज के धरने में शामिल हुए। आंदोलनकर्ताओं से बात की। उन्हें अपना समर्थन देने की बात कही। इस दौरान रालोद के सभी विधायक एवं स्थानीय जिला एवं युवा कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे । जयंत चौधरी ने पत्रकारों के सवाल पर कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर उन्होंने कहा कि उनके लिए हमारी शुभकामनाएं है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन की बात को खुले तौर पर न कहकर संकेत जरूर दिए और कहा बहुत जल्द ही हम गठबंधन और सीट बंटवारे को लेकर घोषणा करेंगे।

### संदिग्ध हालातों में मिला युवक का शव हत्या की आशंका

**फिरोजाबाद, अमृत विचार:** जिले के थाना टूंडला क्षेत्र के राजा के ताल के पास एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। हत्या कर शव फेंके जाने की सूचना के बाद फिरोजाबाद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित समेत पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान टूंडला थाना क्षेत्र के खरगई निवासी बृजेश के रूप में हुई है। बृजेश शटरिंग का काम करता था और रविवार शाम को अपने परिचित के साथ कहीं गया हुआ था। मृतक के सिर पर गंभीर चोट के निशान हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के मुताबिक घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है। परिजनों से सभी बिंदुओं पर पूछताछ की जा रही है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## न्याय यात्रा से पहले कांग्रेस को झटका, उपेंद्र ने दिया इस्तीफा


कांग्रेस के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष उपेंद्र सिंह को भाजपा में जॉइनिंग कराते किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर एवं अन्य।

संवाददाता, आगरा

**अमृत विचार:** कांग्रेस के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष उपेंद्र सिंह ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। त्यागपत्र में उन्होंने लिखा है कि कांग्रेस पार्टी में कुछ वर्षों से संवादहीनता और कार्यकर्ताओं की उपेक्षा के साथ साथ प्रदेश में कुशल नेतृत्व का अभाव है। उन्होंने अपना इस्तीफा अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को भेजा है । उपेंद्र सिंह कांग्रेस में लंबे समय से कार्य कर रहे थे उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा और लोकसभा का चुनाव भी लड़ा है ।

**इस्तीफा देते ही भाजपा की ज्वाइन :** भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और फतेहपुर सीकरी से सांसद राजकुमार चाहर की मौजूदगी में उपेंद्र सिंह ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। इसके साथ ही राज बब्बर के भाजपा में जाने की चर्चा तेज हो गई है। उनके मार्च के पहले हफ्ते में भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन करने की उम्मीद है। राज बब्बर के भाजपा में आने से पहले ही उपेंद्र का कांग्रेस छोड़ने और भाजपा को ज्वाइन करना राज बब्बर फिरोजाबाद लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार होंगे, इस संकेत को और प्रबल कर गया है।

### दून तीन घंटे तो कुंभ एक्सप्रेस साढ़े 10 घंटे देर से पहुंची

**मुरादाबाद ।** मौसम बदलने के बाद भी रेल प्रबंधन ट्रेनों की देरी के लिए कोहरे को जिम्मेदार ठहरा रहा है। जबकि इस समय मौसम साफ है और कहीं भी कोहरे की दिक्कत नहीं है। रविवार को कुंभ एक्सप्रेस शाम को 10 घंटा 27 मिनट की देरी से यहां पहुंची जबकि, अवध-असम एक्सप्रेस के यात्रियों को देर शाम तक गाड़ी की प्रतीक्षा करनी पड़ी। यह ट्रेन 8 घंटा 21 मिनट विलंब से पहुंची। हावड़ा से देहरादून के बीच चलने वाली दून एक्सप्रेस 2 घंटा 54 मिनट, न्यूजलपाईगुड़ी एक्सप्रेस 8 घंटा 20 मिनट, किसान एक्सप्रेस एक घंटा, सियालदह एक्सप्रेस 1 घंटा 54 मिनट, सुपरफास्ट सप्त क्रांति एक्सप्रेस 3 घंटा 5 मिनट प्रभावित रही। राजधानी, जननायक, सियालदह और बीकानेर से अयोध्या तक जाने वाली आस्था स्पेशल भी देरी की शिकार रही। रेल प्रबंधन का कहना है कि कोहरा की वजह से ट्रेनें प्रभावित हो रहीं हैं।

## लोधी समाज की समस्याओं पर चर्चा

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय लोधी महासभा की जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक जिला पंचायत स्थिति कार्यालय पर हुई। बैठक में सामाजिक मुद्दों पर चर्चा के साथ ही लोधी समाज को और अधिक जागरूक करने के लिए रणनीति बनाई गई।

लोधी समाज के बच्चों को शिक्षा, रोजगार के सुलभ साधन कैसे मिल सकते हैं, इस पर चर्चा हुई। कार्यकारिणी विस्तार व निष्क्रिय पदाधिकारियों के स्थान पर अन्य को मौका दिये जाने पर भी विचार विमर्श हुआ। बैठक में अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई, जैसे बैठक का आयोजन प्रतिमाह के प्रथम रविवार को जिला कार्यालय पर होगा। जिलाध्यक्ष देवेन्द्र लोधी ने कहा कि लोधी समाज के हक और अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रहेगा। जिला महामंत्री मनोहर सिंह ने कहा कि प्रतियोगिताओं के माध्यम से भी लोधी समाज के बच्चों को भी जागरूक किया जा सकता है। जिला उपाध्यक्ष विनोद राजपूत ने कहा कि लोधी समाज को नौकरियों में वरीयता मिलनी चाहिए। सतेन्द्र लोधी ने कहा कि शिक्षित बनो और आगे बढ़ो। चंद्र प्रताप लोधी ने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों पर पूरा ध्यान रखें और उन्हें अच्छी से अच्छी शिक्षा की ओर उन्मुख करें।

संचालन विकास मित्र ने किया। विकास मित्र, मनोहर सिंह, सतेन्द्र राजपूत, विनोद राजपूत, चन्द्र प्रताप सिंह, जय पाल सिंह, देवेन्द्र राजपूत, संतोष राजपूत, राजकुमार राजपूत,योगेन्द्र सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।


बैठक में चर्चा करते हुए लोधी महासभा के पदाधिकारी। • अमृत विचार

- राष्ट्रीय लोधी महासभा की मासिक बैठक में जागरूकता पर दिया जोर

### कोलकाता से दर्शन करने आए श्रद्धालुओं और पुलिस में मारपीट

**मथुरा, अमृत विचार:** कोलकाता से दर्शन करने आए श्रद्धालुओं और पुलिस में मारपीट का मामला सामने आया है। श्रद्धालुओं ने पुलिसकर्मियों पर अपने साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है।

पुलिस बैरियर से आगे गाड़ी निकालने पर शुरू हुआ विवाद मारपीट में तब्दील हो गया। वहीं इस मामले पर अभी पुलिस का पक्ष सामने नहीं आया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद सच्चाई का पता चलने की बात कह रही है। गोवर्धन थाना क्षेत्र के डिंग इलाके में कोलकाता से आए हुए श्रद्धालुओं ने पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाया है । पुलिस के साथ किसी स्थान का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है । इस वीडियो में सिपाही की वर्दी अव्यवस्थित व्यस्त नजर आ रही है ।

## अब कासगंज से दिल्ली के लिए सुहाना होगा रेल का सफर

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** कासगंज से अब दिल्ली तक रेल सफल सुहाना हो जाएगा। बाया बरेली, मुरादाबाद सीधे ट्रेन रफ्तार भरेगी। इसके लिए कासगंज रेल प्रशासन ने रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव भेज दिया है। जल्द ही स्वीकृति मिलने की संभावना है।

अब तक कासगंज से दिल्ली तक का सफर बस से ही था। सड़क मार्ग से लोग सीधे दिल्ली पहुंचते थे या फिर पहले अलीगढ़ और फिर यहां से ट्रेन का सहारा लेते थे। इसके अलावा ट्रेन से यात्रा का विकल्प मथुरा होकर था। लोग पहले मथुरा तक ट्रेन से जाते थे और उसके बाद मथुरा से दिल्ली तक के लिए जाते थे, लेकिन अब कासगंज से दिल्ली तक रेल से सीधा सफर हो सकेगा। इसके लिए रेल प्रशासन ने प्रस्ताव बनाकर भेजा है। जल्द ही प्रस्ताव को मंजूरी मिलने

की संभावना है। भेजे गए प्रस्ताव में कासगंज से बदायूं, बरेली, मुरादाबाद होते हुए दिल्ली तक ट्रेन चलाने की तैयारी है। यह ट्रेन सोमवार, मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को चलाई जानी है।



कासगंज रेलवे स्टेशन।

- बाया बरेली, मुरादाबाद दिल्ली के लिए रफ्तार भरेगी ट्रेन
- कासगंज रेल प्रशासन ने रेलवे बोर्ड के लिए भेजा प्रस्ताव

### बदायूं में की थी मांग

बदायूं रेल प्रशासन दिल्ली तक ट्रेन चलाने के लिए मांग कर रहा था। लेकिन रेल प्रशासन ने माना कि बदायूं से सीधे संचालन ठीक नहीं है क्योंकि वहां मरम्मत नहीं हो सकती। जो ट्रेन चलाई जाएगी वह मरम्मत के लिए कासगंज तक आएगी। ऐसे में क्यों न ट्रेन को कासगंज के से चलाया जाए।

> एक ट्रेन कासगंज से बदायूं, बरेली, मुरादाबाद होते हुए दिल्ली तक चलाए जाने का प्रस्ताव भेजा गया है। रेलवे बोर्ड प्रस्ताव को अनुमति देगा तो ट्रेन चलाई जा सकेगी। बदायूं की मांग पर कासगंज से भी प्रस्ताव मांगा गया था।
> – **मनोज शर्मा**, स्टेशन अधीक्षक

## प्रेमी ने किया सौदा, रेड लाइट एरिया से पुलिस ने किशोरी को कराया मुक्त

संवाददाता, आगरा

**अमृत विचार:** मोहब्बत की नगरी आगरा में मोहब्बत का सरेआम सौदा करने का मामला सामने आया है। जिसके साथ जीने मरने की कसम खाई वही प्रेमी किशोरी को देह व्यापार के बाजार में बेचकर चला गया। यहां उससे जबरन देह व्यापार कराया जा रहा था। एक एनजीओ की मदद से एंटी ह्यूमन ट्रेफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) ने उसे मुक्त कराया है। पुलिस ने कोठे से तीन युवकों और दो महिलाओं को पकड़ा है। कोठा संचालिका मौके से फरार हो गई। किशोरी से पूछताछ की जा रही है।

राजस्थान बूंदी की रहने वाली 17 साल की किशोरी 10 दिन से रेड लाइट एरिया बसई में कैद थी। उसे एक युवक कोठा संचालिका नूतन को बेच गया था। यहां उससे जबरन देह व्यापार कराया जा रहा था। फ्रीडम फर्म एनजीओ ने एएचटीयू को इसकी जानकारी दी। इस पर थाना ताजगंज पुलिस को शामिल कर संयुक्त टीम ने शनिवार को रेड लाइट एरिया में छापा मारकर किशोरी को मुक्त कराया।

किशोरी ने बताया कि उसके पिता बीमार रहते हैं। पिता के इलाज के लिए एक युवक ने मां को उधार पैसे दिए थे। युवक उसके घर आया करता था। दोनों के बीच दोस्ती हो गई। युवक ने उसे प्यार के झूठे सपने दिखाए। बहाने से उसे आगरा ले आया। यहां वह 10 दिन पहले उसे छोडकर चला गया था। किशोरी ने पुलिस और एनजीओ को अपनी दर्द भरी कहानी बताई है। वह 10 दिनों से यहां कैद थी। किशोरी ने पुलिस को बताया कि कोठे पर एक युवती भी रहती है। वह भी देह व्यापार में लिप्त है। युवती ने किशोरी से कहा था कि यहां से भागना मुश्किल है। ये लोग जान से मार देते हैं। किशोरी ने पुलिस को बताया कि जो भी ग्राहक यहां आता था। उसके आधे पैसे नूतन अपने पास रख लेती थी। पुलिस ने कोठे से तीन युवक पकड़े हैं। 25 और 35 साल की दो महिलाएं भी पुलिस ने हिरासत में ली हैं। किशोरी से पूछताछ की जा रही है।

- 10 दिन पहले आगरा लाकर छोड़ गया था युवक
- तीन अन्य युवकों और दो महिलाओं को भी पकड़ा

> पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि एक नाबालिग को बंधक बनाकर उससे देह व्यापार कराया जा रहा है। पुलिस के द्वारा एनजीओ के साथ मिलकर निशानदेही के आधार पर मकान में छापेमारी की गई जहां से युवती को मुक्त कराया है, इस मकान से कुछ आपत्तिजनक सामान भी बरामद हुआ है ।
> –**पीयूष कांत राय** एसीपी सदर,आगरा

### लोकतंत्र और संविधान को बचाने की चुनौती: अखिलेश

**आगरा ।** कांग्रेस की न्याय यात्रा में मोहब्बत के शहर आगरा में राहुल–अखिलेश के साथ प्रियंका गांधी भी शामिल हुईं। टेढ़ी बगिया में अखिलेश यादव और प्रियंका गांधी ने अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया ।मंच पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी सुप्रिया श्री नेत, सी पी राय मौजूद रहे । अखिलेश यादव ने कहा कि आगरा शहर दुनिया में जाना जाता है। मुझे इस बात की खुशी है कि ये मोहब्बत की दुकान को लेकर चले हैं और यह पूरा शहर मोहब्बत का शहर है। आने वाले समय में लोकतंत्र और संविधान को बचाने की चुनौती है। हमें उम्मीद है कि इंडिया गठबंधन और पीडीए की लड़ाई एनडीए को हराने का काम करेगी। राहुल गांधी ने कहा कि अगर आप गरीब हैं तो आपके साथ 24 घंटे इस देश में अन्याय होगा। नफरत का कारण अन्याय है, इसलिए हमने अपने यात्रा में न्याय शब्द को जोड़ दिया है। राहुल गांधी ने यात्रा में कहा कि आप लोग 88 फीसदी हैं, लेकिन टॉप कंपनियों में आपका एक भी आदमी मालिक नहीं है।

## मुमुक्षु आश्रम में लगा महात्माओं का जमावड़ा

शाहजहांपुर कार्यालय

**अमृत विचार :** श्री राम जन्मभूमि पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से विश्व में सनातन संस्कृति के नवजागरण के शुरुआत के उपलक्ष्य में रविवार से विधिवत मुमुक्षु महोत्सव शुरू हो गया। आश्रम परिसर स्थित यज्ञशाला में सुबह आठ बजे रुद्र महायज्ञ शुरू हुआ। बाबा विश्वनाथ मंदिर से भव्य संत दर्शन शोभायात्रा निकाली गई। इधर, 108 महिलाओं ने कलश यात्रा निकालकर परंपरा का निर्वहन किया। इसी क्रम में वृंदावन के प्रख्यात संत विजय कौशल महाराज ने श्रीराम कथा का भी श्रीगणेश किया।

मुमुक्षु महोत्सव के अंतर्गत रविवार पूर्वांह 11 बजे महानगर में भव्य संत दर्शन शोभायात्रा निकाली गई। बाबा विश्वनाथ मंदिर में एसएस कॉलेज सचिव डॉ. अवनीश मिश्र, आरएसएस के धर्मेंद्र, ईशपाल सिंह, सर्वेश मिश्र धांधू आदि ने संतों का पूजन और माल्यार्पण कर रथों पर बिराजमान कराया। शोभायात्रा में सबसे आगे रामलला का दरबार और एसएसएमवी के बच्चों की श्रीराम दरबार की झांकी शामिल रही। इनके पीछे 108 संत-महात्मा रथों और ई-रिक्शा पर सवार होकर नगर वासियों को दर्शन देने रवाना हो गए। सदर बाजार से चारखंभा तक कई स्थानों पर पुष्पवर्षा और आरती कर संतों का स्वागत किया गया। वहीं, मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने संतों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इससे पहले डॉ. बरखा सक्सेना और डॉ. कविता भटनागर के नेतृत्व में 108 महिलाओं ने कलश यात्रा भी निकाली। व्यवस्था में प्राचार्य डॉ. आर के आजाद, उपप्राचार्य डॉ. अनुराग अग्रवाल, डॉ. जेएस ओझा, डॉ. आदित्य सिंह, डॉ. अजीत चारग, डॉ. आलोक सिंह, चंद्रभान त्रिपाठी आदि का सहयोग रहा।


मुमुक्षु आश्रम में संतों का स्वागत करते मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद।

### पूजन के साथ रुद्र महायज्ञ शुरू

अमरकंटक से पधारे महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद महाराज ने यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजन कर रुद्र महायज्ञ शुरू कराया। इस मौके पर श्रीराम चरित मानस पाठ का समापन भी किया गया। समापन पर प्रसाद वितरण भी हुआ। पूजन में प्रोफेसर प्रभात शुक्ला, डॉ. आदर्श पांडेय, डॉ. कमलेश वाजपेयी, रवि, सुयश सिन्हा, डॉ. अमीर सिंह, डॉ. सचिन खन्ना, डॉ. संदीप अवस्थी, राम निवास गुप्ता, डॉ. अनिल कुमार आदि का योगदान रहा।

### खेत की मेढ़ पर बैठे वृद्ध की सरिए से वार कर हत्या

**नगीना,( बिजनौर ) ।** क्षेत्र के ग्राम अजुपुरा नया गांव में जमीन के विवाद में खेत जोत रहे वृद्ध की लोहे के सरिया से वार कर हत्या कर दी। हमलावरों ने उसके पुत्र को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया।

घायल शिवकुमार ने बताया कि वह रविवार दोपहर अपने पिता छोटे सिंह 70 वर्ष के साथ ट्रैक्टर से खेत जोतने गया था। उसके पिता खेत की मेढ़ पर बैठे हुए थे। बताया कि इसी बीच गांव का अमर सिंह अपने चार-पांच साथियों के साथ खेत पर पहुंचा और उसके पिता पर लोहे के सरिए से हमला कर दिया और बाद में उस पर भी हमला बोल दिया। आसपास खेतों में काम करने वालों के शोर मचाने पर सभी हमलावर फरार हो गए। बताया कि उसके पिता की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी नगीना देहात पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा घायल को उपचार के लिए भेजा। जहां से उसे बिजनौर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। इधर सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी नगीना, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राम अर्ज मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## बुजुर्ग सहित तीन लोगों की ट्रेन से कटकर मौत

संवाददाता, फिरोजाबाद

**अमृत विचार:** जिले में विभिन्न थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्रौढ़ और दो युवकों की ट्रेन से कट कर मौत हो गई। संबंधित थानों की पुलिस तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है।

थाना नगला खंगर क्षेत्र के गांव नगला हरलाल निवासी 40 वर्षीय प्रेमपाल पुत्र राजाराम रविवार की सुबह थाना सिरसागंज के भदान रेलवे क्रॉसिंग के समीप रेलवे लाइन पार कर कहीं जा रहे थे। इसी दौरान किसी ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन और पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों में कोहराम मच गया। इसके अलावा थाना लाइन पार क्षेत्र के अंतर्गत गंदे नाले के समीप रविवार की सुबह एक बुजुर्ग की ट्रेन से कट कर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान करने का प्रयास किया परंतु पहचान नहीं हो सकी। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस के अनुसार मृतक की आयु लगभग 50 वर्ष बताई है। इधर शनिवार को थाना रसूलपुर क्षेत्र के मोहल्ला नींबू वाला बाग के समीप एक अज्ञात युवक ट्रेन की चपेट में आकर कट गया। पुलिस उसके भी शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है। पुलिस के अनुसार मृतक की आयु लगभग 30 वर्ष बताई गई है।

- थाना नगला, लाइन पार और रसूलपुर क्षेत्र में हुए हादसे

धर्म और राजनीति


अज्ञानी हैं रामलला प्राण प्रतिष्ठा के मुहूर्त पर उंगली उठाने वाले : वासुदेवानंद सरस्वती

## राजनीति अंधी है, धर्म के सहारे बिना नहीं चल सकती

अजय अवस्थी, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जगद्गुरू स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती महाराज बद्रिका आश्रम का मानना है कि राजनीति धर्मानुसार ही चलनी चाहिए। स्वतंत्र राजनीति का कोई अस्तित्व नहीं होता है। एसएस कॉलेज के मुमुक्षु महोत्सव में पधारे संत ने रविवार को मुमुक्षु आश्रम के अतिथि गृह में अमृत विचार से खास बातचीत की।

उन्होंने कहा कि सही मायने में देखा जाए तो राजनीति अंधी और धर्म लंगड़ा है। अंधी होने के कारण ही राजनीति को धर्म रास्ता दिखाता है। उन्होंने कहा कि राजनीति को मार्ग दिखाने के लिए धर्म का होना बहुत आवश्यक है। एक सवाल के जवाब में शंकराचार्य ने कहा कि राजनीति में यदि धर्म नहीं होगा, यानि संत-महात्मा नहीं होंगे, तो राजनीति चल ही नहीं पाएगी। चूंकि धर्म लंगड़ा होता है, इसलिए वह राजनीति के कंधे पर सवार रहता है और राजनीति को रास्ता दिखाता रहता है। जिस प्रकार अंधा व्यक्ति स्वयं नहीं चल सकता, उसे रास्ता दिखाने वाला चाहिए होता है, वैसे ही राजनीति की हालत है।


स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती।

- धर्म के बिना राजनीति बढ़ ही नहीं सकती, दोनों का साथ जरूरी

एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि मुख्यमंत्री की परंपरा में धर्म शामिल है। संत दिग्विजय नाथ, संत अवैद्यनाथ के क्रम में योगी आदित्यनाथ धर्म के मार्ग पर चल कर राजनीति को दिशा दे रहे हैं। जो सभी संत राजनीति में आ चुके हैं और राजनीति को रास्ता दिखा रहे हैं, वे अपना कर्तव्य भली प्रकार निभा रहे हैं। ऐसे लोगों के आने से ही राजनीति में सुधार भी हो रहा है।

रामलला प्राण प्रतिष्ठा के सवाल पर स्वामी वासुदेवानंद ने कहा कि प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा सर्वसिद्धि और अमृत योग में हुई है, इसमें किसी प्रकार की कोई बुराई नहीं है। जो लोग इस पर आपत्ति उठा रहे थे, वे अज्ञानी हैं। उन्हें ज्योतिष आदि का ज्ञान ही नहीं है।

उन्होंने कहा कि सबसे पहले तो यह समझना होगा कि रामलला अपने राज महल में प्रविष्ट हुए हैं, अपने घर में ही उनकी प्राण प्रतिष्ठा उचित समय और गृह-नक्षत्र में हुई है। इसमें कोई किसी प्रकार की शंका ही नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार एक व्यक्ति अपने यहां एक कक्ष में रहकर पूरा घर बनवाता रहता है, उसी प्रकार रामलला भी अपने महल में पहुंचकर अपनी देखरेख में निर्माण कार्य पूरा करा रहे हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपनी परंपरा के अनुसार ही चलना चाहिए और धर्म का पालन करना चाहिए।

## अलीगंज से अयोध्या के लिए कई बसों में निकले राम भक्त


बसों के साथ अयोध्या रवाना होते श्रद्धालु। • अमृत विचार

संवाददाता,अलीगंज

**अमृत विचार:** जनपद से अयोध्या के लिए 18 बसों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु रवाना हुए। राम भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था ।

रविवार की सुबह होते ही अलीगंज क्षेत्र में सभी जगह राम भक्तों की भीड़ खड़ी दिखाई दी। कस्बा अलीगंज व ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालु अयोध्या जाने के लिए अपनी-अपनी बस की प्रतीक्षा में खडे थे।भक्तों में अयोध्या जाने और राम लला के दर्शन करने का उत्साह साफ दिखाई दे रहा था। वे जय श्री राम के उद्घोष के साथ खुशी व्यक्त कर रहे थे। अयोध्या जाने वाली बस में सवार भाजपा जिला महामंत्री आशीष राजपूत ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा अलीगंज से राम भक्तों को राम लला के दर्शन करने हेतु करीब 18 बसे रवाना हो रही हैं। यह पूरा कार्यक्रम 2 दिन का रहेगा। 27 फरवरी को सभी बसें अयोध्या से वापस अलीगंज पहुंचेंगी।

- श्रद्धालुओं में रामलला के दर्शन का दिखा उत्साह, गूंजे जय श्री राम के उद्घोष

# वन विभाग की दरियादली...इफको दबाए बैठा है सैकड़ों बीघा जमीन

## आंवला के ग्राम सेंधा का मामला, मंडलायुक्त और वन विभाग के अधिकारियों से हो चुकी है शिकायत

संवाददाताः बरेली/आंवला

**अमृत विचारः** किसानों की जमीन पर अवैध कब्जों को लेकर घिरा इफको वन विभाग की सैकड़ों बीघा जमीन भी कई दशक से दबाए बैठा है। सब कुछ पता होने के बावजूद वन विभाग इफको के अधिकारियों के रसूख की वजह से अपनी जमीन को कब्जे में लेने की कार्रवाई की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है।

क्षेत्र के किसान ऊदल सिंह वर्मा ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के नेतृत्व में 9 जनवरी को किसानों ने अपनी मांगों को लेकर इफको मेनगेट के समीप वन विभाग की जमीन पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया था। यह धरना समाप्त होने के बाद इफको ने दबंगई के बल पर वनविभाग की जमीन पर बाउंड्रीवाल बनवाना शुरू कर दिया। वर्तमान में इसकी नींव भर चुकी है और बाकी काम भी जारी है।


वन विभाग की जमीन पर निर्माण करा रहा इफको। ● अमृत विचार

- करीब 40 साल से अवैध तरीके से ग्राम सभा व वन विभाग की जमीन पर कब्जा करने का है आरोप

**इन जमीनों पर कर रखा है कब्जा**

जानकारी के मुताबिक इफको ने वन विभाग की सेंधा रकबा में गाटा संख्या 168 रकबा 6.375 हेक्टेयर, गाटा संख्या 38 रकबा 39.032 हेक्टेयर, जंगल गाटा संख्या 287 रकबा 9.864 हेक्टेयर, बंजर भूमि गाटा संख्या 110 रकबा 0.228 हेक्टेयर, गाटा संख्या 111 रकबा 0.202 हेक्टेयर, गाटा संख्या 114 रकबा 0.114 हेक्टेयर, गाटा संख्या 115 रकबा 0.177 हेक्टेयर, गाटा संख्या 124 रकबा 0.114 हेक्टेयर, गाटा संख्या 125 रकबा 0.063 हेक्टेयर, परास रकवे में गाटा संख्या 217 रकबा 0.3160 हेक्टेयर जमीन पर कब्जा है। वहीं भरताना गांव निवासी राजेश्वर सिंह की गाटा संख्या 127/5 रकबा 0.3160 हेक्टेयर पर भी इफको का कब्जा है। खतौनी में राजेश्वर सिंह की मिल्कियत सरकार दर्ज है। ग्रामीणों की मानें तो राजेश्वर की करीब दो साल पहले मौत हो चुकी है। अब जमीन सरकार की हो गई। निजी जमीन होने के बावजूद इफको कब्जा जमाए है। ग्रामीणों की मानें तो उक्त सरकारी जमीन को ग्राम सभा के नाम कराने और इफको से मुक्त कराने की वह लंबे समय से मांग कर रहे हैं। एसडीएम को भी इस संबंध में ज्ञापन दिया जा चुका है।

**अधिग्रहण के समय यह हुआ था समझौता :** ग्राम सेंधा निवासी इंजीनियर ओमप्रकाश सक्सेना ने नवंबर 2022 में मंडलायुक्त और वन विभाग के अधिकारियों से इफको प्रबंधन की शिकायत की थी। इसमें कहा गया था कि सन 1984 में जमीन अधिग्रहण के समय सरकार और इफको प्रशासन के बीच लिखित समझौता हुआ था कि संयंत्र निर्माण के बाद ग्राम सभा और जंगल की बची भूमि को संयंत्र को लौटानी होगी, लेकिन इफको प्रशासन ने ऐसा नहीं किया। आज भी कई एक एकड़ ग्राम सभा और जंगल की भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है। जिसके चलते सेंधा ग्राम में कोई खेल मैदान नहीं बन सका, दसवां स्थल ,सार्वजनिक शौचालय के लिए भी भूमि उपलब्ध नहीं है।

> प्रकरण उच्चाधिकारियों के संज्ञान में है। कार्यालय से पहले इफको को इस संबंध में नोटिस जारी किए गए थे। फिलहाल यह मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है, जब तक कोई निर्णय नहीं आता तब तक कुछ नहीं कहा जा सकता। - **समीर कुमार,** प्रभागीय वनाधिकारी, वन विभाग

### भूमाफिया की तरह काम कर रही इफको

किसानों का आरोप है कि इफको इकाई एक भूमाफिया की तरह कार्य कर रही है। किसानों की हितैषी होने का सिर्फ मुखौटा पहन रखा है। यह सारे नियम कानून इफको अपने हिसाब से चलाती है। पहले भूमि पर अतिक्रमण करती है फिर अगर कोई आपति या वाद न्यायालय में दायर होता है तो कई बाधा डालते हैं और अगर निर्णय हो भी जाता है तो कब्जा नहीं छोड़ती है। 40 साल से इफको आंवला इकाई ने वन विभाग के अलावा पीडब्ल्यूडी, ग्राम सभा और किसानों की जमीन पर जबरन अवैध कब्जा व अतिक्रमण कर रखा है।

## डीएसपी बनकर महिला से ठगी की कोशिश

**बरेली, अमृत विचार :** प्रदेश में बाबा जी का राज है, कोई धमकी देगा तो एनकाउंटर में देर नहीं लगेगी। कुछ इसी तरह की बातें करके एक व्यक्ति ने पीड़िता को फोन कर सात हजार रुपयों की मांग की। महिला ने कुछ दिन पहले ही बारादरी थाना में छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में सीओ तृतीय अनीता चौहान से शिकायत कर फोन करने वाले पर कार्रवाई की मांग की है।

महिला के मुताबिक 22 फरवरी की रात एसएसपी के निर्देश पर सुभाषनगर के मढ़ीनाथ निवासी प्रवीन शंखधार के खिलाफ छेड़छाड़, गाली गलौज, जान से मारने की धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। रविवार को उनके पास एक कॉल आई और कॉल करने वाले ने खुद को बरेली जिला डीएसपी बताकर केस से संबंधित बातचीत की। उसने आरोपी का नाम बताने के बाद जल्द जेल भिजवाकर कार्रवाई की बात कही। उसने कहा कि नारकोटिक्स की धारा में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। इसके बाद आरोपी ने फाइल चार्ज का हवाला देते हुए सात हजार रुपये की मांग की। इस पर महिला ने मिलने की इच्छा जाहिर की तो उसने मना कर दिया। आरोपी ने कहा कि रुपये गूगल पे या फोन पे के माध्यम से देने होंगे। ठगी का एहसास होने पर महिला ने जमात रजा ए मुस्तफा के मोइन खान को पूरी बात बताई। उन्होंने सीओ तृतीय से कार्रवाई की मांग की। बताया जा रहा है कि फोन करने वाला कथित पत्रकार है। सीओ तृतीय अनीता चौहान ने बताया कि मामले की जांच होरही है।

# गोशालाओं को को-ऑपरेटिव के साथ जोड़ा जाए: रविंद्र विक्रम

कार्यालय संवाददाता, बरेली


पत्रकार वार्ता करते भाजपा नेता रविंद्र विक्रम सिंह। ● अमृत विचार

- गांव चलो अभियान में आंवला जन संवाद यात्रा के दौरान कई माह भ्रमण कर जानी मुख्य समस्या
- भाजपा नेता रविंद्र विक्रम सिंह ने प्रधानमंत्री को भेजा सुझावों सहित पत्र
- गांधी उद्यान के पास एक रेस्टोरेंट में पत्रकार वार्ता कर दिए आंवला से चुनाव लड़ने के संकेत

**अमृत विचार :** आंवला लोकसभा क्षेत्र में निराश्रित पशुओं की ज्यादा तादाद है और पशु फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। किसानों को विषम परिस्थितियों में भी रातभर खेतों में रहकर फसलों की रखवाली करनी पड़ रही है। निराश्रित पशुओं से छुटकारा कैसे मिले, इसके लिए किसान, उनके परिवारों के अलावा युवा वर्ग भी चिंतित है। इस गंभीर समस्या के समाधान और कुशल प्रबंधन के लिए हर गांव की गोशाला को जिला को-ऑपरेटिव के साथ जोड़ने की जरूरत है। यह कहना है भाजपा नेता एवं सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता रविंद्र विक्रम सिंह का। उन्होंने इसके साथ सामाजिक और आर्थिक स्तर पर जोड़ने के सुझाव और आंवला लोक विकास समूह की ओर से सुझावों सहित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजा है।

गांधी उद्यान के पास एक रेस्टोरेंट में रविवार दोपहर पत्रकार वार्ता करते हुए रविंद्र विक्रम सिंह ने आंवला लोकसभा से चुनाव लड़ने के संकेत दिए। उन्होंने कहा कि यदि मौका मिला तो वह लोकसभा क्षेत्र की समस्याओं पर काम करेंगे जिन पर उन्होंने 21 बिंदु तैयार किए हैं। उन्होंने कहा कि गांव चलो अभियान के तहत आंवला जन संवाद यात्रा के दौरान कई महीने भ्रमण करने के दौरान भाई-बहनों और माताओं के साथ चर्चा हुई। तब निराश्रित पशुओं की समस्या से ग्रामीण बेहद परेशान दिखे।

### इन 5 बिंदुओं पर काम कर गोशाला को सशक्त बना सकेंगे

- **रोजगार अवसर :** गोशाला के रखरखाव, पशुओं की देखभाल और उनके लिए आवश्यक सेवाएं प्रदान करने के लिए क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।
- **दूध उत्पादकता :** गोशाला में पशुओं के स्वास्थ्य का ध्यान रखने और उन्हें अच्छी खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने से दूध के उत्पादन में वृद्धि होगी।
- **आंवला लोकसभा दूध एवं गोसेवा सहकारी समिति :** इस पहल से दूध का उत्पादन बढ़ेगा। निराश्रित पशुओं की समस्या से छुटकारा मिलेगा। जिससे गांव और किसान सशक्त बनने के साथ आर्थिक समृद्ध होंगे।
- **जैविक खाद :** गोशाला से निकलने वाले गोबर का सही ढंग से पुनर्चक्रण करके हम जैविक खाद बना सकेंगे। यह न केवल कृषि उत्पादन में मदद करेगा बल्कि प्राकृतिक खेतों को बनाए रखने में भी सहायक होगा।
- **गोमूत्र :** गोमूत्र के प्रयोग से कीटनाशकों पर होने वाले खर्च को बचाकर ग्राम लक्ष्मी का दोबारा आह्वान किया जा सकता है। गोमूत्र से आयुर्वेदिक दवाओं के उत्पादन में भी उपयोगी होगा।

# नेपाल से लग्जरी कारों से गांजा की तस्करी करने वाले आठ गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पुलिस ने लग्जरी कार समेत 35 किलो 700 ग्राम गांजा किया बरामद

**अमृत विचार :** इज्जतनगर पुलिस ने लग्जरी कारों में नेपाल से गांजा लाकर बरेली में सप्लाई करने वाले आठ तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के पास से 35 किलो 700 ग्राम गांजा, लग्जरी कार, आठ मोबाइल और अन्य सामान बरामद हुआ है। पुलिस का दावा है कि गांजे की कीमत 12 लाख रुपये है। पुलिस ने सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

इज्जतनगर थाना प्रभारी जय शंकर सिंह ने बताया कि शनिवार रात टीम को सूचना मिली कि पीलीभीत रोड पर चावड़ के जंगलों में गिरोह के लोग छिपे हुए हैं। दबिश देकर तस्कर फैजाबाद के मनीष, बाराबंकी के लालू यादव, रितेश, अयोध्या के रोहित, शाहजहांपुर के सूरजपाल, राम निवास, गोविंद और अंकित को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि पहले गिरोह का सरगना दिनेश जायसवाल था। उसके साथ सभी 10 साल से लखनऊ, हरदोई, शाहजहांपुर, पीलीभीत, लखीमपुर, बरेली और उत्तराखंड में गांजा तस्करी करते थे। साल 2019 में पांच और 2020 में 14 गिरोह के सदस्य जेल गए थे। इस बात पर गिरोह में विवाद हो गया और रितेश ने बरेली में अपना ठिकाना बनाया। नेपाल के रास्ते पांच से आठ हजार रुपये किलो गांजा मंगाते थे। उसमें नशीला पाउडर मिलाकर 400-500 रुपये की पुड़िया बेचते थे। इनके पास आठ हजार रुपये में लड़के प्रतिमाह काम करते हैं। वह रोजाना 70-100 पुड़िया गांजा दुकान पर देते हैं। मनीष के खिलाफ दो, लालू यादव के खिलाफ दो, रितेश के खिलाफ दो, रोहित के खिलाफ दो, सूरजपाल के खिलाफ दो, रामनिवास के खिलाफ एक, गोविंद के खिलाफ एक और अंकित के खिलाफ एक मुकदमा दर्ज है।

## धर्म परिवर्तन कर सोनम बनीं लक्ष्मी विष्णु के संग की शादी

**बरेली, अमृत विचार :** देवरनियां थाना क्षेत्र के गांव गिरधरपुर की सोनम धर्म परिवर्तन कर लक्ष्मी बन गईं और गांव के प्रेमी विष्णु से मंदिर में शादी कर ली। सोनम ने तीन तलाक के डर से धर्म परिवर्तन किया है। अब दोनों शादी करने के बाद अयोध्या में रामलला के दर्शन करने जाएंगे। दोनों की शादी के वीडियो और फोटो भी वायरल हो रहे हैं।

गिरधरपुर निवासी विष्णु मौर्य की कीटनाशक दवा की दुकान है। उनकी 12 साल पहले गांव की सोनम सिद्दीकी से पहली मुलाकात हुई थी। इसके बाद दोनों सोशल मीडिया के माध्यम से एक-दूसरे बात करने लगे और दोनों में प्यार हो गया। बालिग होने पर सोनम ने विष्णु से शादी की इच्छा जाहिर की। दोनों ने रविवार को इज्जतनगर क्षेत्र के भीटानाथ मंदिर में शादी कर ली।

# युवाओं को रोजगार देने के साथ आध्यात्म से भी जोड़ें

बरेली कार्यालय

- रोजगार भारती बृज प्रांत के रोजगार मेले में बोले-संघ के प्रांत प्रचारक डॉ. हरीश रौतेला
- कहा- करीब चार लाख बिलियन डॉलर के साथ भारत विश्व की है पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक डॉ. हरीश रौतेला ने कहा कि रोजगार भारती तीन वर्षों से युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सतत रूप से प्रयासरत है। इसका उद्देश्य युवाओं को नौकरी दिलाने का मार्ग प्रशस्त करना मात्र नहीं बल्कि उन्हें अध्यात्म से भी जोड़ना है। वर्तमान में हम लगभग चार लाख बिलियन डॉलर के साथ विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हमारा लक्ष्य पहले पायदान पर पहुंचना है। यह युवाओं के रोजगार से ही संभव होगा। वह रविवार को रोजगार भारती बृज प्रांत की ओर से रुहेलखंड विश्वविद्यालय के अटल सभागार में आयोजित रोजगार मेले में बोल रहे थे।

इससे पहले मेले की शुरुआत पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने की। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि स्वरोजगार के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार कई योजनाएं चला रही है। मुद्रा लोन योजना के माध्यम से करोड़ों युवाओं ने स्वरोजगार शुरू किए हैं।


रोजगार भारती बृज प्रान्त की ओर से रुहेलखंड विश्वविद्यालय में आयोजित रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र वितरण के दौरान बोलते प्रांत प्रचारक हरीश रौतेला। ● अमृत विचार

**यह लोग रहे मौजूदः** प्रांत संघ चालक शशांक भाटिया, सह प्रांत प्रचारक धर्मेंद्र, प्रांत सह कार्यवाह राजपाल, बरेली विभाग के संघ चालक ओम प्रकाश, सह विभाग संघ चालक राजकुमार, विभाग प्रचारक धर्मेंद्र भारत, शाहजहांपुर के विभाग प्रचारक धर्मेंद्र धवल, बदायूं के विभाग प्रचारक विशाल, विभाग प्रचार प्रमुख धर्मेंद्र, महानगर प्रचारक मयंक, महानगर कार्यवाह विमल, सह महानगर कार्यवाह और रोजगार भारती के पालक आलोक प्रकाश, मेयर डॉ. उमेश गौतम, विधायक डॉ. एमपी आर्य, जसपिन्दर, संजू गुप्ता, विशाल चित्रांश, नीरज गर्ग, मयंक गोयल, अनिरुद्ध मित्तल, रचना सक्सेना, आयुष सक्सेना मौजूद रहे।

### युवाओं और कंपनियों के बीच सेतु संवाद स्थापित कर रही रोजगार भारती

रोजगार भारती के ब्रज प्रांत के रोजगार मेला प्रमुख रतन पाल सिंह ने बताया कि संस्था ने यह दूसरा रोजगार मेला कराया है। युवाओं और कंपनियों के बीच सेतु संवाद स्थापित करने के लिए रोजगार भारती प्रयासरत है। महानगर संयोजक अभिनव कटरू ने बताया कि मेहंदी, नंदी नारियल प्वाइंट, नंदी वाहन, ठेला वितरण आदि के माध्यम से हजारों युवाओं को स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ाया गया है। संचालन आदित्य प्रकाश ने किया।

## मार्च से बारिश की हो सकती है शुरुआत

**बरेली, अमृत विचार :** मौसम में लगातार परिवर्तन हो रहा है। दिन में गर्मी का अहसास हो रहा है तो रात में ठंड पड़ रही है। इसकी वजह है कि दिन का तापमान रात के तापमान से करीब तीन गुना अधिक रह रहा है। इसकी वजह से लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। मौसम विभाग ने मार्च के पहले सप्ताह में बादल छाने और बारिश का पूर्वानुमान जताया है। रविवार को अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम 24.6 और न्यूनतम पांच डिग्री कम आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि दो मार्च को बादल छाने के साथ बारिश का पूर्वानुमान है। इस दौरान अधिकतम तापमान 26 और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने का पूर्वानुमान है।

# बिना भेदभाव से मिली है नौकरी, कर्तव्य निभाएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण के दौरान बोले वनमंत्री अरुण कुमार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग और विद्युत सेवा आयोग की ओर से भर्ती प्रक्रिया में चयनित 88 अभ्यर्थियों को रविवार को आयुक्त सभागार में नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

नियुक्ति पत्र पाकर अभ्यर्थियों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ के नियुक्ति पत्र बांटने के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया।

कार्यक्रम में अतिथि वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार, मेयर डॉ. उमेश गौतम, बिथरी चैनपुर विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा रहे।

इस अवसर पर वनमंत्री ने नव चयनित अभ्यर्थियों से कहा कि बिना किसी भेदभाव और सिफारिश से नौकरी मिली है, इससे आपका भविष्य सुख मय होगा। उन्होंने कहा कि जिसे जिस पद पर नियुक्त किया गया है, उस पद पर रहते हुए पूरी ईमानदारी के साथ और कर्तव्यों का पालन करते हुए कार्य करें।

मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, अपर आयुक्त न्यायिक प्रीति जायसवाल, उपयुक्त आयुक्त उद्योग सर्वेश्वर शुक्ला समेत संबंधित विभागों के नोडल अधिकारियों की मौजूदगी में नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। बरेली मंडल के विद्युत विभाग के इलेक्ट्रिशियन के 18, सिंचाई विभाग के सात जेई, आयुष विभाग के आयुर्वेदिक चिकित्सा के 22, प्रोबेशन विभाग बदायूं के पांच, पीलीभीत के छह, चिकित्सा विभाग पीलीभीत के एएनएम के 10, बदायूं के 18, शाहजहांपुर के चार, भूलेख विभाग शाहजहांपुर के कंप्यूटर ऑपरेटर के 10, जनपद पीलीभीत के लैब इलेक्ट्रिशियन के 10, फार्मासिस्ट के दो और एक दंत चिकित्सक पद पर नियुक्त अभ्यर्थियों को पत्र सौंपे गए।

## मुख्यमंत्री को नकली हरियाली दिखाने के लिए फूंक दी अच्छीखासी रकम

बरेली। पिछले हफ्ते बरेली आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नाथ कॉरिडोर प्रोजेक्ट के तहत विकसित किए गए आदिनाथ चौराहे (डेलापीर) का उद्घाटन का समय तो नहीं निकाल पाए लेकिन नगर निगम ने सिर्फ इसलिए नकली घास लगवाने पर अच्छी-खासी रकम फूंक डाली कि मुख्यमंत्री अगर उद्घाटन करें तो उन्हें यहां हरियाली दिखे। अब नकली घास उखाड़कर असली घास लगाने की तैयारी की जा रही है।

# वर्दी में लुटेरे... बेकरी मालिक को लड़की के चक्कर में फंसाकर मांगे सात लाख

बरेली कार्यालय

- तीन फर्जी पत्रकारों की साठगांठ से की गई साजिश, होटल में बुलाकर कमरे में लड़की को भेजा

**अमृत विचार :** रामपुर के शहजाद इलाके में रहने वाले मुस्तकीम ने बताया कि उनकी परसाखेड़ा में बेकरी है। भोजीपुरा के धौराटांडा निवासी फर्जी पत्रकार नावेद, किला के लीची बाग निवासी चांद अल्वी और गुलाम नबी आजाद ने कुछ साल पहले उनके उनकी एक गर्लफ्रेंड के साथ फोटो हथिया लिए थे और उनके आधार पर काफी समय से उन्हें ब्लैकमेल कर रहे थे। शनिवार को तीनों उनके पास पहुंचे थे। उन्हें एक लड़की से मिलवाने का सौदा कर उसे दो हजार रुपये लिए और फिर रात साढ़े 11 बजे उन्हें फोन कर मिनी बाईपास पर होटल अशोका के कमरा नंबर 101 में बुलाया। मुस्तकीम के मुताबिक इस कमरे में उन्हें सानिया नाम की युवती मिली जो कुछ देर उनसे बात करके बाहर निकल गई।

काफी देर तक युवती नहीं लौटी तो वह होटल से बाहर निकल आए लेकिन तीनों फर्जी पत्रकारों के साथ सिपाही कोलेंद्र ने उन्हें रोक लिया। कोलेंद्र ने उन्हें धमकाना शुरू कर दिया और उन्हें फर्जी पत्रकारों के साथ किला पुलिस चौकी ले आया। होटल में मिली सानिया वहां पहले से थी। चौकी इंचार्ज सौरभ कुमार ने बताया कि युवती उन पर दुष्कर्म का आरोप लगा रही है। मामला निपटाने के लिए चौकी इंचार्ज और फर्जी पत्रकारों ने उनसे सात लाख रुपये की मांग की। उन्हें धमकाया कि पैसे न दिए तो दुष्कर्म के केस में जेल जाना पड़ेगा। उन्होंने ढाई लाख रुपये देने की हामी भर दी और पैसे लेने के लिए बेकरी पर चलने के लिए कहा।

बेकरी पहुंचने से पहले ही उन्होंने डायल 112 पर फोन कर दिया। उनके फोन पर पहुंची पुलिस उन्हें दोबारा किला चौकी ले गई। किसी तरह वहां से निकलकर वह घर पहुंचे। इसके बाद पत्नी के साथ थाना किला आकर तहरीर दी। इंस्पेक्टर किला हरेंद्र सिंह ने फौरन मामले की जानकारी एसएसपी को दी और उनके निर्देश पर चौकी इंचार्ज सौरभ कुमार, सिपाही कोलेंद्र, तीनों फर्जी पत्रकारों और सानिया के खिलाफ ब्लैकमेलिंग और साजिश रचने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली। इसके बाद एसएसपी ने किला चौकी इंचार्ज सौरभ कुमार और सिपाही कोलेंद्र को निलंबित कर विभागीय जांच का भी आदेश दे दिया। हालांकि अभी किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

> फर्जी केस में फंसाने की धमकी देकर सात लाख रुपये की मांग करने के मामले में चौकी इंचार्ज और सिपाही समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। चौकी इंचार्ज और सिपाही को निलंबित करके दोनों के खिलाफ विभागीय जांच का भी निर्देश दिया है। - **घुले सुशील चंद्रभान** एसएसपी


**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बीसलपुर पीलीभीत**

पत्रांक : 540/न.पा.परि.बी./2023-24 दिनांक : 22.02.2024

**अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद बीसलपुर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत निर्माण कार्य की लागत के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य विवरण निम्नवत है :-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. (लाख रू. में) | बिड सिक्योरिटी 2 प्रतिशत पूर्णांक में | निविदा मूल्य + 18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वित्तीय वर्ष 2023-24 में तहसील परिसर में सार्वजनिक शौचालय और मूत्रालय निर्माण कार्य | 895599.00 | 15200.00 | 1100.00 | 3 माह |
| 2. | वित्तीय वर्ष 2023-24 में वरिष्ठ पत्थर चौराहे पर सार्वजनिक शौचालय और मूत्रालय निर्माण कार्य | 895599.00 | 15200.00 | 1100.00 | 3 माह |

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 26.02.2024 को प्रातः 11 बजे से।
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा अपलोड के लिए अन्तिम तिथि/समय 04.03.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 05.03.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे।
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
5. निविदा प्रपत्र शुल्क और 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि (जी.एस.टी. सहित) पालिका के आई.सी.आई.सी.आई. में खाता सं. 321005500073 IFSC - ICIC0003210 में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. द्वारा हस्तान्तरित कर पावती की मूल प्रति स्कैन करके ई-निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगी।
6. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट http//etender.up.nic.in पर लॉगइन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को अपलोड करें।
7. टेण्डर स्वीकृति होने के उपरान्त शेष 8 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगर पालिका परिषद बीसलपुर के उपरोक्त खाते में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के द्वारा अथवा नियमानुसार एफ.डी.आर./एन.एस.सी. द्वारा जमा कर मूल प्रति जमा कर निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त तीन दिवस के अन्दर नगर पालिका परिषद बीसलपुर के कार्यालय में हार्डकापी के साथ जमा करनी होगी।

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद बीसलपुर
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद बीसलपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत मेवा सर्फापुर, वि.खं. भुता, बरेली**

पत्रांक : 49/लेखा निविदा आ. वर्ष 2023-24 दिनांक 25.02.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मेवा सर्फापुर में मनरेगा योजना के अन्तर्गत कार्य भूरे के मकान से ओमपाल के मकान तक सी. सी. रोड व नाली निर्माण कार्य होना है, जिसकी अनुमानित लागत रु. 2,99,000/- है, जिसके लिए सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, रेता, प्रथम ईंट, रोड़ी आदि सामग्री की आवश्यकता है। सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण की जाती है, जिन्हें कार्यालय ग्राम पंचायत में 01.03.2024 तक जमा कर सकते हैं, जिन्हें उसी दिन सायं 4:00 बजे खोला जायेगा।

सीमा, ग्राम प्रधान
मुकेश चौधरी, सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत भरताना, वि.खं. आलमपुर जाफराबाद, बरेली**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भरताना की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2023-24 में मनरेगा, ग्राम निधि, ICDS, SBM आदि योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार उपरोक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री जिसमें सीमेन्ट, बजरफुट रेता, बजरी, सीमेंट के पोल, कंटीला तार, इ.ट.ली किम लोहे का गेट, लोहे की जाली, कूड़ादान ई-रिक्शा, लोहे की चार व पाईप, ईंट, ईंट रोड़ी खाद व कीटनाशक दवा, सरिया, मौरंग, रेता, इन्टरलॉक ईंट, सरिया, रोड़ा, टाईल्स, पाइप, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, प्रचार-प्रसार सामग्री आदि की आपूर्ति आमंत्रित की जाती है। जिसकी सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 26.02.2024 से दिनांक 04.03.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे उसी दिन दिनांक 04.03.2024 को सायं 4 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म से सामग्री अनुमन्य दरों में क्रय हेतु स्वतंत्र की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | योजना का नाम | अनु० लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्रा.पं. भरताना में आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण कार्य | मनरेगा, ग्राम निधि, ICDS | 12,00,000/- |
| 2. | ग्रा.पं. भरताना में RRC सेन्टर का निर्माण कार्य | SBM | 3,75,790/- |

दीपमाला, ग्राम प्रधान
हरपाल यादव, रोजगार सेवक
चन्द्रपाल सिंह यादव, ग्रा.पं. अधिकारी

**कार्यालय - उप कृषि निदेशक, बरेली**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

कृषि विभाग जनपद बरेली में वित्तीय वर्ष 2023-24 में उ.प्र. मिलेटस पुनरोद्धार कार्यक्रम अन्तर्गत जनपद स्तरीय दो दिवसीय मिलेटस कार्यशाला का आयोजन माह-मार्च के प्रथम सप्ताह में होना प्रस्तावित है। जिसके लिए पंजीकृत फर्मों व सामग्री आपूर्तिकर्ताओं एवं कृषि विभाग में पंजीकृत कृषक उत्पादक संगठन से निविदायें आमंत्रित की जाती हैं, कार्य का विवरण निम्न अनुसार है :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु० लागत |
|---|---|---|
| 1. | टैन्ट/पंडाल/वी.आई.पी. मंच सज्जा/स्टाल/बैनर/होर्डिंग/कुर्सियाँ/साउंड एण्ड लाइट/ पोडियम/जनरेटर/मिलेटस का बैग/गुलाब फूल के बुके/माला आदि। | 1,00,000.00 |
| 2. | साहित्य/बुकलेट (पेन, पैड, फोल्डर/बैग)। | 30,000.00 |
| 3. | जलपान एवं भोजन/पानी की छोटी बोतल। | 90,000.00 |
| 4. | मिलेटस प्रदर्शनी/स्टाल एवं कृषक पुरस्कार। | 75,000.00 |

इच्छुक पंजीकृत फर्मों, सामग्री आपूर्तिकर्ताओं एवं कृषि विभाग में पंजीकृत उत्पादक संगठनों के द्वारा उप कृषि निदेशक, बरेली कार्यालय से निविदा प्रपत्र एवं निविदा शर्तें रु. 100.00 के भुगतान के साथ प्राप्त कर, उपरोक्तानुसार सीलबंद निविदा दिनांक 26.02.2024 से दिनांक 28.02.2024 अपरान्ह 2:00 बजे तक प्राप्त कर उसी दिन सायं 4:00 बजे तक उप कृषि निदेशक, बरेली कार्यालय के सीलबंद निविदा बॉक्स में जमा कर सकते हैं। जोकि उसी दिन 28.02.2024 की सायं 4:30 बजे निविदादाता व उनके प्रतिनिधियों के एवं उप कृषि निदेशक, बरेली की अध्यक्षता में गठित कमेटी के समक्ष खोली जायेगी।

अभिनन्दन सिंह
उप कृषि निदेशक
बरेली

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते ।
अविश्वस्ते विश्वसिति मूढचेता नराधम : ॥


बिना बुलाए ही किसी भी स्थान पर चले जाना और बिना कुछ पूछें बोलना, जिन पर विश्वास नहीं किया जा सकता, ऐसे लोगो पर विश्वास करना यह सभी मूर्ख और बुरे लोगों के लक्षण हैं।

## संपादकीय

# एआई की नैतिकता

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ही नहीं बल्कि किसी भी तकनीकी का इस्तेमाल विकास या विनाश फैलाने के लिए किया जा सकता है। एआई अक्सर विवाद का शिकार बनती है। प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग के बारे में दुनिया भर में कई बातचीत हो रही हैं। प्रौद्योगिकी से किस तरह सार्वजनिक कल्याण में वृद्धि हो सकती है, वो भी महत्वपूर्ण मानवीय संपर्क को हटाए बिना, जो कि सरकारों व नागरिकों के बीच संवाद के लिए बेहद अहम है। एआई, जलवायु परिवर्तन से निपटने और एसडीजी हासिल करने में योगदान दे सकती है। उदाहरण के लिए, एआई को किन भूमिकाओं में इंसानों की जगह लेनी चाहिए? व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा और मानवाधिकारों के संभावित उल्लंघन के लिए क्या किया जा रहा है? उस डेटा का उपयोग कैसे किया जाना चाहिए और इसका उपयोग किस उद्देश्य से किया जाना चाहिए? एआई टूल का उपयोग कैसे किया जा सकता है और कैसे किया जाना चाहिए, इसके लिए स्पष्ट और संक्षिप्त दिशानिर्देशों के बिना, दुरुपयोग और कानूनी परेशानी की संभावना है। हालांकि यूरोपीय संघ ने भी हाल ही में दुनिया का पहला व्यापक एआई कानून, एआई अधिनियम पारित करके एक मिसाल कायम की है। चीन ने एआई नियमों का अपना सेट विकसित किया है जो लगातार विकसित हो रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका अभी एआई विनियमन के शुरुआती चरण में है और पारित किए गए अधिकांश कानून केवल राज्य स्तर पर लागू होते हैं। एआई नैतिकता को अभी भी एक लंबी यात्रा तय करनी है कई विशेषज्ञों का तर्क है कि नैतिक एआई एक जिम्मेदार भविष्य के लिए आवश्यक है जहां हम सामाजिक भलाई, स्थिरता और समावेशन जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। यूनेस्को ने पहली बार 2021 में, एआई की नैतिकता पर अपनी सिफारिशें पेश की थीं, जब दुनिया का अधिकांश हिस्सा एक और अन्तर्राष्ट्रीय संकट, कोविड-19 महामारी से घिरा था। एआई के दोहरे इस्तेमाल को लेकर असमंजस की स्थिति इसलिए भी है क्योंकि अभी तक कोई ये समझ नहीं पाया है कि आम जीवन में इसका क्या असर होगा, फिर भी सभी एआई क्षेत्र के लीडर बनने की दौड़ में हैं। एआई टूल्स को विकसित करने वाली कंपनियों में पिछले 4-5 साल में निजी पूंजी निवेश में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। कुल मिलाकर ये कहा जा सकता है कि एआई पर अविश्वास करना एक अच्छा संकेत है। जिस तरह एआई टूल्स विकसित किए जाते हैं उसे देखते हुए इन पर पूरी तरह भरोसा करना ठीक नहीं है लेकिन साथ ही ये भी याद रखना जरूरी है कि स्वास्थ्य, शिक्षा और सतत विकास के क्षेत्र में एआई का बेहतरीन इस्तेमाल हो सकता है। यूनेस्को की सिफारिशों ने वास्तव में हमें एआई और नियमों के बारे में आलोचनात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद की है।

# खेती कागज पर नहीं भूमि पर होती है



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

ऐसे हुई हमारे गांव में हरित क्रांति और, एमएसपीकी व्यवस्था और इसका गणित तो इतना उलझा हुआ मामला है कि इसे अपढ़ किसान कैसे समझ पाता है, मुझे आश्चर्य होता है। असल खेती अपने परिवार के साथ सन 1920 से 1970 तक हुई जब कृषि कुछ लाभकारी हुई थी इससे पहले और बाद में यह घाटे का ही धंधा रहा।

डॉ.एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न दिए जाने के बाद भी वे लोग इनके नाम से अपरिचित हैं जिनके जीवन काल में हरित क्रांति का दौर रहा था। ग्राम्यांचलों में रह कर खेती करने वाले अधिकतर ऐसे किसान अब 75 वर्ष की उम्र पार कर चुके हैं। हरित क्रांति हुई तो मेरी उम्र भी करीब 13 वर्ष की थी। खेत कार्य कौन करता था, कैसे होता था और सरकारी मदद कितनी और कैसे मिलती थी, मुझे सब याद है। हमारे खेत में हरित क्रांति का दौर तो नहीं आया, लेकिन जमीन की कीलेबंदी (कंसोलिडेशन ऑफ़ लैंड होल्डिंग्स) सन 1964 तक हो चुकी थी। करीब आधी से अधिक हमारे खेती की जमीन में नहरी सिंचाई संभव थी। हरित क्रांति के शुरूआती दौर में भी हम पशुओं के गोबर और घरेलू कूड़ा-करकट से बनाई गई हरी खाद ही खेतों में डालते थे। ईख काटने के बाद गेहूं की फसल उन्हें कीलों में, अर्थात 4000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल की क्यारियों में बोई जाती तो अच्छी हुआ करती। एक कीले में तीन साल में एक बार हरी खाद डाली जाती थी। घर में 30-35 पशु हुआ करते। फसल का बीज अपना खुद का होता था अर्थात 'फार्मर्स वैरायटी'। बीज को किसान लोग आपस में अदला-बदली किया करते थे।

हमारे खेत में उपज के बतौर 200 मण गेहूं और करीब 300 मण से ज्यादा चना पैदा हुआ करता था। घर में 10-12 बैल होते थे, चार हळ थे जिन्हें घर के ही चार जन जोतते थे। बहुत समय तक आधी जमीन में ही बुवाई हुआ करती क्योंकि बरसात न होने या साधन नहीं होने से यह छूट जाती थी। कुछेक बार खरीफ की फसल नहीं बोई जाती ताकि जमीन अपनी उपजाऊ शक्ति पुनर्प्राप्त कर ले। सरकारी रिकॉर्ड के मुताबिक़ हमारे संयुक्त परिवार के पास खेती की जमीन 90 एकड़ के आसपास है। अब इसमें सिर्फ धान, गेहूं, बरसीम,ज्वार ही बोई जाती है। संयुक्त परिवार टूट जाने से अब ईख नहीं बोई जाती क्योंकि यह आदमी से काफी मेहनत करवाती है। इसके लिए मानव श्रम की बहुत जरूरत होती है जो एकल-परिवार जुटा नहीं पाते। पहले 'बाड़ी' भी बोई जाया करती। इसके मेच्योर पौधे से कपास प्राप्त होती है। पहले देसी या काली बाड़ी बोई जाती थी। आजकल

हालांकि तर्क के हिसाब से और आंकड़ों से खेल कर ये लोग गलत बात तो नहीं कर रहे, लेकिन खेती का हिसाब एमएसपी और बाज़ार के आंकड़ों से बहुत ऊपर एक अनोखे मिजाज़ वाला खेल है जिसे धरती पर खेती करने वाला ही महसूस कर सकता है।

हमारे इलाके में न चना होता है न बाड़ी क्योंकि यह 'उगल' जाते हैं अर्थात धरती में नमी की अधिकता के कारण या मिट्टी में कुछ पोषक तत्वों की कमी के कारण उगते ही नहीं। कभी-कभार मेथी भी बो ली जाती है। पहले बारानी खेती के बतौर आषाढ़ में खरीफ की फसल बोते समय बाजरा बोया जाता था। हमारे कुनबे के अब तो शायद 20 हिस्से हो चुके हैं। ग्यारह हिस्सों में से भी सिर्फ चार हिस्सों वाले खुदकाश्त हैं बाकी की जमीन परिवार में ही ये चार हिस्सों वाले बोते हैं और मालिक को रेंट देते हैं अर्थात सालाना कैश, जो कि प्रति एकड़ रु.25-30 हज़ार है। पूरे पश्चिमोत्तर भारत में जो किसानी और जो संयुक्त परवार सन 1960 तक थे, अब वे स्ट्रक्चरल तौर से वैसे नहीं रहे हैं। तहसील में जमीन को हस्तांतरित करवाने वालों की अब भीड़ लगी रहती है। लेकिन उस समय ऐसा नहीं था। खाता नंबर बदलवाने का जिक्र भी अगर अलग हुआ परिवार करता तो उसे बुरा-भला कहा जाता और उसे धमका कर कहा जाता कि यह बुजुर्गों के सम्मान के अनुकूल नहीं। लेकिन देखा गया कि इसका नतीजा बुरा हुआ। हमारा गांव और खेत हरित क्रांति के प्रभाव से अछूता ही रहा और किसानी करने वाले हम लोग भी। बाद में, शायद हरित क्रांति (सन 1967-1978) का दौर ख़त्म होने के बाद ही, हमारे खेतों में फसलों से अधिक उपज लेने के लिए रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल होने लगा था। सन 1795 के बाद से फार्मर्स वेरायटीज ख़त्म हो गई और बीज लेने के लिए बीज वितरकों के यहां लाइन लगने लगी। ये बीज सरकार देती थी और वितरण या तो अनाज मंडी में दूकानदार लोग किया करते या सरकारी वितरण केंद्र से मिला करते। गांव में कोआपरेटिव सोसाइटी के दफ्तर से भी ये दोनों अर्थात बीज और रासायनिक उर्वरक मिलता था। परन्तु कोआपरेटिव सोसाइटी के सदस्यों को ही। लेकिन अब कमी के चलते इसके लिए भी मार-काट मचती है। लेने के लिए या तो शहर आना होता है या फिर बोने के लिए कुछ नहीं होगा तो खेत खाली पड़ा रहेगा। इनके वितरण में कुप्रबंधन हावी है। गांव में हल की खेती बिलकुल ख़त्म हो चुकी है। कभी 300 से अधिक हल होते थे अब करीब सौ की संख्या में ट्रेक्टर हैं। गांव की खेती की जमीन 28 हजार बीघा है यानी कि करीब 4000 हेक्टेयर। आबादी है 12 हज़ार। गांव के 30 प्रतिशत लोग नौकरी पेशा है और गांव के जो लोग बाहर चले गए हैं और अभी नाता रखे हैं उनकी संख्या भी 3 हजार से कम न होगी। गांव के लोग अपने ही घर के नौकरी पेशा लोगों को पसंद नहीं करते, क्योंकि खेती की जितनी जमीन का टाइटल इनके नाम है और इसे सगे-संबंधी बोते हैं वे इन्हें मन से उपज का पूरा हिस्सा या किराया नहीं देना चाहते, लेकिन कानूनी रूप से बाध्य हैं। कारण यह कि खेती बहुत हाड़-तोड़ काम है और बचत शायद 5 प्रतिशत भी नहीं जबकि हिस्सा करीब 40-50 प्रतिशत तो देना ही होता है।

ऐसे हुई हमारे गांव में हरित क्रांति और, एमएसपीकी व्यवस्था और इसका गणित तो इतना उलझा हुआ मामला है कि इसे अपढ़ किसान कैसे समझ पाता है, मुझे आश्चर्य होता है। असल खेती अपने परिवार के साथ सन 1920 से 1970 तक हुई जब कृषि कुछ लाभकारी हुई थी इससे पहले और बाद में यह घाटे का ही धंधा रहा। सन 1900 के अंग्रेजों ने उत्तर प्रदेश और पंजाब में नहरों का जाल बिछा दिया और सिंचाई में बेशक हिन्दुस्तानी लोग काम करते रहे, लेकिन अंग्रेज अफसरों की तीखी निगाह इनके काम काज पर रहती थे। इरीगेशन चैनल्स की निगरानी खुद करने के लिए इन्होंनें नहरों के किनारे और हेड-वर्क्स पर शानदार इंस्पेक्शन बंगलों का निर्माण किया। नहरों के किनारे कैनाल इंस्पेक्शन रोड्स बनवाए जिनकी देखभाल सन 1960 तक भी शानदार तरीके से हुई। अब सब चौपट है। मौसम की मार और अब की मंहगाई ने खेती को भी चौपट कर दिया है। जिस घर में नौकरी और खेती दोनों हैं, तब यह मान कर चलें कि खेत की कमाई तो खेत में ही खप जाती है और नौकरी से मिलने वाले वेतन से घर चलाया जाता है। जिनके यहां पक्की या कच्ची नौकरी भी नहीं है, वे पशु का दूध बेचकर गुज़ारा करते हैं। मुझे पक्का विश्वास है कि एमएसपी से खेती को सस्टेन करना मुश्किल हो रहा है। यह अलग बात है कि आदतन एक किसान अपने खेत को खाली नहीं छोड़ता और अपने अलावा दूसरों के लिए भी अन्न उगाता है। अपने लिए जो पशु दूध के लिए रखे हैं उनके दूध को भी दूसरों से शेयर करता है।

मेरा दावा है कि एमएसपी पर बात करने वाले लोग एक किसान के दो दुधारू पशुओं की देखभाल का पूरा काम खुद एक सप्ताह भी नहीं कर पाएंगे, खेती करना तो दूर रहा। आठवें दिन ये लोग एम्स में भर्ती होकर कराहते मिलेंगे। खेती में लगने वाली लागत का मूल्य तो एग्रीकल्चरल प्राइस कमेटी आंक लेती है लेकिन मनुष्यों का दुःख-दर्द, इनके अभाव, समय और खेत-कार्य का अलावा लगने वाला श्रम और तकलीफों का आकलन क्यों नहीं करती? मेरा मानना है है कि यह सब करने वाला सरकारी अमला अगर एक साल तक खुद खेती करके खुद तजुर्बा हासिल करे तो उसे मालूम हो जाएगा कि सब्सिडी और एमएसपी, जख्म पर मरहम मात्र लगाने वाला उपक्रम है। उन्हें मालूम हो जाएगा खेती कॉमर्स नहीं है बल्कि मुल्क के लोगों को जीवित और स्वस्थ रखने का एकमात्र उपाय है। खेती पर लिखने वाले इधर-उधर से लेकर या सरकारी वेबसाइट से डाटा लेकर लिख रहे हैं। इनके अपने वास्तविक अनुभव शून्य हैं। हालांकि तर्क के हिसाब से और आंकड़ों से खेल कर ये लोग गलत बात तो नहीं कर रहे, लेकिन खेती का हिसाब एमएसपी और बाज़ार के आंकड़ों से बहुत ऊपर एक अनोखे मिजाज़ वाला खेल है जिसे धरती पर खेती करने वाला ही महसूस कर सकता है। मेरे गांव के अधिकतर किसान क़र्ज़ के बोझ से दबे हुए हैं और इसे उतार पाएंगे, ऐसी उम्मीद भी नज़र नहीं आती।

## प्रसंगवश

# अपरिवर्तनीय सत्य



मोहन सिंह बिष्ट
पत्रकार

भारतीय हिंदू समाज में प्रचलित रूप चार वर्णों में विभाजित किया गया है जिसे मूलतः जन्म आधारित माना जाता है। सनातन संस्कृति के प्रारंभिक काल में ये वर्ण व्यवस्था जन्म आधारित न होकर कर्म आधारित थी।

वैश्विक रूप से जातियां एक समुदाय विशेष से ताल्लुक रखती हैं तथा उनका वर्ण विभाजन जन्म आधारित नहीं होता। उनके उद्गम में एक क्षेत्र विशेष आता है। वह विश्व का कोई कोना गांव का नाम अथवा किसी वरिष्ठ पारिवारिक सदस्य का नाम उसको प्राप्त सम्मान या उपाधि हो सकता है। इसके अलावा विभिन्न जातियों का स्रोत उनका पारंपरिक पेशा इत्यादि भी होता है।

भारतीय सनातन संस्कृति को मानने वाले अथवा हिंदू समुदाय के लोगों की जाति और उपनाम में एक बड़ा और अंतर है वे उपनाम या सरनेम तो बदल सकते हैं परंतु अपना वर्ण नहीं बदल सकते। दूसरी ओर धर्म आधारित व्यवस्था के मूल में प्रत्येक व्यक्ति की आस्था होती है जोकि स्वभाव से देश काल परिस्थिति के अनुसार परिवर्तनशील हो सकती हैं व्यक्ति मूल रूप से चाहे जिस वर्ण, जाति,क्षेत्र अथवा पेशे से हो उसका धर्म उसकी स्वयं की आस्था से निर्धारित होता है। इसका कारण कुछ भी हो सकता है।

आस्था में परिवर्तन कर दूसरे धर्म में आस्थावान हो सकता है अर्थात कोई भी व्यक्ति कभी भी कहीं भी अपनी धार्मिक आस्था में परिवर्तन कर सकता है। परंतु उसके बाद भी अपनी मूल जाति या उद्गम के स्थान में कोई परिवर्तन नहीं कर सकता। अपनी संस्कृति में परिवर्तन नहीं कर सकता धर्म और जाति में इस बड़े भेद को समझने से काफी हद तक वर्तमान में आपसी वैमनस्यता, धर्म संप्रदाय और जातिगत शत्रुता समाप्त हो सकती है कि वास्तव में धर्म और जाति के नाम पर मनुष्य और मनुष्यता में भेद करना मात्र आधुनिक समाज की अज्ञानता है। आज विज्ञान कहता है, प्राणी मात्र का उदगम एक है तो मात्र आस्था परिवर्तन तथा वर्ण अथवा जाति विभाजन से हम अलग कैसे हो सकते हैं। यही वास्तविक सत्य है और इसी सत्य को सनातन संस्कृति कहती है। मानव जाति एक ही है यह सत्य अपरिवर्तनीय हैं।

# मौसम मस्त चुनाव का : नेताओं के रंग



डॉ. संजय पंकज
मुजफ्फरपुर

चाहे मंच जितना बड़ा हो लेकिन उस पर ताबड़तोड़ चढ़ने वालों की संख्या इतनी बढ़ जाती है कि उनके दबाव से अक्सर ही मंच भी धराशायी हो जाता है।

अभी चुनाव की घोषणा नहीं हुई है मगर समय नजदीक आते ही वातावरण में नर्मी गर्मी की शुरुआत हो गई है। जैसे वसंत के आने की धमक पौधों की टुंसियाहटें दे देती हैं वैसे ही हर दल के कार्यकर्ताओं की सरगर्मियां बता देती हैं कि मौसम परिवर्तित होने के लिए कसमसा रहा है। धरती के सबसे विशिष्ट, विलक्षण और विचित्र प्राणी मनुष्य के लिए चुनाव का मौसम अद्भुत आनंददायक होता है। इस मौसम में सब मगन मस्त हो जाते हैं। वसंत का उल्लास और फागुन का धमाल चाहे जितना रंग जमा ले; चुनावी मौसम का रंग सबसे आला और निराला होता है। मौसम मस्त चुनाव का, नेताओं के रंग!/ भौंचक होकर देखती,जनता भी हुड़दंग!!

राजनीति के खेल में संवेदनहीनता इतनी बढ़ गई है कि स्वार्थ में अंधे हो गए धृतराष्ट्रीय नेताओं को दुर्योधनी क्रूरता और अराजकता न तो दिखती है और नहीं समझ में आती है। जनता त्रस्त है और वे सत्ता की गद्दी को चाटते हुए मस्त हैं। अपराधी और हत्यारे सुरक्षित हैं। उनके लिए सरकार ने सुरक्षा की पूरी व्यवस्था कर रखी है। बच्चे असुरक्षित हैं इसकी फिक्र किसे है?

नेताजी की जन विश्वास यात्रा शुरू हो गई है। 5 सालों तक गायब रहने वाले अब हाथ जोड़कर उन्माद मचाते हुए जनता के बीच में दांत निपोड़ रहे हैं। अपनी-अपनी बिरादरी के लोगों के बीच नेताओं ने आना-जाना शुरू कर दिया है। जातीयता का नशा भी कैसा अनोखा होता है कि वह सबसे ज्यादा अपना ही अहित करता है। किसी भी नशे का चरित्र और प्रभाव यही तो है कि वह उसके सेवन करने वाले को ही नष्ट करता है। जातीय उन्माद सबसे पहले उसी जाति का विनाश करता है जो इसमें सम्मिलित हैं, फिर वह समाज को तोड़ता है। ऐसे में तय है कि देश कमजोर होगा ही। चाहे मंच जितना बड़ा हो लेकिन उस पर ताबड़तोड़ चढ़ने वालों की संख्या इतनी बढ़ जाती है कि उनके दबाव से अक्सर ही मंच भी धराशायी हो जाता है ठीक वैसे ही जैसे जनता नेता की जीत के बाद धूल चाटती रहती है। नेता भी पूरे जोशो-खरोश में अपने भड़ास, उबाल और छल-फरेब को जनता की भावना भांप कर निकालते रहते हैं। हर दल ने अपनी जन विश्वास यात्रा निकालनी शुरू कर दी है। किसी ने भारत जोड़ो, तो किसी ने सुशासन संवाद, तो किसी ने जन विश्वास, तो किसी ने दुआ-सलाम, तो किसी ने कुछ और और नाम भले ही रख दिया है लेकिन काम और उद्देश्य सबके एक ही हैं कि आसन्न चुनाव में जनता कैसे उनके पक्ष में आ जाए। बड़े ऊंचे ऊंचे बोल, झूठ फरेब, नारे-वादे, घोषणा, आश्वासन और भाषण का दौर शुरू है। जनता भी पहली बार इस तरह के आचरण और व्यवहार को नहीं देखेगी, वह भी अभ्यस्त हो चुकी है।

विचित्र होता है चुनावी मौसम भी, और यह मौसम पूरे वातावरण में ऐसा नशा घोल देता है कि अच्छे-अच्छे लोग भी उन्माद में आ जाते हैं। सबके बोल बिगड़ जाते हैं। चौक-चौराहों पर विभिन्न दलों के कार्यकर्ता ही क्या आम-आवाम भी चुनावी हिसाब किताब और गणित में लग जाता है। ऐसे में दलों और नेताओं की आवाजाही तेज हो जाती है। वे आग बुझाने नहीं बल्कि उसमें घी डालकर उसे और तेज करने तथा अपनी रोटी सेंकने के लिए आते हैं।

चुनावी उन्माद का दौर शुरू है। रंग-बिरंगी पगड़ी बांधे, रंग जमाते शहर, गांव, कस्बों और गली-गली में फैल रहे हैं राजनीति के नए पुराने शोहदे। तमाम प्राणियों के गुण और आचरण को ओढ़कर आ रहे हैं ये। ऑक्टोपस की तरह अपने पंजे की गिरफ्त में लेते चले जा रहे हैं भोले-भाले लोगों को। अब तो चुनावी अभियान में भाषा का भदेस रूप स्थानीय गालियों के साथ प्रस्तुत हो रहा है। जाने किस-किस तरह का गठबंधन बनेगा। इंडिया बना तो उसका हाल बेहाल है, क्योंकि उससे प्रधानमंत्री बनने का सपना देखने वाले जदयू सुप्रीमो बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बाहर हो गए हैं। उन्होंने पाला बदल दिया और फिर ऊंट पहाड़ के नीचे आ गया है। नरेंद्र मोदी से खार खाए हुए नीतीश कुमार बार-बार उन्हीं की शरण में आ रहे हैं। बड़ी विवशता और छटपटाहट में हैं नीतीश जी।

बसपा सुप्रीमो मायावती जाने कहां हैं?और ठीक-ठाक पता नहीं कि सपा नेता अखिलेश यादव की साइकिल की स्थिति क्या है? कांग्रेस के राजकुमार राहुल गांधी की देश-नापो चहलकदमी और मटरगश्ती का हाल क्या है? तृणमूल की आंधी ममता दीदी की नई पैंतरेबाजी कैसी है? बहुत सारी बातें हैं! उत्तर और दक्षिण भारत के अलग-अलग प्रांतों के स्थानीय क्षत्रपों का भी हाल बेहाल है। वे डांवाडोल हैं। इधर जाएं या उधर जाएं - बात नेताजी की समझ में नहीं आ रही है।

## सोशल फोरम

# स्मार्टनेस पर जोर

इसी कारण देखिए ना , चीन और रूस की कम्युनिस्ट सरकारों तक को अर्थव्यवस्था खोलनी पड़ी। चीन ने 1978– 79 में ही खोल दी।



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

अब हम एक ऐसी दुनिया की ओर बढ़ रहे है जहां स्मार्टनेस पर जोर है । हर चीज दुबली पतली छरहरी। मोटे का ज़माना गया। आदमी भी स्मार्ट, मोबाइल भी स्मार्ट। आ गया माइक्रो चिप्स का ज़माना। ट्रांजिस्टर का उपयोग करके, हमने रेडियो को छोटा बना दिया है। बाल-पतली फाइबर-ऑप्टिक केबल ने भारी तांबे के तार की जगह ले ली है। माइक्रोचिप्सों ने तो कमाल कर दिया, पता नहीं क्या-क्या अप्रचलित कर दिया ।


एक और डाटा आ रहा है कि खुली अर्थव्यवस्थाएं बंद अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में प्रति वर्ष 1.2 प्रतिशत अंक तेजी से बढ़ीं, क्योंकि आप जितने अधिक खुले होंगे, आप विचारों, बाजारों, प्रौद्योगिकियों और प्रबंधन नवाचारों के आज के विश्व नेटवर्क में उतने ही अधिक एकीकृत होंगे , समय के साथ दौड़ सकते हैं ।

इसी कारण देखिये ना , चीन और रूस की कम्युनिस्ट सरकारों तक को अर्थव्यवस्था खोलनी पड़ी। चीन ने 1978- 79 में ही खोल दी। अपने ही देश में 1991 में विदेशी मुद्रा के लिए चंद्रशेखर सरकार ने सोना गिरवी रखा और उसके बाद आयी नरसिम्ह राव सरकार / मनमोहन सिंह को अर्थव्यवस्था खोलने पर मजबूर होना पड़ा ।

पूंजीवादी अर्थव्यवस्था के धुर विरोधी मार्क्स महान वैज्ञानिक चिंतक थे, साम्यवाद के प्रवर्तक थे, विज्ञान की तरह बताया कि यह होगा फिर यह होगा और फिर क्रांति होगी, कहीं-कहीं हुई भी पर आज यहां तो सब उलट हो रहा है। हमारे देश के मार्क्सवादियों ने अपने देश से लिहाज़ से सिद्धांत खोजे नहीं, वे आज हर सवाल के जवाब के लिए मार्क्स को ताक रहे हैं और मार्क्स कब्र में हैं , निकलने को तैयार नही। समय और देश की मांग के मद्देनज़र उन्हें नए सिद्धांत गढ़ने होंगे, धुर वाम से केंद्र की तरफ़ चलकर अपनी नई जगह बनानी और उसे मज़बूत करनी होगी।

**–फेसबुक वॉल से**

# जान है तो जहान है



डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

क्रोध, तनाव और विकट परिस्थितियों में असीम धैर्य को बनाए रखना। कठिन न परिस्थितियों में भी अपनी मनस्थिति को बनाए रखने की क्षमता को प्रकृतिस्थता कहते हैं। संपूर्ण विश्व में जो आपाधापी मची हुई है और सब लोग ब्लडप्रेशर , डायबिटीज, हृदय रोग, अनिद्रा ,पक्षाघात तथा कैंसर से पीड़ित दिखाई देते हैं ।

## स्वास्थ्य सुभाषित

जान है तो जहान है अर्थात जान बची रहेगी तो बाद में संसार का सारा आनन्द पुनः उठाया जा सकता है। मृत्यु के बाद सब कुछ व्यर्थ है। इसलिए जीवन सुरक्षित रखना सेहत दुरुस्त रखना हर व्यक्ति का प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए। हर आदमी को अपना खानपान ,रहन-सहन ऐसा रखना चाहिए जिससे उसकी सेहत ठीक–ठाक रहे। सेहत अच्छी रहे ।

**दृष्टांत :** कोविड महामारी के समय अधिकांश लोगों ने अपनी समस्त सार्वजनिक गतिविधियों को सीमित कर, यहां तक कि घर के बाहर निकलना, भीड़ भाड़ से बचना, स्वच्छता के नियमों का सख्ती से पालन करना, मास्क लगाना, परस्पर दूरी बनाए रखना आदि नियमों का पालन किया और उस संकट को पार किया। अपने को कोविड संक्रमण से बचाए रखने का पूरा प्रयास किया। टीका लगवाया। इन सबका प्रतिफल यह हुआ कि हमारे देश में कोविड की भयानकता अन्य देशों की अपेक्षा कम रही। कितने लोगों की जान बच गई।

इस संदर्भ में एक दूसरा अच्छा उदाहरण है उत्तरकाशी के सिलक्लायारा सुरंग दुर्घटना में फंसे 41 खनन मजदूरों का अपने जीवन को बचाने का सामूहिक प्रयास। उन सभी मजदूरों ने पत्थर की शिलाओं से रिसते जल से अपनी प्यास बुझाई, चिवड़े से भूख मिटाई तथा योगाभ्यास किया । यह सब तब तक करते रहे जब तक राहत प्रयास उन्हें बाहर निकालने में सफल हों सके। अपना जीवन बचाने का ऐसा साहसपूर्ण प्रयास विश्व इतिहास में एक कीर्तिमान स्तंभ है और ' जान है तो जहान है' का ज्वलंत उदाहरण है। जंक जहर है, जिगर कहर है। न खाये इसे/ न आएगी नैश की नौबत,न होगी हृदयाघात की आफत।

**व्याख्या :** नैश (NASH) अल्कोहल के अतिरिक्त जैसे जंक भोज्य पदार्थों के कारण जिगर में होने वाली सूजन / प्रदाह जो आगे चलकर भविष्य में सिरोसिस या यकृत कैंसर का रूप ले सकता है। जंक पदार्थों का दिल के ऊपर भी बुरा असर पड़ सकता है। आजकल युवकों में पाया जाने वाला दिल के दौरे का यह भी एक प्रमुख कारण है ।

**मांसाहार अनेक दोष / हृदय कैंसर जैव कुदोष।**

**व्याख्या:** मांसाहार विशेषतः लाल मांस खाने से दिल के दौरे की संभावना, बड़ी आंत का कैंसर तथा जैव विविधता (बायोडाइवर्सिटी) पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अब इस बात की साधिकारिक पुष्टि विश्व स्वास्थ्य संगठन, विकृति विज्ञानी और सिंगापुर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए शोध से प्रमाणित हो गई है । स्वास्थ्य की दृष्टि से शाकाहार सर्वोत्तम आहार है ।

**मोबाईल न असन, दिल घातक कुव्यसन**

(संकेत-असन-भोजन/खाना, दिलघातक- दिल को चोट पहुंचाने वाला/दिल को बीमार बनाने वाला, कुव्यसन- बुरी लत )

**व्याख्या :** मोबाईल को भोजन न समझे। उससे दिन -रात लिपटे न रहे। उसकी लत न लगाएं। लत की हद तक मोबाईल का प्रयोग आंखों की रोशनी पर असर डालेगा। गर्दन और कमर की हड्डियां झुक जाएंगी। सैर , व्यायाम या योग के लिए समय नहीं निकाल पाएंगें। इन सबका सम्मिलित कुफल यह होगा आपका पेट निकल आएगा। वजन बढ़ जाएगा। दिल पर बहुत बुरा असर पड़ेगा और कम उम्र में हृदयाघात (दिल के दौरे) की संभावना बढ़ जाएगी। किशोर-बच्चों को मोबाईल, लैपटॉप या टीवी सब मिलाकर दिन में दो घंटे से अधिक नहीं देखना चाहिए।

**साक्ष्य :** एसजीपीजीआई लखनऊ में किए गए एक शोध के अनुसार जो लोग दिन भर में 3 घंटे से अधिक मोबाईल का उपयोग करते हे उन्हें तोंद, बीपी, तथा शुगर की समस्या कम उम्र में सता सकती है।

**प्रकृतिस्थता:** क्रोध, तनाव और विकट परिस्थितियों में असीम धैर्य को बनाए रखना। कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपनी मनस्थिति को बनाए रखने की क्षमता को प्रकृतिस्थता कहते हैं। आजकल संपूर्ण विश्व में जो आपाधापी मची हुई है और सब लोग ब्लडप्रेशर,डायबिटीज, हृदय रोग, अनिद्रा, पक्षाघात तथा कैंसर से पीड़ित दिखाई देते हैं उसके पीछे प्रकृतिस्थता का अभाव ही प्रमुख कारण है। जिसने अपने अंदर प्रकृतिस्थता का गुण विकसित कर लिया उसने इन तमाम बीमारियों पर सहज ही नियंत्रण प्राप्त कर लिया। इस संदर्भ में मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जीवन का एक प्रसंग बहुत ही अनुकरणीय है जिसकी चर्चा महाकवि तुलसी इस श्लोक में बहुत सुंदर तरीके से करते हैं: प्रसन्नतां या न गताभिषेकस्तथा/ न मम्ले वनवास दुःखतः। मुखाम्बुज श्रीरघुनंदनस्य में,सदास्तुसा मंजुल मंगलप्रदा।। (अयोध्याकांड श्लोक-२,श्रीरामचरितमानस) श्रीराम जनकपुर में विवाह के पश्चात अयोध्या लौट आते हैं और महाराज दशरथ गुरु वशिष्ठ से मंत्रणा के बाद उन्हें राज्याधिकार देने का सुनिश्चय करते हैं। राज्याभिषेक के तिथि की घोषणा हो जाती है। दूसरे दिन सवेरा होते-होते महारानी कैकेयी की कुमति और दुराग्रह के चलते उन्हे चौदह वर्ष वनवास की आज्ञा होती है जिसे राम 'कानन राजू ' समझ कर सहर्ष स्वीकार करते हैं। उनके चेहरे पर विषाद की एक रेखा भी नहीं उभरती। प्रस्तावित राज्याभिषेक के ठीक पहले वह हर्षोन्मत्त भी नहीं थे। ऐसा अद्भुत मानसिक संयम और संतुलन ही व्यक्ति को स्वस्थ और दीर्घायु दे सकता है। इसके विपरीति आजकल का धमाचौकड़ी पूर्ण जीवन केवल असंतोष और तनाव देता है जो अनेक असंक्रामक रोगों का सहज कारण बंनता है ।

**अभिवादनशीलता:** 'अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः। चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशोबलम्।। ' स्वस्थ और दीर्घ जीवन की कामना करने वाले हर व्यक्ति को अपने से आयु में श्रेष्ठ हर प्राणी का उचित अभिवादन, उसका यथा संभव सेवा -सत्कार अवश्य करना चाहिए। ऐसे अभिवादनशील व्यक्ति की आयु, विद्या, कीर्ति और बल इन चारों में वृद्धि होती है। स्वस्थ और सफल जीवन जीने वाले अनेक लोगों का जीवन हमें हमेशा अभिवादनशील बने रहने की शिक्षा देता है ।

**हम दो हमारे दो :** 'दुई सुत सुंदर सीता जाए। लवकुश बेद पुरानन्हिं गाए।।'मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने त्रेता युग के उस काल में सीमित परिवार– 'दुई सुत सुंदर सीता जाए। लवकुश बेद पुरानन्हिं गाए।।' का ऐसा आदर्श रखा जो अब संपूर्ण विश्व को जनसंख्या विस्फोट से बचाने के लिए एक अनुकरणीय अपरिहार्यता बन गई है। ध्यातव्य है कि भारत सरकार ने बहुत वर्षो पहले अपरिमित बढ़ती हुई आबादी पर नियंत्रण पाने के लिए इस नारे की बहुत जोर शोर के साथ घोषणा की थी- 'हम दो हमारे दो'। पर हमारे मर्यादा पुरुषोत्तम तो इस बात का जीवंत उदाहरण हमारे सामने हजारों वर्ष पूर्व रख दिया था। स्वस्थ सामाजिक संरचना के लिए ऐसी संतति – संकल्पना शायद ही किसी अन्य ने प्रस्तुत किया हो।

# सड़कों पर बिना एचएसआरपी दौड़ रहे 2.33 करोड़ वाहन

## अब तक मात्र 23.85 प्रतिशत वाहनों में ही लगी है नई सुरक्षा प्लेट

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट (एचएसआरपी) लगवाने की अंतिम तारीख 15 फरवरी, 2023 को एक वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है। इससे पहले भी दो बार तारीखें बढ़ाई गई हैं। लेकिन वाहन स्वामियों पर कोई फर्क नहीं पड़ा। प्रवर्तन एजेंसियां भी इसे ठंडे बस्ते में डाल भूल गईं। नतीजा सामने है प्रदेश में अब तक मात्र 23.85 प्रतिशत वाहनों में ही एचएसआरपी लग पाई है। कुल पंजीकृत वाहनों में 02 करोड़ 33 लाख 40 हजार 532 वाहन ऐसे हैं जिसमें अभी एचएसआरपी लगना शेष है। आधुनिक नंबर प्लेट न लग पाने की वजह से ये वाहन सारथी पोर्टल में दर्ज नहीं हो पा रहे हैं।

राजधानी लखनऊ में ही प्रवर्तन टीम कटघरे में खड़ी हो जाती है। एक अप्रैल 2019 के पहले कुल 21,48,179 वाहन पंजीकृत हुए हैं। इनमें से 5,86,378 में ही एचएसआरपी लग पाई है। यानी 15,61,801 वाहन अभी बिना नई नंबर प्लेट के, इसी तरह बरेली में 7,54,602 वाहनों का पंजीकरण। इनमें से 1,85,846 गाड़ियों में ही नवीन नंबर प्लेट। यानी 5,68,756 गाड़ियों में अभी एचएसआरपी लगवाए जाने का इंतजार।

### प्रवर्तन दलों ने कार्रवाई शुरू कर दी है




दरअसल, एक अप्रैल, 2019 से पहले खरीदे गए वाहनों में एचएसआरपी लगवाए जाने को लेकर गाड़ी के अंतिम नंबर के हिसाब से तिथियां तय की गईं थीं। तय तारीखों तक नंबर प्लेट हर हाल में लग जानी थी। वाहन स्वामियों की दिक्कतों को देखते हुए चेतावनी के साथ दो बार तिथि बढ़ाई गई। तारीख निकलती रहीं लेकिन वाहन स्वामियों ने इसे लगवाया नहीं। अब अभियान शुरू हो गया है। ऐसे में लापरवाह लोगों की जेब कटना तय है।

### तीन चालान के बाद जुर्माना राशि और बढ़ेगी

चेकिंग के दौरान पकड़े जाने पर 5,000 रुपये का जुर्माना पहली बार में वाहन स्वामी पर लगाया जाएगा। जांच में निरंतर तीन बार पकड़े जाने पर यही राशि देय होगी। अफसरों के मुताबिक तीन चालान के बाद भी अगर नंबर प्लेट न लगवाई गई तो 10,000 रुपये की आर्थिक चोट जेब पर पड़ेगी। ● प्रदेश में पंजीकृत कुल वाहन- 03,06,52,158 ● एचएसआरपी लगी गाड़ियों की संख्या- 073,11,626 ● वाहनों का प्रतिशत- 23.85

# सत्यापन में फंसा शादी अनुदान

**लखनऊ, अमृत विचार :** पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की शादी अनुदान योजना से कई बेटियां वंचित हो सकती हैं। इनके समय पर किए गए आवेदन जिलों पर एसडीएम और बीडीओ स्तर से सत्यापित नहीं हो पाए हैं। प्रदेश में वर्ष 2023-24 के 66,032 आवेदनों के सापेक्ष 6531 लंबित हैं। आवेदन अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर अन्य वर्ग के हैं। इसमें 21 फरवरी तक बीडीओ के 5556 व एसडीएम स्तर से 975 आवेदनों का सत्यापन और आगे की प्रक्रिया लंबित रही। इधर, वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है। यदि आवेदन सत्यापन कर संबंधित अधिकारियों के पोर्टल पर न बढ़ाए गए तो बजट वापस होने पर कई लाभार्थी बाहर हो जाएंगे। इस प्रक्रिया की जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति गठित है। इसके अध्यक्ष जिलाधिकारी हैं फिर भी यह स्थिति है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में शादी अनुदान के लिए 150 करोड़ रुपये बजट मिला था। इसमें फरवरी तक आधा भी खर्च नहीं हो पाया है। क्योंकि आवेदन समय पर सत्यापित नहीं हुए न आगे प्रक्रिया के लिए बढ़े। चर्चा यह भी है कि पूर्वांचल के जिलों ने बजट पहले ही सरेंडर कर दिया है।

# एमएसपी कानून: प्रतीकात्मक प्रतियां फाड़ व्यापारियों ने जताया आक्रोश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● कृषि उत्पाद व्यापारियों ने किसानों की मांग को किया खारिज

**अमृत विचार :** कृषि उत्पाद से जुड़े. व्यापारियों ने किसान संगठनों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए रविवार को जीपीओ पार्क में तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। नाराज व्यापारियों ने एमएसपी कानून की मांग को लेकर प्रतीकात्मक प्रतियां फाड़ आक्रोश जताया। इसमें बड़ी संख्या में खाद्यान्न व्यापारियों ने हिस्सा लिया। व्यापारियों का कहना है कि किसानों द्वारा कृषि उत्पादों की एमएसपी पर कानून बनाने की मांग के प्रस्तावित स्वरूप पर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि कृषि उत्पाद को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम कीमत पर खरीदने पर खरीदार कृषि उत्पाद व्यापारियों पर कानूनी कार्यवाही हो। इसके तहत कोई धारा, सजा व मुकदमे का प्रावधान हो। यह मांग पूरी तरह से बेजा है।

किसानों की दूसरी मांग को भी खारिज करते हुए व्यापारियों ने कहा कि इस कानून से डब्ल्यूटीओ का समझौता खत्म होगा यह समझौता तोड़ने का मतलब कृषि उत्पादों का आयात-निर्यात बंद होना और देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करना। यह कतई मानने योग्य बातें नहीं हैं। इससे देश में कृषि उत्पाद व्यापार में परेशानियां बढ़ेंगी।

भारतीय कृषि उत्पाद उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र के नेतृत्व में व्यापारी प्रदर्शन के लिए जुटे। संगठन अध्यक्ष ने बताया किसान संगठनों द्वारा प्रस्तावित एमएसपी कानून के ब्यौरे की प्रतीकात्मक प्रतियां फाड़कर विरोध दर्ज कराया गया। प्रधानमंत्री मोदी को सम्बोधित ज्ञापन कमिश्नरेट पुलिस को सौंपा गया। इस मौके पर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल उन्नाव के जिला अध्यक्ष अखिलेश अवस्थी ने कहा कि जिले के सभी व्यापारी आंदोलनरत हैं। इस कानून का विरोध किया जाएगा। संगठन के कानपुर महानगर इकाई के वरिष्ठ महामंत्री मनीष गुप्ता सलोने, महानगर महामंत्री महेश सोनी, संगठन महामंत्री चंद्राकर दीक्षित और कानपुर महानगर युवा अध्यक्ष आशीष मिश्र व युवा वरिष्ठ महामंत्री सचिन त्रिवेदी समेत कानपुर की दोनों गल्ला मंडियों के कृषि उत्पाद व्यापारियों ने भी नाराजगी जताई।

## सार-संक्षेप

### रामलला को समर्पित हुआ 13.5 किलो चांदी से बना दीपक



**अयोध्या, अमृत विचार :** राम मंदिर में विराजमान रामलला के गर्भगृह में अखंड ज्योति के लिए मुंबई के उद्योगपति नागेंद्र आचार्य और अरुणा आचार्य ने चांदी से बने दो विशाल दीपक श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को समर्पित किया है। 13 .50 किलो वजनी दीपक की ऊंचाई 3 .30 फीट है। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद से 48 दिवसीय मंडपोत्सव के अनुष्ठान में रविवार को मुंबई से आए उद्योगपति नागेंद्र आचार्य पत्नी समेत शामिल हुए इस दौरान रामलला के समक्ष पूजन अर्चन करने के बाद राम लाल की समक्ष अखंड ज्योति जलाए जाने की इच्छा प्रकट करते हुए जो विशाल दीपक ट्रस्ट के सदस्य विश्व प्रसन्न तीर्थ के मौजूदगी अर्पित किया।

### बोनट पर गिरे व्यक्ति को 3 किलोमीटर तक घुमाया

**गाजियाबाद, एजेंसी :** गाजियाबाद जिले के इंदिरापुरम इलाके में रविवार को कथित तौर पर एक कार के चालक ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी और कार के बोनट पर गिरे उस शख्स को तीन किलोमीटर तक घुमाता रहा। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इंदिरापुरम के सहायक पुलिस आयुक्त स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि रमेश सिंह नामक व्यक्ति को एक कार ने टक्कर मार दी थी। सिंह कार के बोनट पर गिर गया लेकिन चालक रुकने के बजाय लगभग तीन किलोमीटर तक वाहन चलाता रहा। इस दौरान सिंह जान बचाने के लिए बोनट से चिपका रहा। हालांकि, कुछ राहगीरों ने कार का पीछा किया और उसके चालक तरंग जैन को रुकने के लिए विवश कर दिया, जिससे रमेश सिंह की जान बच गई।

### राज्यसभा चुनाव: मतदान में मोबाइल फोन पर रहेगी पाबंदी

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्यसभा की रिक्त 10 सीटों के लिए मंगलवार 27 फरवरी को होने वाले मतदान में मोबाइल फोन पर पाबंदी रहेगी। इस चुनाव के रिटर्निंग आफिसर और उत्तर प्रदेश विधानसभा के विशेष सचिव बृजभूषण दुबे ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि विधान भवन के तिलक हॉल स्थित मतदान स्थल और मतगणना स्थल यानि कक्ष संख्या-80 में इस चुनाव में शामिल सभी प्रत्याशियों, उनके अधिकृत प्रतिनिधियों, मतदाता, चुनाव ड्यूटी में लगे सभी कर्मचारियों और मीडिया कर्मियों के मोबाइल फोन इस्तेमाल पर प्रतिबंध रहेगा। विशेष सचिव ने बताया कि केन्द्रीय चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार उक्त मतदान दिवस पर मतदान स्थल और मतगणना स्थल पर मोबाइल फोन पर पूरी तरह प्रतिबंध है।

### रामलला को लगा 56 व्यंजनों का भोग

**अयोध्या, अमृत विचार :** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से आयोजित मुरारी बापू की कथा में शामिल हुए रामभक्तों ने श्रीराम जन्मभूमि में विराजमान रामलला को 56 व्यंजनों का भोग प्रसाद को अर्पित किया। शनिवार शाम विश्व हिंदू परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष आलोक कुमार, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी, महामंत्री चंपत राय, सदस्य कामेश्वर चौपाल, सदस्य विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य की उपस्थिति में राम कथा आयोजन के मुख्य यजमान ने विशेष भोग को अर्पित किया।

### शासन ने दो आईपीएस का किया तबादला

**लखनऊ, अमृत विचार :** शासन ने शनिवार की देर रात दो आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया। पुलिस उप महानिरीक्षक साइबर क्राइम एन कोलांची को अपर पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज बनाया गया है, जबकि पवन कुमार को अपर पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज से हटाकर पुलिस उप महानिरीक्षक साइबर क्राइम के पद पर तैनाती दी गई है।

# कांग्रेस की तरह इस बार विधान परिषद से गायब हो जाएगी बसपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कांग्रेस की तरह इस बार बहुजन समाज पार्टी भी विधान परिषद से गायब हो जाएगी! वजह यह है कि बसपा के एक मात्र सदस्य भीम राम आंबेडकर का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। 13 सीटों के लिए होने जा रहे चुनाव में बसपा का कोई सदस्य नामांकन करने की भी स्थिति में नहीं है।

राज्यसभा चुनाव के बाद प्रदेश में विधान परिषद की खाली सीटों के लिए चुनाव होंगे। इसके लिए चार मार्च से नामांकन शुरू होगा। वर्तमान में विधानसभा में 399 विधायक हैं। विधान परिषद के एक प्रत्याशी को जीतने के लिए 29 वोट चाहिए होते हैं, जबकि नामांकन करने के लिए 10 विधायक प्रस्तावक के तौर पर होने चाहिए। ऐसे में बसपा के लिए विधान परिषद चुनाव में जीतना तो दूर वर्तमान परिस्थिति में प्रत्याशी का नामांकन दाखिल करना भी असंभव नजर आ रहा है। मालूम हो कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से घोषित कार्यक्रम के अनुसार चार मार्च से नामांकन शुरू होगा, जबकि मतदान 21 मार्च को होगा। इसी दिन परिणाम घोषित किये जाएंगे। परिषद के 13 सदस्यों का कार्यकाल पांच मई को समाप्त हो रहा है। इसी के मद्देनजर चुनाव कार्यक्रम घोषित किये गये हैं।

### 11 मार्च तक प्रत्याशी नामांकन कर सकेंगे

प्रत्याशी चार मार्च से 11 मार्च तक नामांकन कर सकेंगे। 12 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। इसके बाद 14 मार्च तक प्रत्याशी नाम वापस ले सकेंगे। 21 मार्च को पूर्वान्ह 9 बजे से अपरान्ह चार बजे तक मतदान होगा। इसी दिन शाम पांच बजे से मतगणना होगी।

# मृत्युंजय स्तोत्र ग्रहजन्य पीड़ा से दिलाता है मुक्ति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


● अन्तर्राष्ट्रीय ज्योतिष संगोष्ठी के दूसरे दिन ज्योतिषाचार्यों ने रखी अपनी-अपनी बात

**अमृत विचार :** अरिष्ट निवारण के लिए मृत्युंजय स्तोत्र का पाठ किया जाता है। इसे नित्यकर्म में जोड़कर प्रतिदिन किया जा सकता है। इससे ग्रहजन्य पीड़ा व प्राकृतिक उत्पातों से भी मुक्ति मिल जाती है। ये बातें ज्योतिष विभाग के वरिष्ठ आचार्य और केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा ने कही।

वे त्रिदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय ज्योतिष सेमिनार के दूसरे दिन के पहले सत्र को संबोधित कर रहे थे। इसमें पंचांग की एकरूपता और पंचाग साधन, विवाह विलम्ब विचार, रोग विचार, हृदयरोग विचार, कर्मजरोग आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि विवाह में विलम्ब के प्रमुख चार कारण हैं- शिक्षा, रोजगार, वैवाहिक जीवन का भय और ज्योतिषशास्त्र की दृष्टि से ग्रहयोग। शास्त्रीय विधि से ईश्वरीय आराधना से इस दोष का शमन होता है। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के डा. सुभाष पाण्डेय ने हृदय रोग जैसे गम्भीर संकट से मंत्र जप व ईश्वर की उपासना मुक्ति दिला सकता है। यह बात काफी गहन चिंतन के बाद कह रहा हूं। डॉ. उदित नारायण पाण्डेय एक सड़क परिवहन अधिकारी ने विवाह में विलम्ब के योग, उनके निदान तथा अन्य गम्भीर रोगों की चर्चा की। जिनका निदान ज्योतिष शास्त्र में प्रतिपादित किया।

कवि कुलगुरू कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय नागपुर के ज्योतिष विभाग के प्रोफेसर कृष्ण कुमार पाण्डेय ने कहा कि पंचांग की एकरूपता आवश्यक है। धर्मशास्त्र की दृष्टि से मतान्तर तो सम्भव है, लेकिन गणित में अन्तर आना चिन्ता का विषय है। इसलिये सभी को मिलकर कार्य करना चाहिये ताकि समाज को एक शुद्ध पंचांग मिल सके। इस अवसर पर प्रो. मदनमोहन पाठक, प्रो. भारतभूषण त्रिपाठी, प्रो. धनीन्द्र कुमार झा, डॉ. नीरज तिवारी, डॉ.अमित मिश्र, डॉ. चन्द्रश्री पाण्डेय आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### ज्योतिष गणना में भी भाजपा बनाएगी तीसरी बार सरकार



ज्योतिषाचार्य सुमेधा शर्मा।

**लखनऊ, अमृत विचार :** ग्रहों के चाल पर ही भविष्यवाणी होती है। लोकसभा चुनाव के परिणाम की बात करें तो ग्रहों की चाल और उनकी गणना साफ बता रही है कि भाजपा देश में तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। भाजपा इस बार के चुनाव में पश्चिम बंगाल में भी बड़ी सफलता हासिल करेगी। गणना के मुताबिक 23 से 26 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा का भाग्येष प्रबल है। पार्टी जब तक धर्म से जुड़ी रहेगी, तब तक सफलता की संभावना ज्यादा रहेगी। धर्म के प्रभाव से प्रसिद्धि का योग बन रहा है। ये बातें ज्योतिषाचार्य सुमेधा शर्मा ने कही। वे त्रिदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय ज्योतिष सेमिनार के दूसरे दिन व्याख्यान दे रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्रहों के अनुसार कांग्रेस को सफलता 27 अप्रैल के बाद वोटिंग में मिलेगी। कांग्रेस नेताओं को अपनी वाणी में नियंत्रण रखना होगा। भाषा के स्तर को ठीक करना होगा। समाजवादी पार्टी को भी 5 मई के बाद होने वाली वोटिंग में सफलता मिलेगी। इससे पहले होने वाली वोटिंग में पार्टी को नुकसान होगा। हालांकि उन्होंने कहा कि अभी चुनाव की तिथि ज्ञात नहीं है। इसमें फेर बदल हो सकता है।

# 10 सालों में देश में दिखा क्रांतिकारी परिवर्तन: योगी

संवाददाता, रायबरेली

● एम्स रायबरेली के वर्चुअल लोकार्पण पर योगी ने की प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ



**अमृत विचार :** एम्स रायबरेली के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एम्स की दशकों पूर्व जो मांग हुई थी। अब उसका विधिवत कार्यक्रम आज सामने आया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले दस वर्ष से प्रदेश में प्रत्येक क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन देखने को मिल रहा है। एक नया भारत बन रहा है, जिस भारत में हर नागरिक को सुरक्षा की गारंटी भी है। जहां पर विकास की बड़ी-बड़ी परियोजनाओं को धरातल पर उतारने की क्षमता भी है।

अब हर युवा के हाथ को आजीविका के साथ जोड़ने और आम नागरिक की आस्था को सम्मान देने का सरकार के पास जज्बा है। यह नया भारत जहां स्वच्छ भारत मिशन के तहत तमाम प्रकार की बीमारियों से बचाव सुझाता है तो वही यह नया भारत बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधा के नाम से हर जनपद पर स्वस्थ्य सेवाओं को बेहतर करने का काम कर रहा है। सौभाग्य है कि एम्स रायबरेली के साथ यूपी देश का उन राज्यों में अग्रणी होने जा रहा है, जिनमें दो-दो एम्स है। मुख्यमंत्री ने इशारों में कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि देश में 70 सालो में जितना काम हुआ उतना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 10 वर्षो में हमारी सरकार ने किया है। 2017 से जब डबल इंजन की सरकार आई तो उस समय स्वास्थ्य एक चुनौती थी। प्रदेश में तरह तरह की बीमारियां देखी जाती थी। मेडिकल के क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाए बहुत खराब थी। रविवार को एम्स के वर्चुअल लोकार्पण पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रायबरेली पहुंचे। प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअल माध्यम से रायबरेली एम्स का लोकार्पण किया गया। इसमें कई केंद्रीय मंत्री और राज्य मंत्री भी मौजूद रहे। इसी में मुख्यमंत्री की जनसभा का भी कार्यक्रम किया गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सुनने के लिए 65 वर्षीय रामकुमारी एम्स आई। बताया कि एम्स के मेन गेट से पंडाल की दूरी लगभग तीन किलोमीटर की थी लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और एक डंडे के सहारे वो जनसभा में पहुंचकर मुख्यमंत्री को सुना।

### 1947 से 2017 तक प्रदेश में थे 12 मेडिकल कालेज

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्ववर्ती सरकारों पर सधी जुबान से प्रहार करते हुए कहा कि यूपी के 75 जनपदों में केवल 12 सरकारी मेडिकल कालेज बने थे। आज प्रदेश में 45 जनपदों में पहले से ही मेडिकल कालेज है। शासन और निजी क्षेत्र में दोनों को मिलाकर 65 मेडिकल संचालित है। 14 मेडिकल कालेज निर्माणधीन है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश और प्रदेश की सरकार लगातार स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर काम कर रही है। जिस तेजी से प्रदेश में मेडिकल कालेज बनाने का काम हो रहा है, उससे वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कालेज का सपना भी साकार हो सकता है।

# मेडिकल की जमीन पर बनवाया गेस्ट हाउस : स्मृति ईरानी

**रायबरेली, अमृत विचार :** केंद्रीय मंत्री और अमेठी सांसद स्मृति इरानी ने एम्स उद्घाटन पर गांधी परिवार को आड़े हाथों लेते हुए कई प्रहार किए। उन्होंने कहा कि कामगारों के कारण एम्स रायबरेली में है। नामदार और कामगार में फर्क क्या होता है। यह एम्स रायबरेली उत्तम उदाहरण है। गांधी परिवार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मैं उस क्षेत्र से हूं, जहां पर पहले कभी नामदार हुआ करते थे। 30 साल पहले अमेठी में नामदारों ने मेडिकल कालेज बनाने की बात कहकर जमीन ली। उस जमीन पर अपने लिए गेस्ट हाउस बना लिया, मेडिकल कालेज नहीं बना। जो 30 साल में नहीं हो सका मेरे कार्यकाल में तीन माह में यह बन गया।


## वर्ग पहेली-354

**बाएं से दाएं**

1. 1. जो कहने योग्य न हो 2. जो कहा न जा सके, अकथनीय 3. जो कहा न गया हो।
4. बीज के लेन-देन की एक रीति जिसमें फ़सल काटने पर लेने वाले को डेढ़ा देना पड़ता है।
5. 1. गंधयुक्त 2. चूहे की तरह का एक जंतु, छछूंदर।
6. झींगुर का बोलना।, झींगुर की तरह आवाज़ पैदा करना।
9. 1. रेखाचित्र, रेखाओं के द्वारा बनी आकृति 2. लेखन में किसी बात पर बल देने के लिए उसके नीचे खींची हुई लकीर।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. झमेला 2. किसी बात पर होने वाली कहा-सुनी या विवाद, झंझट-बखेड़ा 3. सुख-भोग में होने वाली बाधा, रंग में भंग।
2. 1. कृपा करने वाला, दयालु 2. कृपा करना जिसका स्वभाव हो।
3. इस्लाम, ईसाई, मूसाई आदि कुछ धर्मों में ईश्वर का पैगाम या संदेशा लाने वाला, नबी, (प्रॉफ़ेट)।
7. 1. कोमल, सुकुमार, मृदु 2. जो जल्दी टूट जाए या नष्ट हो जाए, कमज़ोर 3. महीन, बारीक 4. मार्मिक, गूढ़, गंभीर।
8. 1. गांठ के रूप में होने वाली पौधों की जड़, गांठ 2. लहसुन आदि की गांठ।



### वर्ग पहेली - 353 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 जु | मा | ■ | 2 अ | यो | 3 नि |
| हू | ■ | ■ | खं | ■ | छो |
| ■ | 4 को | ■ | ड | ■ | ह |
| ■ | 5 हि | म | पा | त | ■ |
| ■ | नू | ■ | ठ | ■ | 6 मुँ |
| 7 भै | र | वी | ■ | ■ | द |
| ■ | ■ | ■ | 8 खि | ल | ना |

## सुडोकू -71

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 7 | 6 | | | 8 |
| | | 9 | 5 | | | | 1 | |
| | 2 | | | 1 | | 6 | | |
| 2 | | 7 | | 8 | | | | |
| | | 5 | | | | 1 | | 9 |
| | | | | 9 | | 2 | | 7 |
| | | 3 | | 2 | | | 4 | |
| | 7 | | | | 3 | 5 | | |
| 6 | 1 | | 9 | 5 | | 8 | | |

### सुडोकू - 70 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 8 | 4 | 9 | 7 | 3 | 1 | 6 |
| 3 | 4 | 9 | 1 | 6 | 2 | 8 | 5 | 7 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 5 | 7 | 3 | 2 | 8 | 4 |
| 4 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 | 5 |
| 7 | 3 | 5 | 2 | 8 | 4 | 6 | 9 | 1 |
| 8 | 9 | 4 | 7 | 3 | 1 | 5 | 6 | 2 |
| 1 | 5 | 7 | 8 | 2 | 6 | 9 | 4 | 3 |
| 2 | 6 | 3 | 9 | 4 | 5 | 1 | 7 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 फरवरी, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-द्वितीया 23 .15 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तरा फाल्गुनी 27 फरवरी 04 .31 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष** – आज किसी काम को लेकर उलझन की स्थिति है तो उसमें परिवार का सहयोग मिलेगा। रिश्तों में मजबूती आएगी और आप खुलकर अपनी बात रख पाएंगे। आपकी आय के साधनों में वृद्धि होगी। संतान पक्ष की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है

**वृष** – आज व्यापारी वर्ग को विशेष लाभ मिलेगा। कहीं से अच्छे समझौतों पर हस्ताक्षर भी हो सकते हैं जो भविष्य की दृष्टि से लाभान्वित रहेंगे। आपकी नए कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी संबंधी या खुद की अस्वस्थता से परेशान हो सकते हैं।

**मिथुन** – आज के दिन काम का बोझ ज्यादा होगा तो वहीं घर से भी बहुत काम मिलेगा। आपको संयम बनाकर चलना होगा तभी सभी काम निपटा पाएंगे। स्वास्थ्य गड़बड़ रहेगा। वैवाहिक जीवन में भी कुछ हद तक अशांति बनी रहेगी।

**कर्क** – आज पेट दर्द की समस्या रह सकती है। मानसिक तनाव भी हो सकता है। किसी से मिलने का मन नहीं करेगा और पूरे दिन सुस्ती छाई रहेगी। आत्मविश्वास की कमी बनेगी। आपके प्रेम संबंधों में कसा-कसी बनी रहेगी।

**सिंह** – आज पिता या भाई में से किसी एक के साथ अवरोध उत्पन्न होगा। मन में किसी बात को लेकर आशंका रहेगी जिसका निवारण जल्दी नहीं होगा। आत आप समय को बर्बाद न करें। आपको केवल अपनी समस्याओं पर ही ध्यान देना होगा, दूसरों की समस्याओं में पड़ने से हानि हो सकती है।

**कन्या** – आज जमीन या शेयर में निवेश करने का विचार कर सकते हैं। पैसा पहले से कहीं इन्वेस्ट किया हुआ है तो उसमें लाभ मिलने के संकेत हैं। वैवाहिक और प्रेम संबंधों के लिए समय मिश्रित है। विद्यार्थी समय का सदुपयोग करने में सफल रहेंगे।

**तुला** – आज ज्यादा उत्साह में रहने से बचें क्योंकि आज के दिन उसके कारण परेशानी खड़ी हो सकती है। घर में किसी बात को लेकर मंथन होगा। अटकलें पर ध्यान और जोखिम भरे कार्य न करें। आप आलोचना और अपने शुभचिंतकों के विरोध का सामना कर सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज प्रेम में किसी प्रकार का धोखा मिल सकता है या किसी तीसरे व्यक्ति के द्वारा तनाव पैदा किया जा सकता है। छात्रों को अपने खर्चों पर नियंत्रण करने की आवश्यकता है। नए कार्य मिलने की संभावना। कार्य के पूर्ण होने में देरी महसूस होगी।

**धनु** – आज के दिन अपनी शिक्षा से संबंधित कोई गंभीर निर्णय ना लें अन्यथा बाद में पछताना पड़ेगा। मां बाप के परामर्श को ध्यान से सुने। आपका स्वास्थ्य थोड़ा प्रतिकूल हो सकता है। संपत्ति, गृह, पारिवारिक मामलों में नई शुरुआत कर सकते हैं।

**मकर** – आज किसी प्रकार की पुरानी बीमारी से परेशान हैं तो दिन उससे आराम मिलेगा। शरीर पहले से ज्यादा तरोताजा रहेगा और स्फूर्ति बनी रहेगी। नई योजनाओं का क्रियान्वयन हो सकेगा। उच्च अधिकारियों के साथ आपकी मुलाकात होगी।

**कुंभ** – आज व्यापार में वृद्धि होगी और नई शाखाएं खुलेगी। कहीं जॉब करते हैं तो उसमें भी बॉस आपसे खुश होंगे और इसका ईनाम भी मिल सकता है। जीवन के लिए अपने दृष्टिकोण में व्यावहारिक बनने की कोशिश करें। स्वास्थ्य और धन में लाभ मिल सकता है।

**मीन** – आज के दिन भगवान हनुमान का ध्यान अवश्य लगाएं क्योंकि मंगल भारी है। घर में ही तीन बार हनुमान चालीसा पढ़ लेंगे तो संकट टल जाएगा। स्वास्थ्य और धन में लाभ मिल सकता है। बुद्धिमानी से अपने पैसे का उपयोग करें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- पृथ्वी — सुबह : 11.49
- चाल बाज — शाम : 06.11

Utsav Gold
- कोई आप सा — सुबह : 09.45
- धूम 3 — शाम : 04.00

SONY MAX
- तारा वर्सेस बिलाल — सुबह : 09.00
- लगे रहो मुन्ना भाई — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- मेरा धर्म — सुबह : 10.30
- लूटेरे — रात : 07.00

colors CINEPLEX
- ओके जानु — सुबह : 10.01
- तनु वेड्स मनु — शाम : 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम-06.58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

चिंटू को अपनी एक्स गर्लफ्रेंड की शादी का कार्ड मिला।
मिंटू- भाई, बुरा तो लग रहा होगा।
चिंटू- हां यार, तकलीफ तो हो रही है।
मिंटू- जाएगा?
चिंटू-जाऊंगा जरूर ...
मोहब्बत अपनी जगह है और शादी का खाना अपनी जगह।

गप्पू ने बड़े प्यार से शादीशुदा आदमी से पूछा -
रात को ऑनलाइन कब आते हो?
दर्द की दीवारें हिल गईं जब उसने कहा -
बर्तन धोने के बाद ।



## खेल डायरी

### ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 27 रन से हराया



**ऑकलैंड, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने वर्षा से प्रभावित तीसरे और अंतिम टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में रविवार को न्यूजीलैंड को डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत 27 रन से हराकर 3 मैच की श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सेंटनर ने अपने 100वें टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में बारिश को देखते हुए टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। ऑस्ट्रेलिया की पारी में बारिश ने 3 बार व्यवधान डाला और अंतत: 10 .4 ओवर में 4 विकेट पर 118 रन के स्कोर पर उसकी पारी को खत्म करना पड़ा। डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत न्यूजीलैंड को 10 ओवर में 126 रन का लक्ष्य मिला। न्यूजीलैंड की टीम इसके जवाब में स्पेंसर जॉनसन (दो ओवर में 10 रन पर 1 विकेट), एडम जंपा (दो ओवर में 20 रन पर 1 विकेट), नाथन एलिस (दो ओवर में 11 रन) और मिशेल स्टार्क (दो ओवर में 15 रन) की गेंदबाजी के सामने 10 ओवर में 3 विकेट पर 98 रन ही बना सकी।

### हारिस राऊफ कंधे की चोट से पीएसएल से बाहर

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राऊफ कंधे में चोट से पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। पीएसएल में लाहौर कलंदर्स के लिए खेलने वाले इस तेज गेंदबाज को शुक्रवार रात कराची किंग्स के खिलाफ क्षेत्ररक्षण करते समय चोट लग गई थी और वह बाहर चले गए थे। फिटनेस हासिल करने के लिए उन्हें चार से छह सप्ताह का समय लगेगा। लाहौर कलंदर्स के प्रवक्ता ने कहा कि एमआरआई स्कैन और अन्य परीक्षणों से पता चला है कि उनके कंधे में चोट है जिसे ठीक होने में समय लगेगा इसलिए वह पीएसएल से बाहर हो गए हैं।

### थोनाकल ने एलीट पुरुषों की स्पर्धा जीती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व एशियाई चैंपियन गोपी थोनाकल ने रविवार को नई दिल्ली मैराथन का खिताब जीता लेकिन पेरिस ओलंपिक क्वालीफाइंग से चूक गए। एशियाई मैराथन 2017 का खिताब जीतने वाले गोपी ने पुरुष एलीट स्पर्धा में 42 .195 किमी दो घंटे 14 मिनट और 40 सेकेंड में पूरी की। वह दो घंटे 8 मिनट 10 सेकेंड के पेरिस ओलंपिक के क्वालीफाइंग स्तर से पीछे रहे। 2017 में भी गोपी अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से भी पीछे रहे। 2021 में खिताब जीतने वाले श्रीनू बुगाथा दूसरे स्थान पर जबकि अक्षय सैनी ने तीसरा स्थान हासिल किया।

# अश्विन-कुलदीप ने इंग्लैंड को 145 रन पर समेटा

## चौथे टेस्ट के तीसरे दिन 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की अच्छी शुरुआत

भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला

**रांची, एजेंसी**

ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव के 9 विकेट से चौथे टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को इंग्लैंड की दूसरी पारी को 145 रन पर समेट दिया, जिसके बाद भारत ने 192 रन का पीछा करते हुए बिना विकेट खोए 40 रन बनाकर अपना पलड़ा भारी रखा।

दिन का खेल खत्म होने पर कप्तान रोहित शर्मा 24 जबकि यशस्वी जायसवाल 16 रन पर खेल रहे थे। भारत को जीत के लिए 152 रन की दरकार है। रोहित ने अपनी इस पारी के दौरान टेस्ट क्रिकेट में चार हजार रन पूरे किए। दूसरी पारी में अब तक हुए 8 ओवर में रोहित सकारात्मक नजर आए। वह अब तक 27 गेंद पर 4 चौके मारे चुके हैं। उन्हें जो रूट, टॉम हार्टले और शोएब बशीर का सामना करने में कोई परेशानी नहीं हुई। अश्विन (51 रन पर 5 विकेट) ने इससे पहले 35वीं बार पारी में 5 या इससे अधिक विकेट चटकाए जबकि कुलदीप (22 रन पर 4 विकेट) ने 4 बल्लेबाजों को आउट किया जिससे जैक क्राउली (91 गेंद में 60 रन, 7 चौके) की पारी के बावजूद इंग्लैंड दूसरी पारी में 145 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड के पहली पारी के 353 रन के जवाब में सुबह भारत अपनी पहली पारी में 307 रन पर सिमट गया और 46 रन से पिछड़ गया। ध्रुव जुरेल ने 90 रन की जुझारू पारी खेल टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाया। अश्विन ने रविंद्र जडेजा (56 रन पर 1 विकेट) के साथ दूसरी पारी में नई गेंद से शुरुआत की। उन्होंने पांचवें ओवर में बेन डकेट (15) और ओली पोप (00) को आउट किया। डकेट ने शॉर्ट लेग पर सरफराज खान को कैच थमाया जबकि पोप पगबाधा हुए। अश्विन ने अनिल कुंबले (350 विकेट) के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। अश्विन ने जो रूट (11) को पगबाधा करके इंग्लैंड का स्कोर 3 विकेट पर 65 रन किया। मैदानी अंपायर के आउट न देने पर डीआरएस का फैसला भारत के पक्ष में गया। क्राउली ने इस बीच कुछ शॉट खेलकर इंग्लैंड की बढ़त को 150 रन के पार पहुंचाया। उन्होंने अश्विन और जडेजा के खिलाफ रन बटोरे। उन्होंने जॉनी बेयरस्टो (30) के साथ 67 गेंद में 45 रन की साझेदारी की। पहली पारी में 12 ओवर फेंकने वाले कुलदीप ने तीसरे ओवर में क्राउली को बोल्ड कर इंग्लैंड को चौथा झटका दिया। कुलदीप ने इसके बाद कप्तान बेन स्टोक्स (4) को भी बोल्ड करके इंग्लैंड का स्कोर 5 विकेट पर 120 रन किया। जॉनी बेयरस्टो (30) ने जडेजा की गेंद पर शॉर्ट कवर पर रजत पाटीदार को आसान कैच थमाया। टॉम हार्टले (07) ने जडेजा के ओवर में छक्का जड़ा लेकिन कुलदीप की गेंद पर मिड ऑन पर सरफराज के हाथों लपके गए। इसी ओवर में कुलदीप ने ओली रॉबिन्सन (00) को भी पगबाधा किया। बेन फोक्स (17) और शोएब बशीर (नाबाद 1) ने 12 ओवर तक भारतीय गेंदबाजों को सफलता से दूर रखा लेकिन अश्विन ने फोक्स को अपनी ही गेंद पर लपककर 12 रन की इस साझेदारी को तोड़ दिया। अश्विन ने दो गेंद बाद जेम्स एंडरसन (0) को भी जुरेल के हाथों कैच कराके इंग्लैंड की पारी का अंत किया और 35वीं बार पारी में 5 या इससे अधिक विकेट चटकाने का कारनामा किया। इससे पहले जुरेल ने जुझारू अर्धशतक बनाया। जुरेल ने दबाव का सामना करते हुए 90 रन की पारी खेली। उन्होंने कुलदीप (28) के साथ आठवें विकेट के लिए 76 और आकाश दीप (9) के साथ नौवें विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी की। जुरेल ने 96 गेंद में अर्धशतक पूरा करने के बाद बशीर (119 रन पर 5 विकेट) और टॉम हार्टले (68 रन पर 3 विकेट) की इंग्लैंड की स्पिन जोड़ी के खिलाफ बड़े शॉट खेले। जुरेल ने हार्टले की गेंद पर एक रन के साथ अर्धशतक पूरा किया। उन्हें 59 रन के स्कोर पर ओली रॉबिन्सन ने जीवनदान दिया जिसके बाद उन्होंने बशीर को चौका और छक्का मारा। हार्टले ने हालांकि उन्हें बोल्ड करके शतक से वंचित किया। वह आउट होने वाले अंतिम बल्लेबाज रहे। इससे पहले बशीर ने आकाश को पगबाधा करके अपने दूसरे टेस्ट में पहली बार 5 विकेट चटकाए।





### सबसे ज्यादा विकेट लेकर अश्विन ने रचा इतिहास

**रांची, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच जेएससीए क्रिकेट मैदान में खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच के तीसरे दिन आज आर. अश्विन ने सबसे अधिक विकेट लेने का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। अश्विन ने भारत में खेले अपने 59 टेस्ट मैच में 354 विकेट लेकर यह रिकॉर्ड बनाया है। इससे पहले भारत भूमि पर यह रिकॉर्ड अनिल कुंबले के नाम था जिन्होंने 63 टेस्ट मैच में 350 विकेट चटकाए थे। अश्विन ने आज 35वीं बार टेस्ट मैच की 1 पारी में 5 विकेट लेकर अनिल कुंबले के सबसे अधिक बार पांच विकेट लेने की बराबरी की। विश्व क्रिकेट में अब अश्विन से ज्यादा एक पारी में 5 विकेट लेने का रिकॉर्ड रिचर्ड हैडली, शेन वॉर्न और मुथैया मुरलीधर के नाम है। हैडली ने 36 बार, शेन वॉर्न ने 37 बार और मुथैया मुरलीधरन ने 67 बार 1 पारी में 5 विकेट लिए थे। अनिल कुम्बले ने अपने 132 टेस्ट मैच में 619 विकेट लिए थे जबकि अश्विन ने 99 टेस्ट मैच में 507 विकेट हासिल कर चुके हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवा क्रिकेट टेस्ट मैच 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा और यह अश्विन का 100वां टेस्ट मैच होगा।



भारत में विकेट **354**

अनिल कुंबले ने 63 टेस्ट मैच में 350 विकेट चटकाए थे

### स्कोर बोर्ड

**इंग्लैंड (पहली पारी-353) दूसरी पारी 145/10 (53.5 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जैक क्राउली बो कुलदीप | 60 | 91 | 7/0 |
| बेन डकेट का सरफराज बो अश्विन | 15 | 15 | 2/0 |
| ओली पोप पगबाधा बो अश्विन | 00 | 01 | 0/0 |
| जो रूट पगबाधा बो अश्विन | 11 | 34 | 0/0 |
| जॉनी बेयरस्टो का पाटीदार बो जडेजा | 30 | 42 | 3/0 |
| बेन स्टोक्स बो कुलदीप | 04 | 13 | 0/0 |
| बेन फोक्स का एवं बो अश्विन | 17 | 76 | 0/0 |
| टॉम हार्टले का सरफराज बो कुलदीप | 07 | 25 | 0/1 |
| ओली रॉबिन्सन पगबाधा बो कुलदीप | 00 | 03 | 0/0 |
| शोएब बशीर नाबाद | 01 | 20 | 0/0 |
| जेम्स एंडरसन का जुरेल बो अश्विन | 00 | 03 | 0/0 |

अतिरिक्त : 00, विकेट पतन : 1-19, 2-19, 3-65, 4-110, 5-120, 6-120, 7-133, 8-133, 9-145, 10-145, गेंदबाजी : अश्विन 15 .5-0-51-5, जडेजा 20-5-56-1, सिराज 3-0-16-0, कुलदीप 15-2-22-4

**भारत (पहली पारी) 307/10 (103.2 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो बशीर | 73 | 117 | 8/1 |
| रोहित शर्मा का फोक्स बो एंडरसन | 02 | 09 | 0/0 |
| शुभमन गिल पगबाधा बो बशीर | 38 | 65 | 6/0 |
| रजत पाटीदार पगबाधा बो बशीर | 17 | 42 | 4/0 |
| रविंद्र जडेजा का पोप बो बशीर | 12 | 12 | 0/2 |
| सरफराज खान का रूट बो हार्टले | 14 | 53 | 1/0 |
| ध्रुव जुरेल बो हार्टले | 90 | 149 | 6/4 |
| रविचंद्रन अश्विन पगबधा बो हार्टले | 01 | 13 | 0/0 |
| कुलदीप यादव बो एंडरसन | 28 | 131 | 2/0 |
| आकाश दीप पगबाधा बो बशी | 09 | 29 | 0/1 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 00 | 06 | 0/0 |

अतिरिक्त : 23, विकेट पतन : 1-4, 2-86, 3-112 4-130, 5-161, 6-171, 7-177, 8-253, 9-293, 10-307, गेंदबाजी : एंडरसन 18-4-48-2, रॉबिन्सन 13-0-54-0, बशीर 44-8-119-5, हार्टले 27 .2-6-68-3, रूट 1-0-1-0

**भारत (दूसरी पारी) 40/0 (8 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल खेल रहे | 16 | 21 | 1/0 |
| रोहित शर्मा का खेल रहे | 24 | 27 | 4/0 |

अतिरिक्त : 0, विकेट पतन : 00, गेंदबाजी : बशीर 1-0-1-0, हार्टले 3-0-22-0, रूट 4-0-17-0

## रोज 140 ओवर बल्लेबाजी कर टेस्ट के लिए तैयार हुए जुरेल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में प्रभावित करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने रोजाना नेट सत्र में 4 घंटे स्पिन अलावा सैकड़ों थ्रोडाउन और 14 अलग-अलग गेंदबाजों के खिलाफ खेलकर टेस्ट के लिए खुद को तैयार किया। राजकोट टेस्ट में पदार्पण करने वाले जुरेल ने रविवार को चौथे टेस्ट की पहली पारी में 90 रन बनाए। आगरा के जुरेल ने 18 महीने मेहनत कर खुद को तैयार किया और 'महेंद्र सिंह धोनी जैसी खेल की समझ' के लिए सुनील गावस्कर भी उनकी सराहना कर चुके हैं। मुंबई के पूर्व बल्लेबाज और राजस्थान रॉयल्स के हाई परफॉर्मेंस निदेशक जुबिन भरूचा ने बताया, जुरेल ने टेस्ट की शुरुआत से पहले तलेगांव में रॉयल्स की हाई परफॉर्मेंस अकादमी (एचपीसी) में कड़ी ट्रेनिंग की है।

## प्रदेश के दिव्यम और अर्श भारतीय टीम में

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार:** बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के निर्देशन में यूपी बैडमिंटन एसोसिएशन के समन्वय से बैडमिंटन अकादमी में शनिवार को भारतीय बैडमिंटन टीम का कैंप संपन्न हुआ।

रविवार को जूनियर टीम डच जूनियर इंटरनेशनल और जर्मन ओपन के लिए रवाना होगी। डच ओपन हार्निल (नीदरलैंड) में 28 फरवरी से 3 मार्च तक होगा। जर्मन ओपन 6 से 10 मार्च तक बर्लिन (जर्मनी) में होगा। चयनित जूनियर भारतीय टीम में यूपी के दिव्यम अरोड़ा और अर्श मोहम्मद बतौर युगल जोड़ी चयनित किए गए हैं। ये दोनों अंडर-19 टीम से डच और जर्मन ओपन में अपनी चुनौती पेश करेंगे।



घोषित की गई भारतीय बैडमिंटन टीम।

**बालक अंडर-19 टीम :** ध्रुव नेगी (उत्तराखंड), गगन (हरियाणा), रौनक चौहान (छत्तीसगढ़), गिनीपॉल एस (दिल्ली)। **बालिका अंडर-19 टीम :** सूर्या तामिरी, नव्या (आन्ध्र प्रदेश), तन्वी रेड्डी (तेलंगाना), तन्वी पात्री (ओडिसा)। **बालक अंडर-19 युगल टीम :** भागर्व राम, विश्वतेज (आन्ध्र प्रदेश), दिव्यम अरोड़ा, अर्श मोहम्मद (यूपी)। **बालिका अंडर-19 युगल टीम :** श्रीनिधि एन (तमिलनाडु), मान्या (पंजाब), प्रगति, वंशिका टोप्पो (ओडिसा)। **मिश्रित युगल टीम :** दिव्यम अरोड़ा, वेन्नाला एके (तेलंगाना), भव्या छाबड़ा (दिल्ली), मान्या (पंजाब)।

## अमेलिया के प्रदर्शन से मुंबई ने गुजरात को हराया

### मुंबई ने पांच विकेट से मैच जीतकर लीग में लगातार दूसरी जीत दर्ज की

**बेंगलुरु, एजेंसी**




अमेलिया केर के ऑलराउंड प्रदर्शन और कप्तान हरमनप्रीत कौर की शानदार बल्लेबाजी की मदद से मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस ने रविवार को गुजरात जायंट्स को 5 विकेट से हराकर महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

गुजरात ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद 9 विकेट पर 126 रन बनाए। अपने पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स को हराने वाली मुंबई ने 18.1 ओवर में 5 विकेट पर 129 रन बनाकर अपना विजय अभियान जारी रखा। मुंबई की शुरुआत अच्छी नहीं रही। एक समय उसका स्कोर 3 विकेट पर 49 रन था। हरमनप्रीत (41 गेंद पर नाबाद 46) और केर (25 गेंद पर 31 रन) ने यहीं से चौथे विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई। इन दोनों के अलावा नेट साइवर ब्रंट ने 22 रन का योगदान दिया। हरमनप्रीत ने अपनी पारी में 5 चौकों के अलावा विजयी छक्का भी लगाया। इससे पहले अनुभवी तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल ने गुजरात के शीर्ष क्रम को झकझोर कर रख दिया। उन्होंने 18 रन देकर 3 विकेट लिए। लेग स्पिनर केर ने मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाजों को नहीं चलने दिया तथा अपने कोटे के 4 ओवर में 17 रन देकर 4 विकेट लिए। गुजरात के केवल चार बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे, जिनमें नौवें नंबर की बल्लेबाज तनुजा कंवर ने सर्वाधिक 28 रन का योगदान दिया। उन्होंने कैथरीन ब्राइस (नाबाद 25) के साथ आठवें विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी करके टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। इन दोनों के अलावा कप्तान बेथ मूनी ने 24 और एश्ले गार्डनर ने 15 रन का योगदान दिया। पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद गुजरात का स्कोर 11 ओवर के बाद 5 विकेट पर 58 रन था।





## बॉलीवुड हलचल


### 'सारिपोधा सनिवारम' का टीजर रिलीज




मुंबई, एजेंसी। नैचुरल स्टार नानी की एक्शन से भरपूर फिल्म 'सारिपोधा सनिवारम' का टीजर रिलीज हो गया है। विवेक आत्रेया द्वारा निर्देशित और डीवीवी दानय्या द्वारा डीवीवी एंटरटेनमेंट के तहत निर्मित, फिल्म 'सारिपोधा सनिवारम' का दूसरा मुख्य शेड्यूल हाल ही में पूरा किया गया था और अब निर्माताओं ने 'सारिपोधा सनिवारम' की आधिकारिक टीज़र कर दिया गया है।मल्टिलिंगवल रिलीज, यह फिल्म तेलुगु, तमिल, कन्नड़, हिंदी और मलयालम में रिलीज होगी। 'सारिपोधा सानिवारम' के टीजर में नेचुरल स्टार नानी को 'सूर्या' के रूप में पेश किया गया है, जो एक एक्शन स्टार के रूप में नजर आ रहे हैं।

### सिद्धार्थ की 'योद्धा' का गाना जिंदगी तेरे नाम जारी

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की आने वाली फिल्म योद्धा का पहला गाना जिंदगी तेरे नाम रिलीज हो गया है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी 'योद्धा' का निर्माण करण जौहर ने किया है। 'योद्धा' का पहला गाना जिंदगी तेरे नाम रिलीज हो गया है। जिंदगी तेरे नाम गाने में सिद्धार्थ मल्होत्रा और राशि खन्ना की रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिली है। इस गाने को विशाल मिश्रा ने गाया और कंपोज भी किया है। लिरिक्स विशाल और कौशल किशोर ने लिखी है। 'ज़िंदगी तेरे नाम' गाना को लेकर सिद्धार्ध मल्होत्रा ने कहा कि यह गाना मेरे लिए बहुत खास है। यह प्यार और समर्पण की भावना को दर्शाता है। मुझे उम्मीद है कि यह गाना दर्शकों को पसंद आएगा और उनके दिलों को छू जाएगा। राशि खन्ना ने कहा कि ज़िंदगी तेरे नाम सिर्फ शब्द नहीं, एक एहसास है। प्यार में डूबे दिल की धड़कन से जुड़ा यह गाना "योद्धा" में प्यार की कहानी बयान करता है।



### करीना और तब्बू की फिल्म 'क्रू' का टीजर रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की आने वाली फिल्म 'क्रू' का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म 'क्रू' के टीजर में करीना कपूर, तब्बू और कृति सैनन एयर होस्टेस बनकर फुल ऑन ड्रामा करती नजर आ रही हैं। फिल्म के टीजर की शुरुआत 'कुर्सी की पेटी बांध लीजिए क्योंकि यहां का तापमान आपके लिए बहुत गर्म होने वाला है' जैसे डायलॉग से होती है। टीजर में दिखाया गया है कि तब्बू, कृति सैनन और करीना कपूर अपनी एयर होस्टेस की नौकरी से बेहद परेशान हो चुकी हैं और इससे पीछा छुड़ाने के लिए कुछ भी करने लग जाती हैं। 'क्रू' के टीजर को कृति सैनन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा है, कुर्सी की पेटी बांध लीजिए क्योंकि यहां का तापमान आपके लिए बहुत गर्म होने वाला है। टीजर में कपिल शर्मा भी दिखाई दे रहे हैं। इस फिल्म को बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनाया गया है जिसके निर्देशक राजेश कृष्णन हैं। यह फिल्म 29 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### गोल्डी और निकिता का 'देवरा के रंग' जारी

**मुंबई।** गायिका गोल्डी यादव और अभिनेत्री निकिता भारद्वाज का होली सांग 'देवरा के रंग' रिलीज हो गया है। भोजपुरी होली गीत 'देवरा के रंग' को वर्ल्डवाइड रिकॉड्‌र्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। वर्ल्डवाइड रिकॉड्‌र्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'देवरा के रंग' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को गीतकार आशुतोष तिवारी ने लिखा है, जबकि संगीतकार आर्या शर्मा ने दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता, डिजाइनर बादशाह खान हैं। मिक्स मास्टर अंकित अहीर, डीआई रोहित सिंह, प्रोडक्शन पंकज सोनी ने किया है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉड्‌र्स के पास है।



### विज्ञापनों से शाहिद ने की थी शुरुआत



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर आज 43 वर्ष के हो गए। 25 फरवरी 1981 को दिल्ली में जन्में शाहिद कपूर को अभिनय की कला विरासत में मिली। शाहिद कपूर के पिता पंकज कपूर जाने-माने अभिनेता है। शाहिद ने कॅरियर की शुरुआत विज्ञापनों से की। बतौर अभिनेता शाहिद ने कॅरियर की शुरूआत 2003 में प्रदर्शित फिल्म इश्क विश्क से की। फिल्म को औसत सफलता मिली। इस फिल्म के लिए शाहिद फिल्म फेयर की ओर से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के डेब्यू पुरस्कार से सम्मानित किए गए। इश्क विश्क के बाद शाहिद ने फिदा, दिल मांगे मोर, दीवाने हुए पागल, वाह लाइफ हो तो ऐसी, शिखर, 36 चाइना टाउन, चुप चुप के जैसी फिल्मों में काम किया, लेकिन सभी फिल्में टिकट खिड़की पर ढेऱ हो गई। 2006 में शाहिद को सूरज बड़जात्या की फिल्म विवाह में काम का अवसर मिला। शाहिद ने संजीदा अभिनय कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फिल्म सुपरहिट साबित हुई। इसके साथ शाहिद फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गए। 2007 में प्रदर्शित फिल्म जब वी मेट शाहिद के करियर की उल्लेखनीय फिल्मों में शुमार की जाती है। इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी इस फिल्म में शाहिद और करीना की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया।

### सेना में काम करना चाहते थे डैनी



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता डैनी 76 वर्ष के हो गए। 25 फरवरी 1948 को जन्में डैनी बचपन के दिनों में सेना में काम करना चाहते थे। डैनी ने पश्चिम बंगाल से सर्वश्रेष्ठ कैडेट का पुरस्कार जीता और गणतंत्र दिवस के मौके पर परेड में भाग भी लिया। बाद में देश के प्रतिष्ठित आर्म फोर्सेज मेडिकल कॉलेज पुणे में उनका चयन भी हो गया लेकिन उन दिनों उनका मन चिकित्सक बनने की बजाय किसी अभिनेता बनने की ओर हो गया और उन्होने पुणे फिल्म इंस्टीच्यूट में अभिनय के प्रशिक्षण के लिये दाखिला ले लिया। अभिनय का प्रशिक्षण लेने के बाद डैनी ने अपने सिने कैरियर की शुरूआत नेपाली फिल्म सलिनो से की जो टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुई। इस बीच उन्होंने नेपाली फिल्मों के लिए पाश्र्वगायन भी किया। सत्तर के दशक में अभिनेता बनने का सपना लिए डैनी मुंबई आ गए। अपने वजूद को तलाशते वह लगभग तीन वर्ष तक संघर्ष करते रहे। इस बीच उन्होंने रॉखी और हथकड़ी, मिलाप, जरूरत, नया नशा, नई दुनिया नए लोग, चालाक और खून-खून जैसी कई बी ग्रेड फिल्मों में काम किया लेकिन ये सभी टिकट खिड़की पर असफल साबित हुई।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली, पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

